CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मेरठ, शुक्रवार 16 जनवरी 2026 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 227 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम : 16⁰C
न्यूनतम : 05⁰C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 | 26 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



वाशिंगटन सुंदर न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज से हुए बाहर खेल टाइम्स



भारत से संघर्ष के बाद हमारे फाइटर-जेट्स डिमांड में: पाकिस्तान पेज 12





# 25 करोड़ भारतीय गरीबी से बाहर निकले: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

### 28वें CSPOC का पीएम ने किया उद्घाटन

### 42 देशों के 61 स्पीकर्स शामिल



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को संसद परिसर में 28वें कॉमनवेल्थ स्पीकर्स और प्रेसाइडिंग ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस (सीएसपीओसी) का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। पिछले कुछ सालों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं।

पीएम मोदी ने कॉन्फ्रेंस में कहा कि भारत में यूपीआई दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल पेमेंट सिस्टम है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीन प्रोड्यूसर है। दुनिया का नंबर-2 स्टील प्रोड्यूसर है। दुनिया का तीसरा बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा एविएशन मार्केट है। दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है। दुनिया का तीसरा बड़ा मेट्रो रेल नेटवर्क है। सम्मेलन की अध्यक्षता लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला संभाल रहे हैं। इसमें कॉमनवेल्थ के 42 देशों से 61 स्पीकर्स और प्रेसाइडिंग ऑफिसर्स शामिल हो रहे हैं। सम्मेलन 14 से 16 जनवरी यानी तीन दिनों तक चलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अश्लील कंटेंट के बीच X ने किया नियमों को सख्त

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने अश्लील और आपत्तिजनक कंटेंट की शिकायतों के बाद अपने नियमों को सख्त करते हुए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) चैटबॉट ग्रोक के लिए नए सुरक्षा नियम लागू किए हैं। एक्स ने नए नियमों के तहत असली लोगों की आपत्तिजनक कपड़ों में तस्वीरों को संपादित करने पर रोक लगाना, चित्र बनाने की सुविधा सिर्फ पेड उपभोक्ताओं तक सीमित करना और ऐसे इलाकों में जियोब्लॉकिंग शुरू करना शामिल है जहां ऐसा कंटेंट गैर-कानूनी है, जो उपभोक्ता सुरक्षा और कानूनी पालन के प्रति प्लेटफॉर्म की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। एक्स ने कहा कि हमने ग्रोक खाते को बिकनी जैसे आपत्तिजनक कपड़ों में असली लोगों की तस्वीरों को संपादित करने से रोकने के लिए तकनीकी उपाय लागू किए हैं।

### मणिकर्णिका घाट पर बुलडोजर से धरोहर को मिटाना दुर्भाग्यपूर्ण : प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर बुलडोजर चलाकर मोदी योगी की डबल इंजन सरकार देश की सदियों पुरानी विरासत को ध्वस्त कर घोर पाप कर रही है। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि इस ऐतिहासिक और सदियों पुरानी धरोहर पर बुलडोजर का इस्तेमाल देश की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को ध्वस्त करना है और ऐसा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विकास के नाम पर चंद लोगों के हित के लिए काशी की धार्मिक पहचान मिटाने पर लगे हैं। श्रीमती वाड्रा ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि बनारस में मणिकर्णिका घाट पर बुलडोजर चलाकर सदियों पुरानी धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को ध्वस्त करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

### चुनावी राज्यों की तैयारी में जुटी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी असम, तमिलनाडु, केरल और पश्चिम बंगाल में चुनावी तैयारी में जुट गई है, जहां अगले कुछ महीनों में विधानसभा चुनाव संभावित है। इन राज्यों के नेताओं को एक-एक करके दिल्ली बुलाया जा रहा है और पहली बैठक 16 जनवरी को होगी। कांग्रेस असम विधानसभा चुनाव में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती है। यही वजह है कि पार्टी के बड़े नेताओं को लगातार बड़ी जिम्मेदारी असम में दी जा रही है।

# आई-पैक: ईडी अफसरों पर नहीं होगी FIR

## सुप्रीम कोर्ट ने प.बंगाल सरकार व डीजीपी को जारी किया नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कोलकाता में बीते आठ जनवरी को आई-पैक के कार्यालय और उसके डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर हुई प्रवर्तन निदेशालय की रेड को लेकर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। इस मामले में ईडी और पश्चिम बंगाल सरकार के बीच तीखी बहस देखने को मिली। सुप्रीम कोर्ट में अब अगली सुनवाई 3 फरवरी को होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार और राज्य के डीजीपी को नोटिस जारी किया है। अदालत ने दोनों को दो हफ्ते में जवाब देने का आदेश दिया है। अदालत ने ईडी की याचिका पर नोटिस जारी किया। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अगली सुनवाई तक ईडी अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर पर रोक रहेगी। कोर्ट ने कहा कि एजेंसी के काम में दखल नहीं दे सकती। कोर्ट ने सीसीटीवी समेत सभी दस्तावेजों को सुरक्षित रखने का आदेश भी दिया। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस विपुल पंचोली की पीठ ने कहा है कि वह इस मामले में नोटिस जारी कर तथ्यों की जांच करेगी। कोर्ट ने कोलकाता हाईकोर्ट में ईडी की याचिका की सुनवाई के दौरान हुई अव्यवस्था पर भी गंभीर चिंता जताई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि एजेंसी 14 जनवरी को हाईकोर्ट में हुई सुनवाई से संतुष्ट नहीं है। उन्होंने बताया कि सुनवाई के दौरान ईडी को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा। ईडी ने आरोप लगाया कि कोर्ट रूम में बार-बार माइक बंद हो रहा था, जिससे पक्ष रखने में दिक्कत आई। इसके अलावा, सुनवाई के दौरान भीड़ जुटाने के लिए बसों और गाड़ियों की व्यवस्था की गई थी। ईडी के अनुसार, हालात ऐसे हो गए थे कि कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश को आदेश देना पड़ा कि वकीलों के अलावा किसी अन्य को कोर्ट में प्रवेश न दिया जाए। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि भीड़ ऐसे बुला ली गई थी, जैसे कोई प्रदर्शन स्थल जंतर-मंतर हो। कोर्ट ने इस पूरे घटनाक्रम को गंभीर बताते हुए मामले की जांच का संकेत दिया। ईडी ने कोर्ट में आरोप लगाया कि रेड के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मौके पर पहुंचीं और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों व अहम दस्तावेजों को जबरन अपने साथ ले गईं। ईडी की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और विपुल पंचोली की पीठ को बताया कि कहा कि मुख्यमंत्री के साथ बंगाल के डीजीपी और बड़ी पुलिस टीम भी मौजूद थी।

### पूर्व मंत्री लखमा व अन्य को दी अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री कवासी लखमा और करोड़ों रुपये के शराब घोटाले से जुड़े अन्य आरोपियों को गुरुवार को अंतरिम जमानत देते हुए निर्देश दिया कि उनकी याचिकाओं को विस्तृत विचार के लिए मुख्य मामलों के साथ सूचीबद्ध किया जाए।

पीठ ने जमानत याचिकाओं पर सुनवाई की और याचिकाकर्ताओं को अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया।

**अगली सुनवाई तीन फरवरी को होगी, कोर्ट ने स्पष्ट किया अगली सुनवाई तक ईडी अफसरों के खिलाफ FIR पर रोक रहेगी**



### फिल्म 'जन नायकन' पर सुनवाई से किया इन्कार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को अभिनेता विजय की फिल्म 'जन नायकन' संबंधी याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया और याचिकाकर्ता को मद्रास उच्च न्यायालय के समक्ष जाने को कहा। उच्चतम न्यायालय ने इस मसले पर उच्च न्यायालय को 20 जनवरी तक निर्णय लेने का निर्देश भी दिया।

### दिल्ली में एयर इंडिया का विमान बैगेज कंटेनर से टकराया

**नई दिल्ली।** दिल्ली एयरपोर्ट पर गुरुवार सुबह एयर इंडिया का विमान बैगेज कंटेनर से टकरा गया। एयरलाइन ने बताया कि घने कोहरे में एयरबस ए350 विमान को पार्किंग के लिए ले जाया जा रहा था, तभी यह घटना हुई। हादसे में विमान के इंजन को नुकसान पहुंचा है। विमान में सवार सभी पैसेंजर और क्रू मेंबर्स सुरक्षित हैं। एयरबस ए350 की फ्लाइट एआई 101 दिल्ली से न्यूयॉर्क के बीच चलती है। ईरानी हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण फ्लाइट को अपना मार्ग बदलना पड़ा और वह वापस दिल्ली लौट आई थी।

# श्रीनगर में पारा माइनस 5.2 डिग्री, डल झील जमी

## राजस्थान में -3 डिग्री, हरियाणा में शून्य के करीब तापमान

**उत्तराखंड के दो जिलों में स्कूल बंद**



**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में कड़ाके की सर्दी जारी है। कश्मीर में न्यूनतम तापमान पिछले कई दिनों से शून्य से नीचे है। इसके कारण बुधवार को प्रसिद्ध डल झील और कश्मीर के कई जल स्रोत जम गए।

श्रीनगर में मंगलवार की रात न्यूनतम तापमान -5.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इधर, राजस्थान में भी तापमान माइनस में पहुंच गया है। बुधवार को हिल स्टेशन माउंट आबू में तापमान माइनस 3 डिग्री रहा। सीकर के फतेहपुर में तापमान 0.2 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। राज्य में 19 जनवरी से हल्की बारिश की संभावना है। पहाड़ों से आ रही सर्द हवाओं ने हरियाणा में गलन बढ़ा दी है। यहां 8 जिलों में बुधवार को पारा 8 डिग्री तक गिर गया। हिसार में सर्दी का पिछले दो साल का रिकॉर्ड टूट गया। यहां न्यूनतम तापमान 0.5 डिग्री दर्ज हुआ। हिसार में 15 जनवरी, 2025 को 3.5 डिग्री और 16 दिसम्बर, 2024 को 1.1 डिग्री तक पहुंचा था। उत्तराखंड के हरिद्वार और ऊधम सिंह नगर में भीषण सर्दी के कारण गुरुवार को 12वीं क्लास तक के स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली और पिथौरागढ़ में बारिश और बर्फबारी का अलर्ट है। यहां नदी और झरनों में पानी जम गया है।

# ईरान से भारतीय नागरिकों को निकालने की तैयारियां शुरू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ईरान में पिछले 15 दिनों से जारी हिंसा और विरोध प्रदर्शनों के चलते स्थिति बेहद ही भयावह हो गई है। भारत सरकार ईरान में फंसे नागरिकों को निकालने की तैयारी कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, भारत सरकार नागरिकों को वापस लाने के लिए शुक्रवार से अभियान शुरू कर सकती है।

सूत्रों के अनुसार, विदेश मंत्रालय ईरान में मौजूदा अस्थिर स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रहा है और उन भारतीय नागरिकों की घर वापसी की सुविधा प्रदान करने के लिए व्यापक तैयारियां कर रहा है, जो भारत लौटने के इच्छुक हैं। ईरान में पिछले 15 दिनों से विरोध प्रदर्शनों और हिंसा का सिलसिला जारी है, जिसने वहां की आंतरिक स्थिति को अत्यंत गंभीर बना दिया है। रिपोर्टों के अनुसार, सुरक्षा की दृष्टि से स्थिति अब भयावह स्तर तक पहुंच गई है। इससे वहां रह रहे विदेशी नागरिकों, विशेषकर भारतीयों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। इस उभरती हुई परिस्थिति को देखते हुए, केंद्र सरकार ने प्राथमिकता के आधार पर अपने नागरिकों को वहां से निकालने की योजना को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। आधिकारिक सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार, भारत सरकार ईरान में फंसे नागरिकों को वापस लाने के लिए शुक्रवार से एक विशेष अभियान की शुरुआत कर सकती है। विदेश मंत्रालय वर्तमान में उन नागरिकों का डेटा और विवरण जुटाने और व्यवस्था करने की प्रक्रिया में है, जो वर्तमान परिस्थितियों के कारण भारत वापस आने की इच्छा रखते हैं। ईरान में अस्थिरता का यह दौर पिछले महीने के अंत में ईरानी मुद्रा रियाल की कीमतों में भारी गिरावट के बाद शुरू हुआ। आर्थिक संकट से उपजा यह असंतोष अब एक व्यापक राजनीतिक आंदोलन में बदल चुका है, जो ईरान के सभी 31 प्रांतों में फैल गया है। ईरान में वर्तमान में इंटरनेट सेवाएं निलंबित हैं और टेलीफोन लाइनें भी केवल रुक-रुक कर काम कर रही हैं। इस संचार अवरोध के कारण, तेहरान स्थित भारतीय दूतावास के अधिकारी व्यक्तिगत रूप से विभिन्न क्षेत्रों में जाकर भारतीय छात्रों और अन्य नागरिकों से संपर्क कर रहे हैं।

### ईरान से गुजरने वाली कई भारतीय उड़ानें रद्द, अन्य के मार्ग बदले

**नई दिल्ली।** भारतीय विमान सेवा कंपनियों ने ईरान के ऊपर से गुजरने वाली कई उड़ानें रद्द कर दी हैं जबकि कई अन्य के मार्गों में बदलाव किया गया है। ईरान द्वारा वाणिज्यिक उड़ानों के लिए उसके हवाई क्षेत्र को बंद किए जाने के बाद यह फैसला लिया गया है। टाटा समूह की एयर इंडिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि ईरान में बने घटनाक्रम, उसके बाद हवाई क्षेत्र बंद किए जाने और यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर उस क्षेत्र से गुजरने वाली उड़ानों के मार्ग बदले गए हैं, जिससे उड़ानों में देरी हो सकती है। उसने कहा है कि जिन उड़ानों के मार्ग बदलना फिलहाल संभव नहीं है उन्हें रद्द कर दिया गया है। उसने यात्रियों को हवाई अड्डों के लिए निकलने से पहले उड़ान की स्थिति की जानकारी लेने की सलाह दी है और इस असुविधा के लिए खेद जताया है।

**■ आज से शुरू होगा भारत वापस लाने का अभियान**

# दिल्ली में सर्दी का सितम जारी न्यूनतम तापमान 2.3 डिग्री पहुंचा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में लगातार पांचवें दिन भी शीतलहर की स्थिति बनी रही। मौसम केंद्र सफदरजंग में गुरुवार को न्यूनतम तापमान गिरकर 2.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस इलाके में मौसम का सबसे कम तापमान है।

मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार पालम में न्यूनतम तापमान 2.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो दिल्ली में सबसे कम और सामान्य से लगभग पांच डिग्री सेल्सियस नीचे है। ठंड का असर पूरी राष्ट्रीय राजधानी में देखने को मिला। मौसम विभाग के अनुसार आयानगर में न्यूनतम तापमान 2.7 डिग्री सेल्सियस, लोधी रोड पर 3.4 डिग्री सेल्सियस और रिज में न्यूनतम तापमान 4.5 सेल्सियस दर्ज किया गया। गौरतलब है कि मौसम विभाग वास्तविक न्यूनतम तापमान चार डिग्री सेल्सियस या उससे कम हो जाने पर शीतलहर के तौर पर परिभाषित करता है।

### दिल्ली में घने कोहरे के कारण 20 से अधिक उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर और देश के अन्य शहरों में घने कोहरे के कारण गुरुवार को यहां आईजीआई हवाई अड्डे पर 20 से अधिक उड़ानें रद्द रहीं, जबकि 100 से अधिक उड़ानों में देरी की सूचना है। आईजीआई हवाई अड्डे की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली आने वाली 11 और यहां से जाने वाली भी इतनी ही उड़ानें रद्द हैं। इसके अलावा आगमन और प्रस्थान की कुल 100 से अधिक उड़ानों में देरी की सूचना है।

## संक्षिप्त समाचार

### काशी एक्सप्रेस ट्रेन में बम की धमकी देने वाले आरोपी गिरफ्तार

**वाराणसी।** काशी एक्सप्रेस ट्रेन में बम होने की झूठी सूचना देकर सनसनी फैलाने वाले आरा. पी को पुलिस ने मुंबई से गिरफ्तार कर लिया है। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के सहायक पुलिस आयुक्त कुंवर प्रभात सिंह ने गुरुवार को बताया कि वाराणसी और मऊ पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में जीआरपी ने आरोपी राजेश शुक्ला को मुंबई से पकड़कर वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन लाया है। यह राजेश शुक्ला की तीसरी ऐसी हरकत है। इससे पहले वह दो बार इसी प्रकार की फर्जी बम धमकी दे चुका है और जेल भी जा चुका है। सिंह ने बताया कि आरोपी ने 18 नवम्बर 2025 और 6 जनवरी 2026 को प्रयागराज कंट्रोल रूम पर फोन कर काशी एक्सप्रेस में बम रखे होने की झूठी सूचना दी थी।

### सुरक्षा एजेंसियां करेंगी संयुक्त आपदा प्रतिक्रिया अभ्यास

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मशहूर स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में सार्वजनिक सुरक्षा उपायों के तहत सुरक्षा बलों के जवान गुरुवार को संयुक्त रूप से आपदा तैयारी और सुरक्षा प्रतिक्रिया रिहर्सल करेंगे। इस संयुक्त अभ्यास में पुलिस, सेना, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और सीमा सुरक्षा बल के जवान शामिल होंगे। इसका मकसद एजेंसियों के बीच तालमेल को मजबूत करना और प्रतिक्रिया की तैयारी का आकलन करना है। पुलिस ने गुरुवार को कहा कि यह रिहर्सल पूरी तरह से एहतियाती है और इसका मकसद भाग लेने वाली सेनाओं के बीच तैयारी के स्तर, प्रतिक्रिया तंत्र और इंटर-एजेंसी तालमेल का आकलन करना है। उन्होंने कहा कि अभ्यास के दौरान, सुरक्षाकर्मी इलाके में और उसके आसपास एरिया डोमिनेशन, रूटीन तलाशी और सार्वजनिक सहायता गतिविधियां करते हुए देखे जा सकते हैं।

### मायावती ने अपने 70वें जन्मदिन के मौके पर किया ऐलान

# 2027 चुनाव में अकेले अपने दम पर लड़ेगी बसपा

**पांचवीं बार बनेगी बीएसपी की सरकार**



- कहा: गठबंधन से पार्टी को नुकसान होता है, अपर कास्ट का वोट दूसरे दलों में चला जाता है
- जन्मदिन के अवसर पर बुलाई गई प्रेस कांफ्रेंस के दौरान शार्ट सर्किट होने से हाल में धुआं पसरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने अपने 70वें जन्मदिन के मौके पर लखनऊ स्थित बसपा प्रदेश मुख्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि बसपा आगामी चुनाव किसी से गठबंधन नहीं करेगी और अकेले दम पर मैदान में उतरेगी। इस दौरान उन्होंने ब्लू बुक के 21वें संस्करण का विमोचन भी किया।

गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस करते हुए मायावती ने कहा कि बसपा सुप्रीमो ने साफ कहा कि गठबंधन से पार्टी को नुकसान होता है, क्योंकि अपर कास्ट का वोट दूसरे दलों में चला जाता है। उन्होंने कहा कि भविष्य में बसपा सभी चुनाव अकेले लड़ेगी। जब अपर कास्ट का भरोसा पूरी तरह बसपा पर हो जाएगा, तब गठबंधन पर विचार होगा, लेकिन इसमें अभी समय लगेगा। मायावती ने आरोप लगाया कि प्रदेश की मौजूदा और पूर्व की सरकारें बसपा सरकार की योजनाओं का नाम बदलकर चला रही हैं, लेकिन उससे आमजन को कोई वास्तविक लाभ नहीं हो रहा। उन्होंने कहा कि बसपा को रोकने के लिए भाजपा, कांग्रेस और अन्य जातिवादी दल लगातार भ्रम फैलाकर पार्टी को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कार्यकर्ता इसका मुंहतोड़ जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, बीजेपी सहित अन्य जातिवादी पार्टियां अलग-अलग हथकंडे अपना रही हैं। इनको मुंहतोड़ जवाब देकर यूपी में पांचवीं बार बसपा की सरकार बनानी है। उन्होंने कहा कि शीतकालीन सत्र में भाजपा और कांग्रेस के विधायक अपनी उपेक्षा से नाराज होकर जुटे थे। बसपा ने ब्राह्मण को भागीदारी दी। लखनऊ में भाजपा ब्राह्मण विधायकों की बैठक को लेकर उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ सरकार में ब्राह्मणों की स्थिति अच्छी नहीं है। हमारी सरकार में ब्राह्मणों का सम्मान किया गया। ब्राह्मणों को किसी भी पार्टी की बाटी चोखे की जरूरत नहीं है। भाजपा में ब्राह्मण समाज की उपेक्षा है। कुछ यही हाल सपा और कांग्रेस में है। ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य समाज का बसपा सरकार पूरा ध्यान रखेगी। बसपा ने हमेशा ही उनका सम्मान किया है। बसपा ऐसी पार्टी है जिसने सभी जातियों और धर्मो का सम्मान किया है। सुश्री मायावती ने सरकारों पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि कांशीराम के मरने पर राष्ट्रीय शोक नहीं घोषित किया। उनकी उपेक्षा की गई। दूसरी जातियों के साथ मुस्लिम समाज के साथ अन्याय हो रहा।

### मुख्यमंत्री ने मायावती को दी जन्मदिन शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती को उनके जन्मदिन के अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। योगी ने कहा कि प्रभु श्री राम से वह सुश्री मायावती के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखद जीवन की कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में सक्रिय व्यक्तित्वों का अनुभव और योगदान लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करता है। मुख्यमंत्री द्वारा दी गई शुभकामनाओं के बाद राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्रों से भी सुश्री मायावती को बधाइयां मिलने का सिलसिला जारी है। उनके समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश भर में जन्मदिन को उत्साहपूर्वक मनाया। गौरतलब है कि बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री मायावती ने अपने 70वें जन्मदिन के अवसर पर एक अहम प्रेस कांफ्रेंस कर प्रदेश की राजनीति में बड़ा संदेश दिया।

## लोकतांत्रिक प्रक्रिया को ज्यादा पारदर्शी बनाना जरूरी: बिरला

नई दिल्ली, वार्ता



- 28वें राष्ट्रमंडल देशों के अध्यक्षों तथा पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में बोले लोकसभा अध्यक्ष व राज्यसभा में उपसभापति

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला तथा राज्यसभा में उपसभापति हरिवंश ने जन आकांक्षाओं पर खरा उतरने की संसदीय चुनौतियों से निपटने के लिए राष्ट्रमंडल देशों के अध्यक्षों तथा पीठासनी अधिकारियों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया के अनुभव साझा करने की जरूरत पर बल दिया और कहा कि इससे समाज के हर वर्ग तक कल्याण की योजनाओं का लाभ पहुंचेगा और संसदीय प्रक्रिया को ज्यादा विचार विमर्श तथा पारदर्शी बनाया जा सकेगा।

श्री बिरला तथा श्री हरिवंश ने गुरुवार को यहां संसद भवर परिसर के संविधान सदन में 28वें राष्ट्रमंडल देशों के अध्यक्षों तथा पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का लोकतंत्र दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र अपनी उन खूबियों से बना है जिसमें समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण की योजनाओं पर निष्पक्ष विचार-विमर्श होता है और फिर उसका पूरा लाभ समाज के हर वर्ग को मिलता है। उनका कहना था कि यही कारण है कि भारत आज दुनिया में लोकतंत्र का नेतृत्व कर रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व नेतृत्व में हमारी लोकतांत्रिक प्रक्रिया निरंतर मजबूत हो रही है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि भारत को लोकतंत्र की जननी कहा जाता है और लोकतांत्रिक मूल्यों और संसदीय परंपराओं को मजबूत करने में वैश्विक नेतृत्व कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन संसदीय सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने का प्रभावी मंच है और इसमें जो सुधार हुए हैं, उसी का परिणाम है कि भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हुआ है। भारत की संसद ने सात दशकों से अधिक की यात्रा में जन-केंद्रित नीतियों, कल्याणकारी कानूनों और निष्पक्ष निर्वाचन प्रणाली के माध्यम से लोकतंत्र को सशक्त बनाया है, जिससे प्रत्येक नागरिक की लोकतंत्र में भागीदारी सुनिश्चित हुई है और इससे लो. कतंत्र में लोगों की आस्था बढ़ी है। श्री बिरला ने कहा कि संसद और सरकार के साझा प्रयासों से अनावश्यक कानूनों को हटाया गया और जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप नीतियां बनाई गईं, जिसके परिणामस्वरूप देश आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लक्ष्य की ओर दृढ़ता से आगे बढ़ रहा है।

### नैतिक एआई और जिम्मेदार सोशल मीडिया समय की आवश्यकता

एआई और सोशल मीडिया ने लोकतांत्रिक संस्थाओं की दक्षता-कार्यकुशलता का जिक्र किया और कहा कि इनके दुरुपयोग से गलत सूचना और सामाजिक विभाजन जैसी चुनौतियां भी सामने आई हैं इसलिए नैतिक एआई और जिम्मेदार सोशल मीडिया समय की आवश्यकता है। उनका कहना था कि भारत की संसद और विधान मंडलों में डिजिटल तकनीक और एआई का उपयोग बढ़ रहा है। पेपरलेस व्यवस्था और साझा डिजिटल प्लेटफॉर्म ने पारदर्शिता, दक्षता और उत्तरदायित्व की नई मिसाल कायम की है। लोकसभा अध्यक्ष ने संसदों की निष्पक्षता और जनता के विश्वास को लोकतंत्र की आत्मा बताया।

## उत्तर प्रदेश में बनेंगे छह नॉर्थ-साउथ हाईवे कॉरिडोर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में उत्तर-दक्षिण दिशा में सड़क संपर्क को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से राज्य सरकार छह नए नॉर्थ-साउथ हाईवे कॉरिडोर विकसित करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन प्रस्तावित कॉरिडोर परियोजनाओं को सैद्धांतिक सहमति प्रदान कर दी है। इनके निर्माण से प्रदेश के कई जिलों में आवागमन सुगम होगा और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार इन कॉरिडोरों के विभिन्न पैकेजों के कार्ययोजना प्रस्तावित किए जा चुके हैं। कैबिनेट से स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा, जिसे दो वर्ष के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रस्तावित छह कॉरिडोर उत्तर प्रदेश के उत्तर और दक्षिणी हिस्सों को सीधे जोड़ेंगे। इनमें प्रमुख रूप से इकौना (श्रावस्ती) से प्रयागराज तक लगभग 262 किलोमीटर लंबा कॉरिडोर शामिल है, जो गोंडा, बलरामपुर, अयोध्या और सुलतानपुर से होकर गुजरेगा। इस मार्ग को सिक्स लेन ग्रीनफील्ड हाईवे के रूप में विकसित किए जाने की योजना है। इसी तरह लखीमपुर-सी तापुर- लखनऊ- नवाबगंज- लालगंज- चौडारा- जौनिया-ललौली होते हुए बांदा तक एक अन्य लंबा कॉरिडोर प्रस्तावित है, जिसकी कुल लंबाई लगभग 502 किलोमीटर बताई जा रही है।

## सेना दिवस पर सैन्यकर्मियों व उनके परिजनों को शुभकामनाएं दी

नई दिल्ली, वार्ता



राष्ट्रपति और तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 78वें सेना दिवस पर सेना के जवानों, अधिकारियों और उनके परिवार. जनों को शुभकामनाएं दी हैं।

श्रीमती मुर्मू ने गुरुवार को अपने संदेश में कहा कि सेना दिवस पर हमारे बहादुर सैनिकों, सेवानिवृत सैनिकों और उनके परिवारों को हार्दिक बधाई। भारतीय सेना हमारे देश की एकता, संप्रभुता और अखंडता की रक्षा करने में दृढ़ है। हमारे सैनिक हमारी सीमाओं की रक्षा करते हैं और आपदाओं और मानवीय संकटों के दौरान जरूरी मदद देते हैं। आपकी अटूट 'राष्ट्र प्रथम' भावना हर भारतीय को प्रेरित करती रहती है। मोदी ने अपने संद. ेश में कहा कि सेना दिवस पर हम भारतीय सेना के साहस और दृढ़ प्रतिबद्धता को सलाम करते हैं। हमारे सैनिक निस्वार्थ सेवा का प्रतीक हैं, जो सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी दृढ़ संकल्प के साथ देश की रक्षा करते हैं। प्रधानमंत्री ने कर्तव्य की वेदी पर सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों को भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हम उन लोगों को गहरे सम्मान के साथ याद करते हैं जिन्होंने ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवाई है।

उन्होंने कहा कि भारतीय सेना की कर्तव्यनिष्ठा पूरे देश में विश्वास और कृतज्ञता की भावना पैदा करती है। रक्षा मंत्री ने सेना दिवस के गौरवशाली अवसर पर भारतीय सेना के बहादुर जवानों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं दी हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि देश भारतीय सेना के अदम्य साहस, सर्वोच्च बलिदान और देश की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए अटूट प्रतिबद्धता को सलाम करता है।



सेंसेक्स 84695.54

निफ्टी 25942.10



सोना रु. 138161

प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

# अर्थ व्यापार



चांदी रु. 243883

प्रति किलो



## लगातार तीसरी तिमाही में बना निर्यात का रिकॉर्ड

नई दिल्ली, वार्ता



वस्तुओं और सेवाओं को मिलाकर देश का कुल निर्यात लगातार तीसरी तिमाही में नए रिकॉर्ड स्तर पर रहा है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों में कहा गया है कि अक्टूबर-दिसम्बर 2025 के दौरान देश का कुल निर्यात किसी भी तीसरी तिमाही का नया रिकॉर्ड है।

पहली और दूसरी तिमाही में भी संबंधित तिमाही के निर्यात का उच्चतम स्तर रहा था। इस प्रकार यह पूरे नौ महीने का नया रिकॉर्ड है। आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीने में अप्रैल से दिसम्बर तक देश का कुल निर्यात 634.26 अरब डॉलर रहा। इसमें 4.33 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं आयात भी 4.95 फीसदी बढ़कर 730.84 अरब डॉलर रहा। इस प्रकार, कुल व्यापार घाटा 9.21 फीसदी की वृद्धि के साथ 96.58 अरब डॉलर रहा। इसमें वस्तुओं का निर्यात 2.44 प्रतिशत बढ़कर 330.29 अरब डॉलर और सेवाओं का 6.46 प्रतिशत बढ़कर 303. 97 अरब डॉलर दर्ज किया गया। वहीं वस्तु आयात 5.90 प्रतिशत बढ़कर 578.61 अरब डॉलर और सेवा आयात 1.48 प्रतिशत बढ़कर 152.23 अरब डॉलर पर रहा।

पहले नौ महीने की अवधि में अमे. रिका को वस्तुओं का निर्यात 9.75 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 65.88 अरब डॉलर दर्ज किया गया। चीन को वस्तु निर्यात में 36.68 फीसदी का उछाल आया और यह 14.25 अरब डॉलर हो गया। अप्रैल से दिसम्बर के दौरान, गैर-पेट्रोलियम वस्तु निर्यात 5.51 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 288.16 अरब डॉलर और आयात 9.45 प्रतिशत बढ़कर 443.18 अरब डॉलर पर पहुंच गया। पेट्रोलियम आयात में 4.25 प्रतिशत की कमी आई है और यह 135.43 अरब डॉलर दर्ज किया गया। अप्रैल-दिसम्बर के दौरान भारत से सबसे ज्यादा निर्यात होने वाली वस्तुओं में अभियांत्रिकी वस्तुएं, पेट्रोलियम उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं शीर्ष तीन पर रहीं। वहीं, आयात के मामले में पेट्रोलियम, कच्चा तेल और उनके उत्पाद शीर्ष पर रहे। इसके बाद इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं और सोने का आयात रहा।मूल्य में 49.39 अरब डॉलर के सोने का आयात किया गया।

## दिसम्बर में वस्तु व्यापार घाटा बढ़कर 25.04 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली।** निर्यात के मुकाबले आयात में तेज बढ़ोतरी से देश का वस्तु व्यापार घाटा दिसम्बर 2025 में बढ़कर 25.04 अरब डॉलर पर पहुंच गया। पिछले साल दिसम्बर में यह 20.63 अरब डॉलर रहा था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि दिसम्बर 2025 में वस्तु निर्यात 1.88 प्रतिशत बढ़कर 38.51 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं वस्तु आयात 8.67 फीसदी की वृद्धि के साथ 63.55 अरब डॉलर हो गया। सेवाओं का निर्यात एक साल पहले के 36.97 अरब डॉलर से घटकर 35.50 अरब डॉलर रह गया। सेवाओं के आयात में भी कमी आई है और यह 17.80 अरब डॉलर की तुलना में 17.38 अरब डॉलर रह गया। इस प्रकार, सेवाओं और वस्तुओं को मिलाकर कुल निर्यात 74.01 अरब डॉलर और कुल आयात 80.94 अरब डॉलर रहा। इसमें सालाना आधार पर निर्यात घटा है जबकि आयात बढ़ा है। कुल व्यापार घाटा दिसम्बर 2024 के 1.46 अरब डॉलर से बढ़कर 6. 92 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

## चावल, गेहूं नरम, चीनी के दाम बढ़े, दालों, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव गिर गए। गेहूं में भी गिरावट रही। चीनी की कीमतों में तेजी देखी गई जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 55 रुपये घटकर 3,759 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं 23 रुपये सस्ता हुआ और 2,862 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। आटे की कीमत भी 12 रुपये घट गई। दाल-दलहनों में मिलाजुला रुख रहा। तुअर दाल की कीमत 29 रुपये और चना दाल की 23 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। मूंग दाल के दाम 29 रुपये घटे। मसूर दाल 25 रुपये और उड़द दाल 20 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 66 रिंगिट उतरकर 3,993 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.59 प्रतिशत गिरकर 50.53 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया।

स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल की औसत कीमत 89 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। वनस्पति 66 रुपये और सरसों तेल 15 रुपये फिसल गया। पाम ऑयल छह रुपये सस्ता हुआ। मूंगफली तेल 62 रुपये और सोया तेल छह रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 31 रुपये प्रति क्विंटल टूट गए। वहीं, चीनी आठ रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7790.64 रुपये, मसूर काली 8144.86 रुपये, मूंग दाल 10088.51 रुपये, उड़द दाल 10421.39 रुपये, तुअर दाल 10642.28 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2862.30 रुपये और चावल 3759 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3313.21 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4318.26 रुपये और गुड़ 4979. 20 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

## कश्मीर में नए पश्चिमी विक्षोभ से पहले रात के तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी

श्रीनगर, वार्ता

जम्मू-कश्मीर में शुक्रवार से नए पश्चिमी विक्षोभ के आने की संभावना से पहले कश्मीर में ज्यादातर जगहों पर रात के तापमान में थोड़ा सुधार हुआ है, लेकिन अभी भी ठंड का कहर जारी है। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक श्रीनगर में कल रात न्यूनतम तापमान 3.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो पिछली रात के 5.2 से ज्यादा है।

कश्मीर का गेटवे शहर काजीगुंड के तापमान में भी थोड़ी बढ़ोतरी हुई, जो पहले के 5.3 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले 4.7 पर आ गया। दक्षिणी कश्मीर में कड़ाके की ठंड जारी रही। पुलवामा और शोपियां सबसे ठंडे इलाके रहे, दोनों में तापमान 6.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, हालांकि यह पिछली रात के 7.0 डिग्री सेल्सियस और शोपियां के 7.5 से बेहतर था। पहलगाम पर्यटक रिसॉर्ट में तापमान 5.0 से. रिकॉर्ड किया गया, जो एक रात पहले 6.0 डिग्री सेल्सियस था। दूसरे पर्यटक स्थल गुलमर्ग में भी तापमान 3.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो पहले 3.8 से. था, जबकि सोनमर्ग में पिछली रात के 2.2 से तेजी से गिरकर 5.8 डिग्री सेल्सियस हो गया। उत्तरी कश्मीर में, कुपवाड़ा में तापमान 4.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो 6.2 से बेहतर है। बुधवार को प्रदेश का मौसम अनिश्चितता वाला रहा जहां जम्मू शहर बर्फ से ढके रिसॉर्ट गुलमर्ग से भी ज्यादा ठंडा हो गया। जम्मू में अधिकतम तापमान सिर्फ 7.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो शहर के इतिहास में चौथा सबसे कम तापमान था। इस बीच श्रीनगर में अधिकतम तापमान 13. 3 से. रिकॉर्ड किया गया, पहलगाम में 10.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि गुलमर्ग में 8.2 रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में 16 जनवरी से प्रदेश में कम से कम तीन हफ्ते का पश्चिमी विक्षोभ आने की उम्मीद है एवं अगले दो दिनों में कुछ जगहों पर हल्की बारिश या बर्फबारी का अनुमान है। विभाग ने कहा कि 19 और 20 जनवरी को कुछ जगहों पर हल्की बारिश या बर्फबारी होने की संभावना है। 22 से 24 जनवरी तक, ज्यादातर जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश या बर्फबारी के साथ मौसम आमतौर पर बादल छाए रहने की उम्मीद है। 23 और 24 जनवरी के दौरान चिनाब घाटी, उदमपुर, रियासी और दक्षिण कश्मीर के कुछ हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश या बर्फबारी की भी संभावना है।

## योगी ने अर्पित की गुरु गोरखनाथ को आस्था की खिचड़ी

गोरखपुर, वार्ता



मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को ब्रह्म मुहूर्त में चार बजे गोरखनाथ मंदिर में नाथपंथ की विशिष्ट परंपरा के अनुसार महायोगी गुरु गोरखनाथ को विधि विधान से आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ाई।

इस अवसर पर उन्होंने शिवावतार महायोगी से लो. कमंगल तथा सभी नागरिकों के सुखमय-समृद्धमय जीवन की प्रार्थना की। महायोगी गुरु गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी नागरिकों, संतों और श्रद्धालुओं को मकर संक्रांति की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए मीडियाकर्मियों से बात. चीत में कहा कि बुधवार से ही पूरे प्रदेश में लाखों की संख्या में श्रद्धालु पवित्र धर्मस्थलों पर जाकर आस्था को नमन कर रहे हैं। गोरखपुर में बुधवार को लाखों श्रद्धालुओं ने महायोगी भगवान गोरखनाथ जी को आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ाई। उन्होंने कहा कि इस पव पर लाखों श्रद्धालुओं ने प्रयागराज के संगम में आस्था की पवित्र डुबकी भी लगाई। उन्होंने कहा कि यह सिलसिला लगातार आज गुरुवार को भी जारी है। योगी ने कहा कि आज गुरुवार को गोरखपुर में भगवान गोरखनाथ जी के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करने के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालुजन पंक्ति में लगकर श्रद्धापूर्वक खिचड़ी चढ़ा रहे हैं। यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे भी प्रात: 4 बजे गोरखनाथ मंदिर की विशिष्ट पूजा संपन्न होने के उपरांत भगवान गोरखनाथ जी को आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ाने का अवसर प्राप्त हुआ है। गोरखनाथ मंदिर में लाखों की संख्या में श्रद्धालुजन आए हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मकर संक्रांति भारत के पर्व और त्योहारों की परंपरा का एक अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है। वास्तव में सूर्यदेव इस जगत की आत्मा हैं। जगतपिता सूर्य की उपासना का यह पर्व, हर प्रकार के शुभ और मांगलिक कार्यों के लिए प्रशस्ति तिथि माना जाता है। आज के बाद सनातन धर्म की परंपरा में सभी मांगलिक कार्यक्रम प्रारंभ हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि सूर्य का जो अयन वृत्त है। ज्योतिषीय परंपरा के अनुसार वह 12 विभिन्न भागों में विभाजित है। एक राशि से दूसरी राशि में सूर्यदेव के संक्रमण को संक्रांति कहा जाता है और जब धनु राशि से मकर राशि में भगवान सूर्य का संक्रमण होता है, तो यह मकर संक्रांति कहलाता है। मकर राशि से अगले छह माह तक यानी मिथुन राशि तक सूर्य भगवान उत्तरायण रहेंगे। उत्तरायण का जो समय होता है, उसमें दिन बड़े और रात्रि छोटी होती है। जीवंतता के लिए सूर्य का प्रकाश कितना महत्वपूर्ण है और भारत की ऋषि परंपरा ने इसे कितना महत्व दिया है, इसका अनुमान इस पर्व के माध्यम से लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति एक ऐसा पर्व है, जो देश के अंदर पूरब, पश्चिम, उत्तर व दक्षिण, सभी हिस्सों में अलग-अलग नाम व रूप में आयोजित होता है।

### योगी ने मकर संक्रांति व पोंगल पर्व पर दी शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोक आस्था और जगत पिता भगवान सूर्य की उपासना के पावन पर्व मकर संक्रांति के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पवित्र संगम में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित करने वाले सभी श्रद्धालु भगवान भास्कर की कृपा से अभिभूत हों और मां गंगा, यमुना व सरस्वती का आशीर्वाद सभी पर सदैव बना रहे। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि मकर संक्रांति लोक आस्था, आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक परंपराओं का महापर्व है, जो सामा. जिक समरसता और आध्यात्मिक उन्नयन का संदेश देता है।

# निषेधाज्ञा के बीच कपसाड़ जाने की कोशिश नाकाम

## पुलिस ने राजनीतिक दलों को रोका, कांवड़ पटरी मार्ग पर सीमित यातायात शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** कपसाड़ और ज्वालागढ़ गांवों में बीएनएस की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू होने के बावजूद राजनीतिक दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा गांवों में जाने के प्रयास थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। पुलिस की कड़ी सख्ती के बाद भी गुरुवार को राष्ट्रीय लोक मोर्चा के पदाधिकारी कपसाड़ गांव पहुंचने का प्रयास करते नजर आए, लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक दिया।

गुरुवार को राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पृथ्वी फैज यादव के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारी आठ जनवरी को कपसाड़ गांव में हुई अनुसूचित जाति की महिला सुनीता पत्नी सतेंद्र की हत्या तथा उसकी बेटी रूबी के अपहरण की घटना को लेकर पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे थे। चौधरी चरण सिंह कांवड़ पटरी मार्ग पर अटेरना पुलिस चौकी के पास पुलिस ने सभी को रोकते हुए गांव में किसी भी राजनीतिक दल, सामाजिक संगठन अथवा बाहरी व्यक्ति के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध की जानकारी दी। इस दौरान अटेरना गंगनहर पुल क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। रोके जाने से नाराज कार्यकर्ताओं ने चौराहे पर ही एकत्र होकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग करते हुए नारेबाजी की। मौके पर पहुंचे किठौर थाना प्रभारी प्रताप सिंह ने उन्हें अब तक की गई कार्रवाई और कानून व्यवस्था की स्थिति से अवगत कराया। समझाने के बाद सभी कार्यकर्ता शांत हुए और बिना किसी टकराव के वापस लौट गए। इस मौके पर दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष हरिप्रकाश, पश्चिम उत्तर प्रदेश अध्यक्ष तनिष्क चंदेला, रेशमा, भारत त्यागी, मेहराजुल हक, बाबू खान, हरेंद्र दास, कालीचरण और राजेश कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



कपसाड़ गांव में जाने के लिए एकत्रित हुए राष्ट्रीय लोक मोर्चा के पदाधिकारी।

### घटना के बाद गांव में कड़ी सुरक्षा, कांवड़ पटरी मार्ग पर राहत

कपसाड़ गांव में आठ जनवरी की घटना के बाद से हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। बीते एक सप्ताह से गांव को जोड़ने वाले सभी रास्तों पर पुलिस की नाकेबंदी जारी है और स्थिति अघोषित कर्फ्यू जैसी बनी हुई है। पीड़ित परिवार से मिलने जाने वाले लोगों पर पूरी तरह रोक लगाई गई है। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने पहले मेरठ-करनाल हाईवे से कांवड़ पटरी मार्ग पर जाने वाले वाहनों को रोक दिया था और ट्रैफिक को वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट किया जा रहा था। हालांकि गुरुवार से निषेधाज्ञा लागू होने के बाद कांवड़ पटरी मार्ग पर आंशिक रूप से वाहनों की आवाजाही शुरू कर दी गई है। सामान्य वाहनों को अनुमति दी जा रही है, लेकिन राजनीतिक दलों के झंडे या पहचान चिन्ह लगे वाहनों को इस मार्ग से गुजरने की इजाजत नहीं दी जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में शांति बनाए रखना प्राथमिकता है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# ज्वालागढ़ गांव में पुलिस-समाज झड़प मामले में मुकदमा दर्ज

## पुलिस की तहरीर पर तीन नामजद व 60 अज्ञात आरोपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** ज्वालागढ़ गांव में रोहित उर्फ सोनू हत्याकांड को लेकर बुधवार को कश्यप समाज के लोगों और पुलिस के बीच हुई झड़प के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने तीन नामजद समेत करीब 60 अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। इसके साथ ही पुलिस वीडियो फुटेज के आधार पर अन्य लोगों की पहचान करने में जुटी हुई है।

घटना के बाद से एहतियातन रोहित के रिश्तेदारों के घर की गली के बाहर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। क्षेत्र में आने-जाने वाले लोगों पर कड़ी नजर रखी जा रही है, ताकि किसी तरह की अप्रिय स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो। बताया जा रहा है कि रोहित उर्फ सोनू की हत्या का मामला इन दिनों काफी चर्चा में है। इसी को लेकर बुधवार को कश्यप समाज के कुछ जिम्मेदार लोग ज्वालागढ़ गांव में रोहित के रिश्तेदारों से मिलने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए परिजनों को न्याय दिलाने की बात कही थी। मौके पर समाज के लोगों की संख्या लगातार बढ़ती चली गई। इसी बीच वहां पहुंची पुलिस ने भीड़ को हटाने का प्रयास किया, जिसका विरोध होने लगा। देखते ही देखते स्थिति




तनावपूर्ण हो गई और लोगों ने पुलिस को घेरकर हंगामा शुरू कर दिया। हालात बिगड़ते देख सीओ आशुतोष कुमार अतिरिक्त पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और किसी तरह स्थिति को नियंत्रण में लिया। लोगों को समझा-बुझाकर वहां से हटाया गया तथा गली को सील कर पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई।

इस मामले में एसआई नितिन सरस्वत की तहरीर पर इंद्रपाल कश्यप पुत्र जगमत, अंकित, गुड्डू पुत्रगण इंद्रपाल सहित करीब 60 अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को लेकर कश्यप समाज के लोगों में रोष व्याप्त है और वे इसे एकतरफा कार्रवाई बता रहे हैं।

# डिंपल यादव के जन्म दिवस पर छात्राओं को वितरित की साइकिल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पत्नी व मैनपुरी सांसद डिंपल यादव का जन्म दिवस पूरे मेरठ व देहात क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। वहीं जानी खुर्द में गुरुवार जानी खुर्द स्थित सपा नेता अयान सैफी के कार्यालय पर डिंपल यादव के जन्मदिवस पर छात्राओं को साइकिल वितरण की जिसमें दस

**छात्राओं के खिले चेहरे, डिंपल यादव की लंबी उम्र की मांगी दुआ**

छात्राओं को साइकिल वितरण की, जहां उनके चेहरे खिल उठे। अयान ने कहा कि डिंपल यादव जैसी सांसद महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देती हैं। वहीं अयान ने कहा कपसाड़ में हुई दलित बेटी के साथ हुए अत्याचार जैसे मामले प्रदेश भर में हो रहे हैं कहीं भी बेटियां सुरक्षित नहीं है। भाजपा सरकार विफल हो चुकी है। 2027 में मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ही प्रदेश की बागडोर संभालेंगे। इस मौके पर सिवाल खास विधानसभा उपाध्यक्ष गुलशन बाफर, मोनू तोमर, सपा नेता नौशाद प्रधान, इमरान राजपूत, रऊफ खान, अरब खान, नदीम सिद्दीकी, ननवा सिद्दीकी, गुलजार सहित आदि मौजूद रहे।

# नाले में मृत मिला गोवंश, हिंदू संगठनों के हंगामे बाद पुलिस ने गड्ढे में दबवाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ब्रह्मपुरी क्षेत्र में मृतक गोवंश मिलने पर हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कराया वहीं पुलिस ने गड्ढा खोदकर मृतक गोवंश को दबाया। थाना ब्रह्मपुरी क्षेत्र के माधवपुरम सेक्टर 4 अंजू पैलेस के पास नाले में मृतक गोवंश मिलने पर समय करीब तीन बजे हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने विरोध जताते हुए हंगामा कर दिया। हिंदू संगठन का कहना है कि क्षेत्र में गो हत्या बढ़ती जा रही हैं। थाना ब्रह्मपुरी पुलिस ने लोगों को शांत कराया और कार्यवाही का आश्वासन दिया। आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरा से घटना की जानकारी लेकर कार्यवाही की जाएगी।

# सपा कार्यालय पर मनाया डिंपल यादव का जन्मदिवस

## महिला सभा की पदाधिकारियों ने काटा केक, सांसद की लंबी उम्र के लिए की प्रार्थना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष करमवीर सिंह गुमी और महिला सभा कि जिलाध्यक्ष मृदुला यादव के नेतृत्व में मैनपुरी सांसद महिला सशक्तिकरण की प्रतीक डिंपल यादव का जन्मदिवस केक काट कर तथा एक दूसरे को बधाई देकर मनाया गया। महिला सभा की पदाधिकारियों ने एक दूसरे को केक खिलाया तथा सांसद की लंबी उम्र के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष कर्मवीर सिंह गुमी, वरिष्ठ नेता इशरत जहाँ, महानगर अध्यक्ष नाजमा अब्बासी, खेरून अब्बासी, मजहबी सुल्तान, शकीला, मिथलेश जाटव, गिरीश मथुरिया, फैजान अंसारी महानगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक, बॉबी सैन, फैजल खान, सुभाष यादव, डा. मोहसीन, विनीत पायला, वसीम अब्बासी, अजय अधाना, ई. संदीप यादव, डा. नासिर सुल्तान, गौरव गुर्जर, सशिकांत गौतम, अनुज भड़ाना, अजय गहलोत, दिनेश कुमार, हरप्रीत आहूजा, सुंदर वाल्मीकि, धर्मवीर सिंह यादव, अंकित प्रजापति, अनुज प्रजापति, अनिल वर्मा, संजय यादव, महेंद्र यादव, आदेश प्रधान, ओमप्रकाश खटीक, राहुल वर्मा, आकाश भड़ाना, शैलेंद्र यादव, रियाज खान, जिशान अहमद आदि सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से जनदिवस मनाया।



# डिम्पल यादव व मायावती के जन्मदिन को लेकर बोले महबूब अली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ पदाधिकारी महबूब अली सोलाना ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव के जन्मदिवस पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि डिंपल यादव महिलाओं के बीच मातृशक्ति के रूप में अपनी पहचान बना चुकी हैं। वह हमेशा दलितों और पिछड़ों की आवाज बनकर संसद में यह बता चुकी हैं कि वह सर्व समाज की महिलाओं को साथ लेकर चलती हैं और संसद में महिला सशक्तिकरण की आवास को बुलंद करती हैं। उनके जन्मदिवस के साथ-साथ उन्होंने बसपा प्रमुख मायावती के जन्म दिवस पर भी उन्हें बधाई दी।

# सरधना में नगर पालिका की उदासीनता से बिगड़े हालात, गड्ढों-कीचड़ ने बढ़ाई लोगों की परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** सरधना नगर में नगर पालिका की लापरवाही अब आम जनता पर भारी पड़ने लगी है। नगर के विभिन्न मोहल्लों और प्रमुख मार्गों पर सड़कों की हालत बद से बदतर हो चुकी है। जगह-जगह गहरे गड्ढे, अधूरे निर्माण कार्य और बिखरी निर्माण सामग्री के कारण राहगीरों, वाहन चालकों और स्थानीय निवासियों को रोजाना कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। नगर के मुख्य बाजारों की सड़कों को कई दिनों से खोदकर छोड़ दिया गया है। इससे न केवल आवागमन बाधित हो रहा है, बल्कि व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। दुकानदारों का कहना है कि ग्राहक आने से कतराने लगे हैं, जिससे उनका रोजगार प्रभावित हो रहा है, लेकिन नगर पालिका की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

दौराला रोड पर चल रहे नाला निर्माण कार्य ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। निर्माण से निकलने वाली कीचड़ सड़क पर जमा है, जिससे फिसलन बनी हुई है। साथ ही सड़क पर पड़े बड़े-बड़े पत्थर और मलबा दोपहिया वाहन चालकों, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों के लिए खतरा बनते जा रहे हैं।

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा। आए दिन छोटे हादसे हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। लोगों ने मांग की है कि नगर पालिका तत्काल सड़कों की मरम्मत कराए, निर्माण कार्य को तेजी से पूरा करे और सड़क पर फैली कीचड़ व मलबे को हटाकर जनता को राहत प्रदान की जाए।



# शोभित विवि में आर्मी डे के अवसर पर सैनिक और जेसीओ अधिकारी सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय मेरठ में आज 70 यूपी बटालियन एनसीसी मेरठ के संयुक्त तत्वाधान में आर्मी डे के उपलक्ष में पूर्व सैनिक एवं जेसीओ अधिकारियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में रिटायर्ड सूबेदार एल् बी दास, नायब सूबेदार वीडी शर्मा एवं हवलदार उम्मेद सिंह तोमर को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डाक्टर विनोद कुमार त्यागी, प्रो. वाइस चांसलर प्रोफेसर डाक्टर जयानंद, विश्वविद्यालय के कुल सचिव प्रोफेसर डाक्टर गणेश भारद्वाज, विश्वविद्यालय के एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट डाक्टर कुलदीप कुमार एवं एनसीसी कैडेट्स आदि मौजूद रहे।

# सरधना में मकर संक्रांति पर खिचड़ी वितरण का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** मकर संक्रांति के पावन पर्व के अवसर पर सरधना में भाजपा नेता विनोद जैन के प्रतिष्ठान पर खिचड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुबह से ही क्षेत्र के नागरिकों, व्यापारियों और श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने प्रसाद स्वरूप खिचड़ी ग्रहण कर एक-दूसरे को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के दौरान रामबुल जैन, गौरव जैन, पुरुषोत्तम बंसल, वीरेंद्र चौधरी, संजीव पवार एवं सौरव जैन प्रमुख रूप से मौजूद रहे। सभी ने पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मकर संक्रांति दान, सेवा और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज में आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं।

भाजपा नेता विनोद जैन ने कहा कि मकर संक्रांति का पर्व नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संदेश देता है। उन्होंने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी खिचड़ी वितरण के माध्यम से सभी वर्गों के लोगों के साथ पर्व की खुशियां साझा की गईं। कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण, व्यवस्थित और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। स्थानीय लोगों की सक्रिय सहभागिता से आयोजन सफल रहा और उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना की।




# रामराज व बहसूमा में मकर संक्रांति पर खिचड़ी प्रसाद का वितरण

## श्रद्धा और सेवा का दिखा भव्य संगम, बिजनौर सांसद चंदन चौहान ने बांटी खिचड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर राम. राज और बहसूमा क्षेत्र में धार्मिक आस्था, सामा. जिक सेवा और आपसी सौहार्द का अनुकरणीय उदाहरण देखने को मिला। विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों द्वारा अलग-अलग स्थानों पर स्टॉल लगाकर खिचड़ी प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं राहगीरों, बच्चों, बुजुर्गों एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। रामराज में व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक भाजपा मेरठ रोहित बंसल उर्फ मोनू बंसल के प्रतिष्ठान पर खिचड़ी प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर रोहित बंसल, राहुल बंसल व राकेश रानी बंसल ने स्वयं श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। कार्यक्रम में दिशा बंसल, सनी, गुरमीत गोस्वामी, मनीष राणा, बब्बू शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसी क्रम में सुदर्शन गोयल बुक डिपो के सामने सड़क किनारे स्टॉल लगाकर खिचड़ी, पकौड़ी एवं चाय का वितरण किया गया। राहगीरों ने बड़े चाव से प्रसाद ग्रहण किया और आयोजन की सराहना की। इस मौके पर सुदर्शन गोयल, विकास बंसल, आशीष उपाध्याय, मोहन गोयल, नानू गोयल सहित अन्य सहयोगी सक्रिय रूप से मौजूद रहे। वहीं अग्रवाल आयरन स्टोर के ऑनर दीपक सिंघल व पंकज सिंघल द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर अपने प्रतिष्ठान के सामने खिचड़ी प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां भी सैकड़ों राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजकों की सराहना की। कार्यक्रम में अखिल सिंघल, लक्ष्य सिंघल, हेमंत, प्रशांत, प्रतीक, देव, यश, भरत सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। उधर बहसूमा में पूर्व मंडल अध्यक्ष व जिला कार्यसमिति सदस्य अमित गोयल के प्रतिष्ठान पर मकर संक्रांति के अवसर पर खिचड़ी प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बिजनौर लोकसभा सांसद चंदन चौहान द्वारा किया गया। इस अवसर पर व्यापार संघ बहसूमा के संगठन मंत्री अमित गोयल, व्यापार संघ संरक्षक प्रमोद गर्ग, व्यापार संघ अध्यक्ष अमन गोयल, युवा अध्यक्ष दीपक, सुभाष सेमवाल, सुधांशु पोखरियाल, धर्म जागरण खंड संयोजक ऋषभ गोयल, विनोद अग्रवाल, मोंटी धीमान, राहुल खुराना, कपिल प्रजापति, राजपाल प्रजापति, जयपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



# कार की टक्कर से मिस्त्री की मौत

## पैट्रोल पम्प पर लगे कैमरे में कैद हुई घटना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गजरौला।** हाइवे पर हुए काम करके घर लौट रहे आर्मेचर मिस्त्री की मौत तेज रफ्तार कार की टक्कर से हुई थी। घटनास्थल के पास में लगे सीसीटीवी में भी घटना कैद हुई है। पुलिस मामले में अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव बिजौरा निवासी 42 वर्षीय जितेंद्र पुत्र विजय सिंह आर्मेचर सही करने का काम करता था। वह बुधवार को आर्मेचर सही करने गया था। रात वह टैंपों से घर वापस लौट रहा था। बिजौरा ढाल पर वह टैंपों ने पेट्रोलपंप पर पट्रोल डलवाया तथा फिर से हाईवे की तरफ जाने लगा। जितेंद्र आटो के साइड में लटका हुआ था। उधर से गुजरी तेज रफ्तार कार ने जितेंद्र को टक्कर मार दी। जिसमें जितेंद्र उछलकर काफी दूर गिरा, उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया था। युवक के घर में को. हराम मचा हुआ है। मृतक के परिवार वालों के साथ मिलकर पुलिस ने पेट्रोलप. ंप की सीसीटीवी कैमरे में फुटेज खंगाली तो हादसा करने वाली कार का पता भी चल गया। सीसीटीवी की फुटेज सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रही है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए कार की तलाश शुरू कर दी गई है।

# मकर सक्रान्ति पर गंगा स्नान को उमड़े श्रद्धालु

## हर हर गंगा के जयकारों से गूंजे घाट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** मकर संक्रांति के अवसर पर कोहरे और कड़ाके की ठंड के बावजूद श्रद्धालुओं ने तिगरी एवं ब्रजघाट में स्थित पतित पावनी गंगा में आस्था की डुबकी लगाई और गंगा मैया से सुख व समृद्धि की प्रार्थना की। श्रद्धालुओं के जयकारों से गंगा घाट गूंजते रहे।

गुरुवार को सुबह कोहरे और कड़ाके की ठंड के बाद भी श्रद्धालुओं ने भोर से ही गंगा घाट पर स्नान करना शुरू कर दिया था। श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाते हुए सुख समृद्धि की प्रार्थना की और निर्धन, जरूरतमंदों और बेसहारा लोगों को नकद धनराशि एवं वस्त्र आदि का दान दिया, साथ ही पुरोहितों से कथा कराके उन्हें दक्षिणा व फल आदि भेंट किये। ब्रजघाट एवं तिगरी में कई स्थानों पर भंडारी भी आयोजित किए गए, जहां पर श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया, साथ ही नगर में भी कई स्थानों पर भंडारे आयोजित कर प्रसाद का वितरण किया गया। पंडित दयानंद शर्मा के अनुसार मकर संक्रांति पर गंगा में स्नान, पुरो. हितों को तृप्त और जरूरतमंदों को दान-पुण्य कर मंगलकारी माना जाता है। इसी को लेकर श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति पर तिगरी व ब्रजघाट गंगा में आस्था की डुबकी लगाई और गंगा किनारे धार्मिक अनुष्ठान कराए। पुरोहितों को दान दक्षिणा देकर तृप्त किया। जरूरतम. ंदों को भी दान किया गया। मकर संक्रांति पर मंदिरों में सुबह और शाम भजन-कीर्तन का सिलसिला चलता रहा।

# बेटी का जन्मदिन वृद्धाश्रम में मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** अंबेडकर विकास मंच ने वृद्ध आश्रम में गरीबो को फलों का वितरण किया। गुरुवार को अंबेडकर विकास मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य परिवार सहित गांव डोमखेड़ा स्थित वृद्ध आश्रम में पहुंचकर अपनी बेटी पुष्पांजलि का जन्मदिन मनाया। इस दौरान श्री आर्य ने कहा कि गरीबों एवं बेसहारा लोगों के बीच पहुंचकर ऐसे कार्यक्रम करने से अनोखा ही आनंद मिलता है। उन्होंने समाज के अन्य लोगों से आह्वान किया कि वह वृद्ध आश्रम पहुंच कर बेसहारा लोगों की सेवा करने का कार्य करें। गरीब एवं बेसहारा लोगों ने पुष्पांजलि को आशीर्वाद दिया।

# मन्दिर का स्थापना दिवस व हिन्दू सम्मेलन आयोजित

## नागरिक कर्तव्यों का करें पालनः तपन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव नगलिया मेव में स्थित मंदिर का स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में भक्ति आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ साथ हिन्दू सम्मेलन का आयोजन भी किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह क्षेत्र प्रचार प्रमुख तपन कुमार ने कहा कि, हम सभी को सामा. जिक समरसता बनाये रखना चाहिए व नागरिक कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। इस अवसर पर महाराज नरोत्तम गिरी, महामंडलेशर मनोज दास, जिला बौद्धिक प्रमुख श्याम सिंह, सहजिला कार्यवाह नरेन्द्र, जिला प्रचारक योगेन्द्र , ब्लॉक प्रमुख पति चौधरी विरेन्द्र सिंह, पूर्व विधायक हरपाल सिंह, संजय, संदीप , विजय, सतीश, महेश, लोकेश मोहित ध्यान सिंह, योगेश, समरपाल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजपाल ने की जबकि संचालन देवी शरण ने किया।

# भाजपा सरकार बनी विकास का पर्याय

## भाजपा का बूथ अध्यक्ष सम्मान समारोह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** भाजपा के बूथ अध्यक्ष सम्मान समारोह का आयोजन गुरुवार को हाईवे के किनारे स्थित एक होटल में संपन्न हुआ। जिसमें पूर्व सांसद देवेंद्र नागपाल ने पार्टी की नीतियों के बारे में जानकारी दी। कहा कि भाजपा सभी वर्ग के लोगों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। उन्होंने एसआईआर प्रक्रिया में बढ़ चढ़कर भागीदारी करते हुए अपने सभी जानकारियां समय पर देने का आह्वान किया, साथ ही नए वोट बनवाने के लिए भी प्रेरित किया। कार्यक्रम में बूथ अध्यक्षों को सम्मानित भी किया गया। सम्मान समारोह में बोलते हुए पूर्व सांसद ने कहा कि भाजपा की केंद्र व प्रदेश की सरकारों में सबसे ज्यादा विकास हुआ है। लाभार्थियों को निष्पक्ष योजनाओं का लाभ मिल रहा है। भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा हुआ है। अपराध करने वाले प्रदेश छोड़ गए हैं। बहन-बेटियों से छेड़छाड़ व दुष्कर्म करने वाले आरोपियों का एनकाउंटर किया जा रहा है। जबकि दूसरी सरकारों में अपराधियों को शरण दी जाती थी। बहन-बेटी का सड़कों पर निकलना तक मुश्किल हो रहा था। कार्यक्रम में भाजपा जिला प्रभारी राजीव सिसौदिया व जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी ने सभी बूथ अध्यक्षों को सम्मानित किया। जिला प्रभारी ने कहा कि एसआईआर सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। सभी बूथ अध्यक्ष व कार्यकर्ता एसआईआर का काम पूरा करवाने में जुट जाएं। सम्मान समारोह में पूर्व जिलाध्यक्ष ग्रीश त्यागी, कैलाश त्यागी, मंडलाध्यक्ष अमित शर्मा, गजरौला मंडलाध्यक्ष सुनील शर्मा, राजीव चौधरी, आलोक चौहान, धर्मेंद्र सैनी, मंडल प्रभारी पिंकी रानी वर्मा, विकास बाबू समेत मंडल प्रवासी, शक्ति केंद्र के संयोजक, बूथों के अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# बसपा के शासन को हर कोई करता है याद

## धूमधाम से मना मायावती का जन्मदिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती का जन्मदिन पूर्व जिला पंचायत अध्यक्षा इंद्रवती के आवास पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान केक काटकर उनकी दीर्घायु की कामना की गई।

नगर के टीचर्स कॉलोनी में स्थित आवास पर आयोजित जन्मदिवस कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्षा इंद्रवती ने कहा कि, जनता आज भी बसपा के शासनकाल को याद कर रही है। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने बसपा सरकार के दौरान गरीब, किसान, मजदूर, नौजवान सभी के हितों का ध्यान रखा। युवाओं के लिए पुलिस, शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों में रोजगार दिलाया। बसपा सरकार में भ्रष्टाचार नहीं था बल्कि अधिकारी समय से कार्यालय पहुंचकर जनता की समस्याएं सुनकर उनका निराकरण करते थे। उन्होंने गन्ने का भी सबसे अच्छा मूल्य दिया। कहा कि आने वाले 2027 में हम सबको एकजुट होकर बसपा की सरकार बनाकर सुश्री मायावती को पांचवी बार उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाना है। इस मौके पर वरिष्ठ नेता चौधरी बलवीर सिंह, जिला पंचायत सदस्य मीनाक्षी चौधरी, निरंजन सिंह, रविन्द्र सिंह, समीक्षा चौधरी, विपिन कुमार, धर्मेश चंद्रा, दिनेश चंद्रा, बशरुद्दीन, जगपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# शीतलहर के चलते दो दिन स्कूल बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** शीतलहर के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स के आदेश पर जनपद में बेसिक शिक्षा परिषद एवं अन्य बोर्डों से संचालित विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक की कक्षाओं का 16 व 17 जनवरी को अवकाश घोषित किया गया है। यह जानकारी बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. मोनिका ने देते हुए बताया कि बच्चों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। हालांकि अवकाश के दौरान विद्यालयों का समस्त शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर स्टाफ विद्यालय में उपस्थित रहेगा और नियमित शासकीय कार्य संपादित करेगा। प्रशासन ने अभिभावकों से अपील की है कि शीतलहर के दौरान बच्चों को ठंड से बचाव के आवश्यक उपाय अपनाएं।

# मकर सक्रान्ति पर किया खिचड़ी का वितरण



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर अपराजिता क्लब की अध्यक्ष सोनिया अग्रवाल के नेतृत्व में अपराजिता क्लब की सदस्यों द्वारा सेवा एवं सहयोग का प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्लब की ओर से क्षेत्र में खिचड़ी वितरण कर पर्व की परंपरा और सामाजिक सरोकार को जीवंत किया गया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में जरूरतमंदों, राहगीरों एवं श्रमिक वर्ग को खिचड़ी वितरित की गई। सदस्यों ने स्वयं पंक्ति में खड़े होकर श्रद्धा और सेवा भाव के साथ लोगों को भोजन कराया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष सोनिया अग्रवाल ने कहा कि मकर संक्रांति दान, पुण्य और आपसी सौहार्द का पर्व है। समाज के कमजोर वर्ग के साथ खुशियां साझा करना ही इस पर्व का वास्तविक संदेश है। उन्होंने बताया कि अपराजिता क्लब निरंतर सामा. जिक, सांस्कृतिक और सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाता आ रहा है। महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ जरूरतमंदों की सहायता क्लब की प्राथमिकता रही है। कार्यक्रम में क्लब की सभी सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई और भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया। स्थानीय लोगों ने क्लब के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे अनुकरणीय बताया।

# सीएसएस मुरादाबाद ने छह विकेट से जीता मैच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** लेट श्री जसवंत सिंह (साहब) क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत दा आर्यंस क्रिकेट अकादमी में खेले गए मुकाबले में सीएसएस क्रिकेट अकादमी मुरादाबाद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एमएस धोनी क्रिकेट अकादमी मुरादाबाद को 6 विकेट से हरा दिया।

मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी एमएस धोनी क्रिकेट अकादमी की टीम ने निर्धारित 30 ओवरों में 172 रन बनाए। टीम की ओर से सोहित ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 87 रनों की शानदार पारी खेली। वहीं सीएसएस क्रिकेट अकादमी की गेंदबाजी ने दबाव बनाए रखा। जुनेद चौधरी ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके जबकि शाहनवाज ने 2 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएसएस क्रिकेट अकादमी की टीम ने सधे हुए खेल का प्रदर्शन करते हुए 6 विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया। टीम की जीत में लव ने 74 रन और हाशन ने 41 रन की अहम पारियां खेलीं। मैच ऑफ द फाइटर का सम्मान कोच चमन सिंह द्वारा शानदार बल्लेबाजी करने वाले ड धोनी क्रिकेट अकादमी के सोहित को दिया गया। इस अवसर पर अमन लिट, कोच चमन सिंह आदि मौजूद रहे।

# बीएलओ व सुपरवाइजरों को मिला प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो गजरौला।** ब्लॉक सभागार में ब्लॉक क्षेत्र के बीएलओ एवं सुपरवाइजरों की प्रशिक्षण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मतदाता सूची को शुद्ध व अद्यतन रखने पर विशेष जोर दिया गया। एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने प्रशिक्षण देते हुए नो मैपिंग वोटरों को दिए जाने वाले नोटिस तथा फॉर्म-6 भरने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एसडीएम ने कहा कि मतदाता सूची की पारदर्शिता और शुद्धता निर्वाचन प्रक्रिया की अहम कड़ी है। उन्होंने निर्देश दिए कि नो मैपिंग वोटरों की पहचान कर समय से नोटिस वितरित किए जाएं और फॉर्म-6 की कार्रवाई निर्धारित समयसीमा में पूरी की जाए। इस दौरान नायब तहसीलदार योगेश लोधी समेत सुपरवाइजर में बीएलओ मौजूद रहे।

# चौपला पर बेरिकेडिंग से व्यापार हुआ कम

## व्यापारियों ने कारोबार ठप होने का उठाया मुद्दा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** यातायात सुचारू रखने के लिए चौपला चौकी के सामने लगाई गई बेरिकेडिंग का व्यापारियों ने विरोध शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि बेरिकेडिंग का व्यापार पर असर पड़ रहा है। ग्राहकों को दुक. ानों पर आने में परेशानी हो रही है। बेरिकेडिंग हटाकर पुरानी व्यवस्था लागू की जाए।

व्यापारियों को गुरुवार की शाम एसपी के चौपला पर आने की सूचना मिली तो सभी चौपला चौकी के निकट इकट्ठा हो गए। एसपी नहीं पहुंचे। व्यापारियों ने बेरिकेडिंग का विरोध जताया। उन्होंने कहा कि बेरिकेडिंग लगाने से यातायात सुचारू नहीं हुआ। बल्कि समस्या और ज्यादा बढ़ गई है। बेरिकेडिंग लगने का असर कारोबार पर भी पड़ रहा है। ग्राहक दुकानों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। बेरिकेडिंग हटाकर पुरानी व्यवस्था लागू की जाए। इस संबंध में व्यापारियों ने शुक्रवार को बैठक करने तथा समस्या के समाधान को एसपी से मिलने का निर्णय लिया। इस दौरान शैलेश अग्रवाल, मुकेश गर्ग, चौधरी गजेंद्र सिंह, आमिर, शिव कुमार यादव, राजा हुसैन, राजीव मित्तल, रोहन बंसल, प्रवीण वर्मा आदि मौजूद रहे।

# ईरान से शनिवार को लौटेंगी नौगांवा की दो छात्राएं

## एमबीबीएस की पढ़ाई करने गयी थीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** ईरान में महंगाई के विरोध में चल रहे आंदोलन के चलते एमबीबीएस की दो छात्राएं अपने घर लौटने की तैयारी कर रही हैं।

बताते चलें कि नगर के मोहल्ला शाह फरीद निवासी पूर्व सभासद शिवाल हैदर की बेटी अर्श व मोहल्ला बगला निवासी मोहम्मद अफसर की बेटी युसरा बतूल ने पिछले साल ईरान के शहर सिराज में सिराज यूनिवर्सिटी मे एमबीबीएस में प्रवेशलिया था। पिछले कुछ दिनों से ईरान के हालात लगातार बिगड़ रहे हैं तथा वहां के लोग महंगाई का सड़कों पर उतरकर विरोध कर रहे हैं। ईरान के बुरे हालात के मद्देनजर भारत सरकार ईरान में रह रहे अपने यहां के नागरिकों की सुरक्षा को लेकर चिंतित है तथा ईरान सरकार से सम्पर्क कर अपने लोगों को वापस बुला रही है। नगर की दोनों एमबीबीएस छात्राएं भी घर लोट रही हैं। उम्मीद है कि कलदोनों छात्राएं हवाई जहाज से शारजा पहुंचेगी तथा वहां से शनिवार के दिन दिल्ली एयरपोर्ट उतरेंगी। यह बात वापस लौट रही छात्राओं के परिजनों ने बतायी।

# सपाईयों ने मनाया डिंपल यादव का जन्मदिन



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** समाजवादी पार्टी की सांसद श्रीमती डिम्पल यादव का जन्मदिन गुरुवार को सादगी के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मस्तराम सिंह यादव ने की। इस दौरान केक काटा गया और उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। जन्मदिन के अवसर पर गरीब, विकलांग व कुष्ठ रोगियों को अंगवस्त्र व खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। समाजवादियों ने डिम्पल यादव को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना की। जिलाध्यक्ष मस्तराम सिंह यादव ने कहा कि डिम्पल यादव सादगी, संवेदनशीलता और समाजवाद की विचारधारा की प्रतीक हैं। वहीं अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के जिलाध्यक्ष विमल यादव ने समा. जवादी विचारधारा को मजबूत करने और मिशन 2027 की सफलता के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सन्तराम सिंह यादव, शान्ति प्रकाश यादव, बीरभान सिंह यादव, विजय सिंह यादव, सुरेंद्र सिंह यादव, संजीव यादव,निर्मोज यादव,संजीव प्रकाश यादव, राजीव प्रकाश यादव , दिनेश यादव, आदि मौजूद रहे।

# बार चुनाव में 1946 वोटर डालेंगे वोट

## उत्तर प्रदेश बार काउंसिल सदस्य पद का चुनाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के सदस्य पद के चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। जिले के 1946 अधिवक्ता शुक्रवार व शनिवार दो दिन अपने मतों का प्रयोग करेंगे।

बताते चलें कि उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के चुनाव के लिए मतदान 16 व 17 जनवरी को होना है। जनपद न्यायालय में कार्यरत 1225 अधिवक्ता जनपद न्यायालय में अपने मत का प्रयोग करेंगे। जबकि तहसील बार के 100, जिला टैक्स बार के 36 तथा नौगांवा सादात तहसील बार के 66 अधिवक्ता भी अमरोहा में अपने मत का प्रयोग करेंगे। इसके अलावा हसनपुर तहसील व मुंसिफ बार के 333 वोटर हसनपुर में ही अपना वोट डालेंगे। इसके अलावा धनौरा तहसील बार के 158 वोटर भी अपने मत का प्रयोग करेंगे। मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। जिले में दो मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। अमरोहा व हसनपुर में अधिवक्ता शुक्रवार व शनिवार को वोटिंग करेंगे। मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। जबकि यहां सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस भी तैनात रहेगी।

**कड़ी सुरक्षा के बीच सम्पन्न होगा मतदान**

# पेड़ काटने के विवाद में पुलिस ने तीन को पकड़ा

**अमरोहा।** हाईवे किनारे पेड़ काटने को लेकर उत्पन्न हुए विवाद में पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में ले लिया। घटना शिवा ढाबा, चौधरपुर के पास हाईवे किनारे की है, जहां कुछ लोग यूकेलिप्टस के पेड़ काट रहे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार मौहल्ला चौधरियान जोया निवासी 27 वर्षीय मौ. जुनैद पुत्र नफीस अहमद, ग्राम डिडौली निवासी 45 वर्षीय धर्मपाल पुत्र कल्लू तथा ग्राम डिडौली निवासी करीब 28 वर्षीय बंटी पुत्र सत्यप्रकाश हाईवे किनारे यूकेलिप्टस के पेड़ काट रहे थे। इस दौरान आने-जाने वाले राहग. ीरों ने पेड़ काटने से मना किया, लेकिन तीनों नहीं माने और मौके पर हल्ला-गुल्ला करने लगे। स्थिति धीरे-धीरे आमदा- फसाद की ओर बढ़ने लगी। सूचना मिलने पर थाना डिडौली पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को समझाने का प्रयास किया, परंतु वे पुलिस की बात मानने को तैयार नहीं हुए और मना करने के बावजूद पेड़ काटते रहे। इस बीच राहगीरों के साथ विवाद बढ़ने लगा, जिससे शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका उत्पन्न हो गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने संज्ञेय अपराध की रोकथाम एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से मौ. जुनैद समेत तीनों व्यक्तियों को धारा 170 बीएनएसएस के अंतर्गत हिरासत में ले लिया। पुलिस का कहना है कि समय रहते कार्रवाई कर मौके पर शांति व्यवस्था कायम कर दी गई है।

# पानी में डूबने से हुई थी रिक्शा चालक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगावां सादात।** संदिग्ध हालत में लापता हुए ई-रिक्शा चालक मूनिस की मौत पानी में डूबने से हुई थी। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शव को सुपुर्दे खाक कर दिया है। मामले में पुलिस कार्रवाई नहीं की गई है। घरेलू विवाद में मृतक के आत्महत्या किए जाने का चर्चा है। जानकारी के मुताबिक 22 वर्षीय मृतक मूनिस थाना क्षेत्र के गांव जाझरू निवासी रईस खां का बेटा था। उनके परिवार में अब पत्नी अकबर बेगम के अलावा एक बेटा लुकमान और एक बेटी महक है। तीन भाई-बहनों में मूनिस सबसे बड़ा था और वह ई-रिक्शा चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। दो साल पहले उसकी शादी जोई निवासी सना के साथ हुई थी। उसके परिवार में एक साल का बेटा अरहान है। पुलिस के मुताबिक परिवार में हुए झगड़े के बाद बीती 6 जनवरी की सुबह मूनिस नाराज होकर घर से चला गया था, इसके बाद वह वापस लौटकर नहीं आया।

# तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक में मारी टक्कर

## ककड़ीपुर गांव के पास हुआ हादसा, महिला सहित पांच लोग घायल, बस चालक फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के रमाला थाना अंतर्गत ककड़ीपुर गांव के निकट सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। रोडवेज बस ने बाइक सवार लोगों को टक्कर मार दी, जिसमें एक महिला सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पहले गाल नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया, जहां से उनकी नाजुक हालत को देखते हुए जिला अस्पताल और बाद में मेरठ रेफर कर दिया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे के बाद बस चालक बस को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। बस में सवार सभी यात्री दूसरी बसों में बैठकर अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गए। घायलों की पहचान संजीव कुमार, ललित शर्मा (निवासी बाजिदपुर), समद पुत्र शोभी







निवासी ,असारा सादिक पुत्र युसूफ तथा सावेज पुत्र अयूब निवासी रमाला राजमिस्त्री का कार्य करते हैं। मजदूरी करके अपने घर जा रहे थे सामने से आ रही रोडवेज बस ने बाइक सवार लोगों को जोरदार टक्कर मार दी जिसमें सभी लोग गंभीर रूप से घर हो गएके रूप में हुई है। सभी की हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बस को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। फरार चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सोनू कश्यप को न्याय दिलाने को लेकर निकाला कैंडल मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** सोनू कश्यप को न्याय दिलाने की मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी ने कैंडल मार्च निकालकर जोरदार विरोध दर्ज कराया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष लव कश्यप के नेतृत्व में यह कैंडल मार्च पीएम शर्मा पार्क से प्रारंभ होकर नेहरू मूर्ति स्थल पर शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। मार्च में कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं के साथ-साथ बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक भी शामिल हुए।

कैंडल मार्च के दौरान सभी लोगों ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर सोनू कश्यप को श्रद्धांजलि अर्पित की और दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की। कार्यकर्ताओं ने सोनू कश्यप को न्याय दो और हत्यारों को गिरफ्तार करो जैसे नारे लगाकर अपना आक्रोश व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष लव कश्यप ने कहा कि कुछ दिन पूर्व मेरठ में सोनू कश्यप की जिंदा जलाकर निर्मम हत्या कर दी गई, जो समाज और मानवता दोनों के लिए शर्मनाक है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है और अपराधियों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। लव कश्यप ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही इस जघन्य हत्याकांड के आरोपियों की गिरफ्तारी कर उन्हें कड़ी सजा नहीं दिलाई गई, तो कांग्रेस पार्टी मेरठ में बड़े स्तर पर धरना-प्रदर्शन और आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। उन्होंने पीड़ित परिवार को तत्काल न्याय और सुरक्षा उपलब्ध कराने की भी मांग की। कार्यक्रम के अंत में नेहरू मूर्ति स्थल पर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत सोनू कश्यप की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।



# पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच हुई फायरिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** कोतवाली क्षेत्र के बावली गांव में बुधवार देर रात उस समय सनसनी फैल गई, जब पुरानी रंजिश के चलते शराब पार्टी के दौरान हुए विवाद में बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। नेशनल हाईवे किनारे रजबहे पर हुई इस वारदात में बदमाश अंकित उर्फ कट्टा ने अपने साथियों के साथ मिलकर गौरव और नितिन को गोली मार दी। अचानक हुई फायरिंग से मौके पर भगदड़ मच गई और आसपास के लोग दहशत में आ गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सभी युवक नेशनल हाईवे के किनारे रजबहे पर बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते हिंसक झगड़े में बदल गई। आरोप है कि अंकित उर्फ कटा ने तमंचा निकालकर फायरिंग कर दी। गोली



गौरव के पेट में और नितिन की कमर में लगी, जिससे दोनों युवक लहूलुहान होकर मौके पर गिर पड़े। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने गौरव की हालत गंभीर बताते हुए उसे दिल्ली रेफर कर दिया, जबकि नितिन का उपचार स्थानीय अस्पताल में जारी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारियों के मुताबिक, दोनों पक्षों के बीच काफी समय से पुरानी रंजिश चली आ रही थी, जो देर रात शराब पार्टी के दौरान हुए विवाद में विस्फोटक रूप ले गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस की टीमें उनकी तलाश में दबिश दे रही हैं और जल्द गिरफ्तारी का दावा किया जा रहा है। इस सनसनीखेज फायरिंग की घटना के बाद बावली गांव समेत आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। लोग देर रात तक घरों में दुबके रहे और गांव में तनावपूर्ण शांति बनी इस संबंध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार चाहल ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है मामले की जांच चल रही है। जल्दी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# दिल्ली- देहरादून कॉरिडोर पर सड़क हादसे में 6 लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दिल्ली- देहरादून कॉरिडोर पर एक सड़क हादसे में तीन कारें आपस में टकरा गईं। इस दुर्घटना में छह लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार, दिल्ली से बागपत की ओर जा रही एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर प्लास्टिक बैरिकेडिंग और पत्थर से टकरा गई। इसके बाद पीछे से आ रही दो अन्य कारें भी क्षतिग्रस्त कार और बैरिकेडिंग से जा भिड़ीं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के वाहन चालक रुक गए। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया और क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे हटवाया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पहली कार की रफ्तार काफी तेज थी, जिसके कारण यह हादसा हुआ। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। हाईवे अधिकारियों ने भी मौके का मुआयना किया।



# संस्कृति विवि और समत्वा मिलकर तैयार करेंगे उपयोगी शिक्षक



**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय और श्री अरविंदो सोसाइटी, पांडुचेरी की राष्ट्रीय शिक्षण अकादमी इकाई समत्व(एसएएमटीवीए) के मध्य एक महत्वपूर्ण एमओयू हुआ है। इस समझौते के तहत शिक्षकों को एक ऐसा शिक्षक बनाना है जो शिक्षण कार्य को आनंददायक तरीके से और संपूर्णता के साथ कर सकें। इस सहयोग का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को इंटीग्रल और आनंददायक सीखने के प्रभावी फैसिलिटेटर बनने के लिए सशक्त बनाना है। सभी विषयों के शिक्षकों के लिए प्रोफेशनली डिजाइन किए गए, ट्रांसफॉर्मेटिव एजुकेशन के सर्टिफिकेशन प्रोग्राम के तौर पर, समत्वा (।ड ।ज्ट ।) और संस्कृति विवि शिक्षकों को एक अच्छा मौका देंगे जहाँ वे श्री अरबिंदो और द मदर के एजुकेशनल फिलॉसफी पर आधारित रिफ्लेक्टिव प्रैक्टिस, सहयोग और आजीवन सीखने के सिद्धांतों की गहरी समझ के माध्यम से विकसित हो सकेंगे। समत्वा और संस्कृति विवि, सेवारत और इच्छुक दोनों तरह के शिक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे, जो नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020, एनसीएफ और एनसीईआरटी फ्रेमवर्क की सिफारिशों के साथ समकालीन शिक्षा के साथ समग्र शैक्षिक दर्शन को एकीकृत करने वाले विभिन्न सर्टिफिकेशन प्रोग्राम प्रदान करेंगे। अपनी सोच-समझकर की गई पहलों और कोर्स के माध्यम से, दोनों मिलकर ऐसे शिक्षकों को तैयार करके शैक्षिक ताने-बाने को मजबूत करने का लक्ष्य रखते हैं जो बच्चे के 360-डिग्री विकास के लिए विजन, कौशल और प्रतिबद्धता रखते हैं। यह महत्वपूर्ण एमओयू एक कार्यक्रम के दौरान अरविंद सोसायटी (उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड) के चेयरमैन विष्णु गोयल, संस्कृति विवि के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता और श्री अरविंद सोसायटी, कर्नाटक के चेयरमैन डॉ. अजीत सबनीस द्वारा हस्ताक्षर कर संपन्न कराया गया।

# ऑनलाइन ठगी के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** साइबर सेल और साइबर क्राइम टीम ने ऑनलाइन ठगी के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी शादी का झांसा देकर लोगों को ठगते थे और पिछले आठ वर्षों से इस तरह की वारदातों को अंजाम दे रहे थे। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार, अभियुक्त पहले ऑनलाइन साइटों पर (वधू चाहिए) का झूठा विज्ञापन तैयार करते थे। जब कोई आवेदक उनसे संपर्क करता था, तो वे मुलाकात तय करते थे। मुलाकात से पहले, वे रास्ते में एक्सीडेंट होने का बहाना बनाकर आवेदकों से अपने खातों में पैसे डलवा लेते थे और फिर उन पैसों को वापस नहीं करते थे। एडिशनल एसपी प्रवीण सिंह चौहान ने बताया कि बड़ौत निवासी एक व्यक्ति द्वारा ऑनलाइन ठगी की शिकायत मिली थी, जिसके बाद पुलिस टीम जांच में जुटी थी। पुलिस ने हरियाणा निवासी नावेद और मुरादाबाद निवासी पूरा को गिरफ्तार किया है। नावेद पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में 16 आपरा. धिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार अभियुक्त नावेद इस गिरोह का सरगना था, जबकि पूरा खातों के लेनदेन और अन्य जरूरी काम संभालता था। पुलिस काफी समय से इनकी तलाश कर रही थी। गिरफ्तार अभियुक्त 8 वर्षों में बड़ी संख्या में लोगों को ठगी का शिकार बनाकर लाखों रुपए की रकम ऐठ चुके है। अभियुक्तों के कब्जे से





आठ मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, एक आधार कार्ड, एक फर्जी आधार कार्ड, एक पैन कार्ड, तीन डेबिट कार्ड, एक पासबुक और एक चेक बुक बरामद हुई है। एएसपी प्रवीण सिंह चौहान ने बताया कि इन आरोपियों ने बड़ी संख्या में लोगों को ऑनलाइन ठगी का शिकार बनाया है। पुलिस इनके अन्य साथियों की भी तलाश कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## चोरो ने घर में घुसकर जाल काटकर नगदी समेत लाखों के जेवर किए, चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बीमार मां को इलाज के लिए मेरठ ले जाने के बाद बेखौफ चोर आंगन में लगा लोहे का जाल काटकर अंदर घुस गए, जो सेफ का ताला तोडक़र उसमें रखी नगदी समेत लाखों के जेवरात लेकर चंपत हो गए। गढ़ चौपला की महावीर कालोनी में मंदिर के पास रहने वाला अनिल कुमार ट्रांसपोर्ट का कारोबार करता है, जो परिजनों के साथ बुधवार को अपनी बीमार मां को लेकर उपचार कराने मेरठ अस्पताल में गया हुआ था। जहां से वापस लौटने पर आंगन में लगा लोहे का जाल कटा होने के साथ ही कमरे में रखी सेफ का ताला टूटा देख उसके होश उड़ गए।

# गढ़ बार एसोसिएशन कार्यकारणी ने की शपथ ग्रहण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नवनिर्वाचित बार एसोसिएशन कार्यकारणी ने भव्य समारोह में शपथ ग्रहण करते हुए अधिवक्ताओं के साथ ही वादका. रियों के हित में हरसंभव कदम उठाने का संकल्प दोहराया।

नगर के मीरा रेती में स्थित कचहरी परिसर में गुरुवार को गढ़ बार एसोसिएशन के तत्वाधान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष अशरफ अली और संचालन मो. हसिन ने किया। समारोह में नवनिर्वाचित कार्यकारणी से जुड़े अध्यक्ष कुंवरपाल सिंह, उपाध्यक्ष अनिल गौतम, सचिव प्रदीप त्यागी, सह सचिव संदीप निषाद, कोषाध्यक्ष, सबीहा चौधरी, पुस्तकालय सचिव लाखन सिंह, मीडिया प्रभारी सबीला परवीन समेत पांच कार्यकारणी सदस्यों को पूर्व अध्यक्ष विरेंद्र अग्रवाल ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण कराई। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अधिवक्ताओं के साथ ही वादका. रियों के हित में हरसंभव कदम उठाए जाने का संकल्प दोहराया। मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए जिला एवं सत्र न्यायधीश अजय कुमार ने बार और बैंच के बीच बेहतर सामंजस्य के साथ ही वादक. ारियों के हित में अनावश्यक हड़तालों से बचने का संकल्प दिलाया। विशिष्ट अतिथि के रूप में सीजीएम सौरभ कुमार वर्मा ने नवनियुक्त बार कार्यकारणी को शुभकामना दी।

# मथुरा बार एसोसिएशन के चुनाव आज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** बार एसोसिएशन के प्रतिष्ठा पूर्ण चुनाव 16 जनवरी (शुक्रवार) को होंगे। चुनाव से पूर्व वर्तमान अध्यक्ष प्रदीप शर्मा एवं सचिव शिव कुमार लवानियां ने संयुक्त रूप से अपने कार्यकाल की उपलब्धियों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया और कहा कि पूरे कार्यकाल में टीम ने पूरी निष्ठा, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा की। अध्यक्ष और सचिव ने कहा कि कार्यकाल के दौरान पुलिसदृप्रशासन एवं अन्य विभागों से जुड़ी अधिवक्ताओं की समस्याओं का समयबद्ध समाधान कराया गया और हर स्तर पर उनके मानदृसम्मान को बनाए रखा गया। अधिवक्ताओं से निरंतर संवाद कायम रखते हुए बार एसोसिएशन को एक सशक्त और संगठित मंच के रूप में विकसित किया गया। उन्होंने बताया कि करीब 30 लाख रुपये की लागत से अत्याधुनिक डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण कराया गया। इसके साथ ही विधायक श्रीकांत शर्मा की निधि से एक बड़ा आरओ प्लांट तथा कलेक्ट्रेट और सिविल परिसर में आठ छोटे आरओ लगवाए गए। अधिवक्ताओं और वादकारियों की सुविधा के लिए 200 बेंचों की व्यवस्था कराई गई, नए चौंबर बनवाए गए और वसुंधरा एन्क्लेव में चौंबरों को टीन मुक्त कराया गया।

# पुलिस मुठभेड़ में 3 शातिर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** थाना वृंदावन पुलिस ने छिनैती की घटनाओं का खुलासा करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान तीन शातिर अभियुक्तों को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के कब्जे से 03 तमंचे, 03 जिंदा कारतूस, 05 खोखा कारतूस, 02 मोबा. इल फोन, 5810 रुपये नकद और एक बिना नंबर प्लेट मोटरसाइकिल बरामद की गई है। बीती रात्रि रात मुखबिर की सूचना पर थाना वृंदावन पुलिस टीम ने गौ ग्राम चौराहा से धौरेरा की ओर चौतन्य विहार क्षेत्र में संदिग्ध बाइक सवारों को घेराबंदी कर रोकने का प्रयास किया। खुद को घिरता देख अभियुक्तों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी जिसके जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षार्थ कार्रवाई की। मुठभेड़ में तीनों अभियुक्त घायल हो गए जिन्हें मौके से गिरफ्तार कर उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम गौरव पुत्र जगदीश, निवासी चन्द्रसखी मोहल्ला केसी घाट रोहित पुत्र रमेश निवासी ग्राम स्याहरा थाना शेरगढ़ विमल उर्फ लड्डू पुत्र रामबाबू निवासी केसी घाट है।

# आजाद भारत में नारी सशक्तिकरण की मिसाल है मायावती : राही



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** कृष्णा नगर बिजली घर स्थित कैंप कार्यालय मथुरा पर अखिल भारतीय समता फाऊंडेशन जनपद मथुरा द्वारा समाजसेवी कार्यकर्ता सुनील पटवारी की अध्यक्षता में भारत में बहुजन राजनीति की क्रांतिकारी आयरन लेडी बसपाक्रांतिकारी नेता सुप्रीमो बहन कुमारी मायावती जी के 70वें जन्मदिवस पर जन्मोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। संचालन, विकास कुमार जाटव ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से पधारे बहुजन समाज पार्टी के सेक्टर अध्यक्ष बृजलाल कामरेड जी अन्य कार्यकर्ताओं का दुपट्टा साफा पहनाकर स्वागत किया तत्पश्चात नारी जाति का स्वाभिमान बहुजन समाज की मसीहा बहन कुमारी मायावती जी के चित्र हाथों में लेकर गगन बेदी नारे लगाकर बहन जी के उत्तम स्वास्थ्य एवं यशस्वी जीवन की मंगल कामना के साथ के काटकर बधाइयां प्रस्तुत की और जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर लुकेश कुमार राही ने बहन कुमारी मायावती जी को आजाद भारत में महिला सश. क्तिकरण की जीती जागती मिसाल बधाई प्रस्तुत की साथ ही बहुजन समाज को राजनीति की मुख्य धारा में लाने के लिए उनके दिए गए योगदान को भारतीय समाज सदैव ऋणी रहेगा।

जन्मदिवस कार्यक्रम के दौरान भोला कर्दम, बृजलाल कामरेड,सुमित कुमार, विशाल कुमार, नरेश कुमार, विशाल कुमार, सुनील पटवारी, विवेक कुमार, सौदान सिंह, आकाश बाबू, साबिर खान, प्रिंस कुमार, जयंत कुमार, सरदार महेंद्र सिंह, विकास कुमार आदि आदि ने बहन मायावती जी की जन्म दिवस पर उनकी लंबी उम्र की कामना की।

# एक बार फिर केएम अस्पताल के सर्जरी चिकित्सकों ने किया दुर्लभ ऑपरेशन, महिला के पेट से निकाला बालों का बड़ा गुच्छा



**मथुरा।** केएम अस्पताल के सर्जरी विभाग चिकित्सकों ने दुर्बल सर्जरी करके एक महिला के पेट से करीबन दो किलो बालों का गुच्छा निकाला है, मरीज अब स्वस्थ्य है, मरीज पिछले दस सालों से ट्राइकोफैगिया नाम की मानसिक बीमारी से जूझ रही थी, जिसमें व्यक्ति अपने ही बाल खाता है। चिकित्सा विज्ञान में इसे ट्राइकोबेजोआर कहा जाता है और दुनियाभर में अब तक ऐसे महज करीब 500 मामले ही दर्ज किए गए हैं। एक लाख लोगों में से एक व्यक्ति इस बीमारी से ग्रस्त होता है। गौरतलब हो कि 35 वर्षीय रानी के दस पूर्व पिता की मृत्यु होने पर वह मानसिक रूप से कमजोर हो गई थी, और ट्राइकोफैगिया नाम की मानसिक बीमारी से ग्रस्त हो गई। वह अपने ही बालों को नौंच नौंच कर खाने लगी। 10 महीनों से रानी के पेट में दर्द, उल्टी जैसी शिकायत होने लगी। कई जगह इलाज कराने के बाद भी मरीज को फायदा नहीं हुआ। मरीज के परिजन सरदार सिंह उसे लेकर केएम अस्पताल पहुंचे यहां सर्जरी विभाग के असिटेंट प्रोफेसर सागर मित्तल ने ऑपरेशन की सलाह परिजनों को दी। स्वीकृति मिलने के बाद सर्जरी विभागाध्यक्ष डा. अजय अग्रवाल के निर्देशन में प्रोफेसर डा. यशपाल जिंदल, प्रो. अजय जैन, प्रो. डा. संकल्प श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में असिटेंट प्रोफेसर डा. सागर व उनकी टीम के डा. आशुतोष, डा. तन्मय डा. निधि, डा. चिंतन के अलावा निश्चेतना विशेषज्ञ डा. अंचल जैन, डा. सुरभि, डा. शिल्पा, ओटी इंचार्ज शिवकुमार, भूपेन्द्र ने सफल सर्जरी कर मरीज के पेट में से बालों का दो फुट का गुच्छा बाहर निकाल दिया। मरीज के स्वस्थ होने में नर्सिंग विभाग के घनश्याम और रंजीत का विशेष सहयोग रहा। सर्जरी विभागाध्यक्ष डा. अजय अग्रवाल ने बताया कि महिला लंबे समय से पेट दर्द और भूख न लगने की शिकायत, उलटी से जूझ रही थी. उसने कई जगह इलाज कराया, लेकिन आराम नहीं मिला।

इसके बाद वह केएम हॉस्पिटल पहुंची, जहां अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन व अन्य जांच की प्रक्रिया शुरू की गई। एंडोस्कोपी के दौरान डॉक्टरों को महिला के पेट में बालों का बड़ा गुच्छा जमा होने का पता चला। स्थिति गंभीर थी और दवा से इलाज संभव नहीं था, इसके बाद विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने सफल सर्जरी कर महिला के पेट से बालों का पूरा गुच्छा बाहर निकाला। ऑपरेशन के बाद महिला की हालत स्थिर है और वह तेजी से स्वस्थ हो गई है। मेडीकल सुप्रीटेंट डा. अभय सूद, एडी ने बताया कि इस तरह की समस्या अक्सर बाल खाने की आदत (ट्राइकोफेजिया) या मान. सिक कारणों से जुड़ी होती है, जिसमें व्यक्ति अनजाने में बाल निगलता रहता है। समय के साथ ये बाल पेट में जमा होकर बड़ी गांठ का रूप ले लेते हैं, जिससे पाचन तंत्र प्रभावित होता है। केएम हॉस्पिटल के लिए यह पांचवा ऐसा मामला है, जबकि वैश्विक स्तर पर यह बीमारी बेहद दुर्लभ मानी जाती है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# हापुड़ में स्ट्रीट फूड की गुणवत्ता पर नजर, नमूने लेकर जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मीनाक्षी रोड पर छोले-भटूरे, टिक्की और चाट आदि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर मिली शिकायतों के बाद खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की।



खाद्य विभाग अधिकारी आरपी गुप्ता के नेतृत्व में टीम ने सड़क किनारे संचालित कई दुकानों का निरीक्षण कर खाद्य सामग्री की गहन जांच की। खाद्य विभाग को शिकायत प्राप्त हुई थी कि मीनाक्षी रोड पर छोले-भटूरे विक्रेताओं के बीच अत्यधिक प्रतिस्पर्धा चल रही है, जिसके चलते खाद्य गुणवत्ता और स्वच्छता पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए टीम ने मौके पर पहुंचकर छोले का नमूना लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा है। निरीक्षण के दौरान कई दुकानों पर साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई। इस पर खाद्य विभाग अधिकारी आरपी गुप्ता ने संबंधित दुकानदारों को तत्काल नोटिस जारी करते हुए स्वच्छता मानकों का पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि जांच रिपोर्ट में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी पाई गई या भविष्य में सुधार नहीं किया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आरपी गुप्ता ने दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। खाद्य सामग्री की गुणवत्ता और स्वच्छता बनाए रखना विक्रेताओं की जिम्मेदारी है। विभाग आगे भी नियमित रूप से इस तरह के निरीक्षण करता रहेगा। खाद्य विभाग की इस कार्रवाई से मीनाक्षी रोड के खाद्य विक्रेताओं में हड़कंप मच गया है, वहीं स्थानीय लोगों ने विभाग की इस पहल का स्वागत किया है और इसे जनहित में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम बताया है।

## फैक्ट्री चोरी का खुलासा, पुलिस के हत्थे चढ़ा चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस ने कूलर फैक्ट्री से बिजली का मोटर चोरी करने की घटना का सफल अनावरण करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया इलेक्ट्रिक मोटर भी बरामद कर लिया है।

पुलिस के अनुसार पिलखुवा पुलिस ने मुकदमा बीएनएस से संबंधित मामले का खुलासा किया। इस कार्रवाई में पुलिस टीम ने भगवत इंजीनियरिंग कॉलेज के पास से एक संदिग्ध को पकड़कर पूछताछ की, जिसमें उसने चोरी की वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अंकुर सोम पुत्र रामभज सिंह निवासी ग्राम गालंद थाना पिलखुवा जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। अभियुक्त के कब्जे से हैवेल्स लैफर्ट कंपनी का एक इलेक्ट्रिक मोटर बरामद किया गया, जिसे कूलर फैक्ट्री से चोरी किया गया था। पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# अवैध होटलों पर पुलिस का शिकंजा, दिए सख्त निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर में बिना वैध अनुमति संचालित हो रहे ओयो श्रेणी के होटलों की बढ़ती संख्या पर अब पुलिस ने सख्त रुख अपना लिया है। ऐसे होटलों को लेकर समय-समय पर कानून-व्यवस्था और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े सवाल उठते रहे हैं। इन्हीं चिंताओं को गंभीरता से लेते हुए हापुड़ नगर कोतवाल विनोद पांडेय ने अवैध रूप से संचालित होटलों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।



नगर कोतवाल ने स्पष्ट किया है कि जिन होटलों के पास आवश्यक पंजीकरण, दस्तावेज और नियमों के अनुरूप अनुमति नहीं है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में उन्होंने नगर क्षेत्र की सभी पुलिस चौकियों के प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में संचालित होटलों की सूची तैयार करें और वैधता की जांच करें। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित होटल संचालकों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, हाल के वर्षों में नगर क्षेत्र में इस तरह के होटलों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। कई बार कार्रवाई के बाद कुछ होटल बंद होते हैं, लेकिन कुछ समय बाद दोबारा संचालन शुरू होने की शिकायतें भी सामने आती रही हैं। इसी प्रवृत्ति पर रोक लगाने के उद्देश्य से इस बार सतत निगरानी और सख्त प्रवर्तन की रणनीति अपनाई जा रही है। नगर कोतवाल विनोद पांडेय ने कहा कि कानून-व्यवस्था, सामाजिक मर्यादा और आमजन की सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकता है। किसी भी स्थिति में अवैध गतिविधियों को बढ़ावा नहीं दिया जाएगा। उन्होंने होटल संचाल. कों से भी अपील की है कि वे नियमों के अनुरूप ही अपने प्रतिष्ठान संचालित करें, अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

# कानून-व्यवस्था मजबूत, खुले में शराब पीने वाले 27 गिफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर में सार्वजनिक स्थानों पर खुले में शराब पीने और नशे की हालत में हुड़दंग मचाने वालों के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अपना लिया है। नगर कोतवाली का चार्ज संभालने के बाद से ही नगर कोतवाल विनोद पांडेय लगातार ऐसी गतिविधियों पर अंकुश लगाने में जुटे हैं। उनकी सख्ती का असर यह है कि खुले में शराब पीने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, बीते कुछ समय में अलग-अलग अभियानों के तहत कभी 199, कभी 40 और कभी 34 लोगों के खिलाफ सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने के आरोप में कार्रवाई की जा चुकी है।



इसी क्रम में बुधवार देर रात नगर कोतवाल विनोद पांडेय के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में खुले में शराब पीकर हुड़दंग कर रहे 27 लोगों को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई की गई। अक्सर देखा जाता है कि शराब की दुकानों के सामने कैंटीन की व्यवस्था होने के बावजूद लोग उसका उपयोग नहीं करते और सड़कों, ठेलों या दुकानों के बाहर खड़े होकर शराब पीने लगते हैं। इससे न केवल यातायात प्रभावित होता है, बल्कि आम लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। पुलिस ने इस प्रवृत्ति को गंभीरता से लेते हुए सख्त कदम उठाए हैं। नगर कोतवाल विनोद पांडेय ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने या दूसरों को अवैध रूप से शराब पिलाने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

उन्होंने कहा कि यदि कोई दुकानदार या ठेले वाला खुले में शराब पिलाते हुए पाया गया, तो उसके खिलाफ भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# सिम्स में लोहड़ी का भव्य उत्सव, सांस्कृतिक परंपरा में रंगा परिसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में लोहड़ी 2026 का पर्व सांस्कृतिक उल्लास, पारंपरिक रंगों और सामूहिक उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, अधिकारियों और विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।



कार्यक्रम की शुरुआत एंकर गुनजन और गुनिका ने पारंपरिक पंजाबी अंदाज में की। इसके बाद बैच 2024 की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत गिद्धा नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। रंग-बिरंगे परिधानों और तालबद्ध प्रस्तुति को खूब सराहना मिली। सामूहिक गीत और ऊर्जावान नृत्य प्रस्तुतियों ने पूरे सभागार को उत्साह से भर दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या डा. बरखा गुप्ता ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ आपसी एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पारंपरिक लोहड़ी अलाव रहा, जिसका प्रज्वलन सरस्वती ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस की वाइस चेयरपर्सन रम्या रामचंद्रन, एएमईटी यूनिवर्सिटी चेन्नई की वाइस प्रेसिडेंट डा. दीपा राजेश, प्रधानाचार्या डा. बरखा गुप्ता और वरिष्ठ संकाय सदस्यों ने संयुक्त रूप से किया। संस्थान के संस्थापक एवं चेयरमैन डा. जे. रामचंद्रन ने भी समस्त संस्थान परिवार को शुभकामनाएं प्रेषित कीं। धन्यवाद ज्ञापन के साथ लोहड़ी 2026 का यह आयोजन उत्साह और सौहार्द के वातावरण में संपन्न हुआ।

# ई-स्कूटी लूट व बाइक चोरी का भंडाफोड़, दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ पुलिस ने ई-स्कूटी लूट और मोटरसाइकिल चोरी की सनसनीखेज घटना का सफल अनावरण करते हुए दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटी गई ई-स्कूटी, चोरी की प्लेटिना मोटरसाइकिल, घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटरसाइकिल तथा अवैध असलहा बरामद किया है।



पुलिस के अनुसार जनपद में अपराध की रोकथाम और वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत बाबूगढ़ पुलिस ने कुचेसर रोड से दो अभियुक्तों को दबोचा। पूछताछ में अभियुक्तों ने 12 जनवरी 2026 की रात ग्राम बनखण्डा पेट्रोल पंप के पास ई-स्कूटी लूट की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान उचित पुत्र स्व. राजीव सिंह निवासी ग्राम रसूलपुर थाना बाबूगढ़, हाल पता कुचेसर रोड चौपला बाबूगढ़ तथा रौनक त्यागी पुत्र किनोपाल त्यागी निवासी ग्राम बनखण्डा थाना बाबूगढ़ के रूप में हुई है।

पुलिस ने अभियुक्तों के पास से एक लूटी गई ई-स्कूटी, प्लेटिना मोटरसाइकिल संख्या यूपी 37 डब्ल्यू 3430, घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटरसाइकिल संख्या डीएल 8 एसएडब्ल्यू 6275 और दो तमंचे 315 बोर मय दो जिंदा कारत.ूस बरामद किए हैं। बाबूगढ़ पुलिस का कहना है कि बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमे दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# जनपद में डॉग बाइट का ग्राफ तेज, तीन दिन में 100 से ज्यादा मामले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले में आवारा कुत्तों के काटने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोगों के बीच भय का माहौल बन गया है। हालत यह है कि जिला अस्पताल में प्रतिदिन 45 से अधिक लोग डॉग बाइट के इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। बीते दिनों आवारा कुत्तों ने कई बच्चों और महिला पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया, जिससे ग्रामीणों में दहशत और बढ़ गई है।



जानकारी के अनुसार बुधवार को ही करीब 28 लोग कुत्तों के काटने का शिकार हुए। वहीं पिछले तीन दिनों में जिला अस्पताल में 80 से अधिक डॉग बाइट के मामले दर्ज किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि अस्पताल के अलावा निजी चिकित्सालयों और ग्रामीण क्षेत्रों को मिलाकर वास्तविक आंकड़ा इससे कहीं अधिक हो सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि आवारा कुत्ते अचानक झुंड में हमला कर देते हैं, जिससे लोग घरों से बाहर निकलने में भी डर महसूस कर रहे हैं। बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर परिजन खासे चिंतित हैं। जिला अस्पताल के चिकित्सकों के अनुसार डॉग बाइट के मामलों को देखते हुए अस्पताल में एंटी-रेबीज इंजेक्शन और अन्य आवश्यक दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। चिकित्सा अधिकारियों का कहना है कि सभी मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। लगातार बढ़ रही घटनाओं को लेकर लोगों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों की समस्या पर जल्द प्रभावी कदम उठाने की मांग की है, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

## एक नजर

### कॉलेज से कॉपर तार चोरी का भंडाफोड़, चोर सहित औजार और वाहन बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस ने जीएस मेडिकल कॉलेज से कॉपर तार चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए एक बाल अपचारी सहित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया कॉपर केबल तार, कटर, अवैध चाकू और वारदात में प्रयुक्त ऑटो भी बरामद किया है।

पुलिस टीम ने जटपुरा कट के पास घेराबंदी कर दो संदिग्धों को पकड़ लिया। पूछताछ में दोनों ने जीएस मेडिकल कॉलेज से तार चोरी करने की बात स्वीकार की। गिरफ्तार अभियुक्तों में अनस बेग पुत्र स्वर्गीय खालिद निवासी ग्राम कुशलिया थाना मसूरी जनपद गाजियाबाद तथा एक बाल अपचारी शामिल है। पुलिस ने उनके कब्जे से करीब 21.05 किलोग्राम कॉपर केबल तार, केबल काटने का कटर, एक अवैध चाकू और घटना में प्रयुक्त सीएनजी ऑटो संख्या यूपी 14 एलटी 7690 बरामद किया है। थाना प्रभारी का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### पुलिस ने फर्जी बैनामा करने वाले दो आरोपियों को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना धौलाना पुलिस ने फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेजों के जरिए जमीन का बैनामा कराने के मामले में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस की इस कार्रवाई से जमीन संबंधी धोखाधड़ी के मामलों में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है।

पुलिस के अनुसार थाना धौलाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज मामले का सफल अनावरण किया। पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को उनके ठिकानों से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान मूलचंद उर्फ मूला पुत्र महीपत उर्फ महिपाल निवासी ग्राम धौलाना थाना धौलाना तथा इस्लाम पुत्र सद्दीक फकीर उर्फ अलवी निवासी ग्राम धौलाना थाना धौलाना जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। थाना प्रभारी का कहना है कि आरोपियों ने कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से बैनामा कराकर धोखाधड़ी की थी। संबंधित धाराओं में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### मुकदमे में फैसला न करने पर, तमंचा दिखाकर भयभीत करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के स्याना रोड निवासी युवक ने न्यायालय में चल रहे वाद में फैसला करने पर आरोपी पक्ष पर तमंचा तानने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित सलमान ने बताया कि उसके घर में करीब चार माह पूर्व एक युवक घुस गया था। उसकी आहट होने पर उसने आरोपी को पकड़ा तो आरोपी ने उसको पीटकर घायल कर दिया। घटना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। रिपोर्ट दर्ज किए जाने के बाद से मामला न्यायालय में चल रहा है।

पीड़ित ने बताया कि दो दिन पूर्व वह गाड़ी से गांव बदरखा के लिए जा रहा था। रास्ते में आरोपी पक्ष ने उसको रोक कर तमंचा दिखाकर भयभीत किया। पीड़ित ने मौके पर ही पुलिस को सूचना दी। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मकर संक्राति के दूसरे दिन भी श्रद्धालुओं ने किया पूजन के साथ गंगा स्नान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बृहस्पतिवार को दूसरे दिन भी मकर संक्रांति पर्व रहने से मां गंगा के तट पर स्नानार्थियों का तांता लगा रहा। लोगों ने सुबह से ही गंगा जी में स्नान किए। सभी प्रमुख घाटों पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन लगा रहा। जबकि विभिन्न स्थानों पर खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। बुधवार के अलावा बृहस्पतिवार को भी मां गंगा के तट पर श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ था। दूरस्थ समीपस्थ और क्षेत्र के श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहा। सुबह से नगर समेत ग्रामीण क्षेत्र में अनेक धार्मिक आयोजन होते रहे। जिनमें मां गंगा की पूजन अर्चन के साथ ही शिव का अभिषेक, रामायण पाठ और अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का सिलसिला जारी रहा।

# पॉक्सो एक्ट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस ने घर में घुसकर नाबालिग के साथ छेड़खानी करने के गंभीर मामले में नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर लोगों में भरोसा बढ़ा है।

पुलिस के थाना पिलखुवा पुलिस ने मुकदमा से संबंधित आरोपी को दहपा प्याऊ के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के साथ पॉक्सो एक्ट की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अजीम पुत्र दिलशाद निवासी ग्राम दहपा थाना पिलखुवा जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस का कहना है कि आरोपी ने घर में घुसकर नाबालिग के साथ छेड़खानी की थी, जिसके बाद पीड़ित पक्ष की शिकायत पर तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी का कहना है कि महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध करने वालों के प्रति किसी भी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी और ऐसे मामलों में सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# आपदा से मुकाबले को तैयार हापुड़, आपदा मित्र एसडीआरएफ प्रशिक्षण के लिए रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में चयनित आपदा मित्रों को आपदा से निपटने के लिए और अधिक दक्ष बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) संदीप कुमार ने हरी झंडी दिखाकर आपदा मित्रों को 12 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण के लिए एसडीआरएफ कैंप लखनऊ रवाना किया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य आपदा मित्रों को किसी भी आपात स्थिति में त्वरित, सुरक्षित और प्रभावी ढंग से राहत एवं बचाव कार्य करने में सक्षम बनाना है।




जिला आपदा विशेषज्ञ गजेंद्र सिंह बघेल ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान बाढ़, भूकंप, अग्निकांड, आकाशीय बिजली, सड़क दुर्घटना, औद्योगिक हादसों सहित अन्य प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं से निपटने के लिए विस्तृत जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण में खोज एवं बचाव कार्य, प्राथमिक उपचार, घायलों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने की प्रक्रिया, राहत सामग्री का वितरण, भीड़ प्रबंधन और आपातकालीन संचार व्यवस्था से संबंधित व्यावहा. रिक अभ्यास भी शामिल रहेगा। साथ ही विभिन्न आपदाओं के दौरान क्या करें और क्या न करें से जुड़े आवश्यक दिशा-निर्देशों पर विशेष जोर दिया जाएगा। एसडीआरएफ के अनुभवी अधिक. ारियों द्वारा मॉक ड्रिल और फील्ड अभ्यास के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे आपदा मित्र वास्तविक परिस्थितियों में बेहतर ढंग से कार्य कर सकें। अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद आपदा मित्र जनपद में किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर राहत और बचाव कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। यह प्रशिक्षण जनपद की आपदा प्रबंधन व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ आमजन को आपदा के प्रति जागरूक करने में भी सहायक सिद्ध होगा।

# टोल प्लाजा के खिलाफ 25वें दिन भी रहा धरना जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** पालिका सीमा में चल रहे टोल प्लाजा को तयशुदा मानकों के विपरीत अवैध रूप में संचालित होने का आरोप लगाकर हटवाने की मांग को लेकर चलाया जा रहा धरना 25 वें दिन भी जारी रहा, जिसमें शामिल होकर व्यापारियों ने शासन प्रशासन के साथ ही जन प्रतिनिधियों की अनदेखी पर कड़ी नाराजगी जताई।



गढ़ पालिका सीमा के अंतर्गत दिल्ली लखनऊ नेशनल हाईवे पर संचालित हो रहे ब्रजघाट टोल प्लाजा को हटवाने की मुहिम लगातार तेजी पकड़ती जा रही है। मानकों के विपरीत अवैध रूप से संचालित होने का दावा करते हुए समाजसेवी पंकज लोधी राजपूत द्वारा तहसील परिसर में बेमियादी धरना दिया जा रहा है, जो गुरुवार को लगातार 25 वें दिन भी जारी रहा। फल एवं सब्जी आढ़त एसोसिएशन के अध्यक्ष चौधरी यामीन पप्पू दर्जनों आढ़तियों के साथ धरने में शामिल हुए। जिन्होंने समाज सेवी पंकज लोधी द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन का समर्थन करते हुए हरसंभव स्तर पर भागीदार रहने का संकल्प लिया। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष अनवर मलिक ने जनहित से जुड़ीं मांगों को शासन प्रशासन के साथ ही क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों द्वारा नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। पूर्व सभासद अनिल बंसल, अब्बासी महासभा के प्रतिनिधि नुसरत अली, अशोक गुप्ता, चीनू यादव, बंटी जोशी, धर्मेंद्र यादव, गुड्डू चौहान, अनीस कुरैशी, मसरूर, अतरसिंह कटारिया समेत दर्जनों लोग धरने में शामिल हुए।

# दौड़ में गोल्ड व सिल्वर मेडल जीतकर भाकियू नेत्री के पोते ने क्षेत्र का नाम किया रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** भाकियू नेत्री के पोते ने उत्तराखंड राज्य में स्कूल गेम्स एमएटीयूआर फेडरेशन आफ इंडिया के तत्वाधान में हुई चैंपियनशिप की चार सौ मीटर दौड़ में गोल्ड और सौ मीटर दौड़ में सिल्वर मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया।



भाकियू टिकैत की प्रदेश सचिव विनीता चौधरी का पोता कनिष्क चौधरी बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव पलवाड़ा के गणेश पब्लिक स्कूल में चौथी क्लास का छात्र है, जिसने उत्तराखंड राज्य के हरिद्वार शहर में स्कूल गेम्स एमएटीयूआर फेडरेशन आफ इंडिया के तत्वाधान में मंगलवार को हुई एथलेटिक चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए गढ़ क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कनिष्क द्वारा अपने शानदार प्रदर्शन के बल पर चार सौ मीटर दौड़ में गोल्ड और सौ मीटर दौड़ में सिल्वर मेडल जीतने पर आयोजन समिति ने उसे पुरस्कृत करते हुए हौंसला बढ़ाया। कनिष्क चौधरी के उत्कृष्ट प्रदर्शन से दादी विनीता चौधरी, पिता राहुल सिंह, चाचा हनी चौधरी, बुआ रूबा सिंह समेत ग्रामीण फूले नहीं समा रहे हैं और क्षेत्रवासी भी खुद को गौरान्वित महसूस कर रहे हैं।

# पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर की पति की हत्या

## अवैध रिश्तों की खौफनाक साजिश, 12 घंटे में पुलिस ने खोला राज़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** अवैध रिश्तों की आड़ में रची गई एक खौफनाक साजिश ने पूरे इलाके को दहला दिया। बुधवार सुबह रेलवे ट्रैक के किनारे पड़े युवक के शव को देखकर लोग यही समझ रहे थे कि यह कोई दर्दनाक ट्रेन हादसा है, लेकिन पुलिस की गहन जांच ने इस रहस्यमयी मौत के पीछे का ऐसा सच उजागर किया, जिसने हर किसी को चौंका दिया। यह हादसा नहीं, बल्कि पत्नी और उसके प्रेमी द्वारा रची गई सुनियोजित हत्या थी। पति को रास्ते से हटाने के लिए शराब, छल और बेरहमी का सहारा लिया गया और फिर वारदात को ट्रेन दुर्घटना का रूप देने की कोशिश की गई।

सुबह करीब साढ़े सात बजे डायल 112 पर सूचना मिली कि नौगावां रेलवे फाटक से धनौरा की ओर ट्रैक पर एक व्यक्ति का शव पड़ा है। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक बालेन्द्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव की हालत देख आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। कुछ ही देर में मृतक की पहचान कस्बा अट्टा निवासी टिंकू पुत्र हरनाम सिंह (35) के रूप में हो गई। मौके पर पहुंचे परिजन शुरू से ही इसे हत्या बताते रहे।



पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने पूरे मामले की दिशा ही बदल दी। रिपोर्ट में मौत का कारण गला घोंटने से दम घुटना (एस्फिक्सिया) सामने आया। इसके बाद स्पष्ट हो गया कि यह कोई हादसा नहीं, बल्कि हत्या है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल खुलासे के निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया और क्षेत्राधिकारी धनौरा अंजली कटारिया के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ी, रिश्तों की कड़वी सच्चाई सामने आती गई। पुलिस पूछताछ में मृतक की पत्नी संगीता और उसके प्रेमी नरसिंह देव के बीच वर्षों पुराने अवैध संबंधों का खुलासा हुआ। पति टिंकू इस रिश्ते में बाधा बन रहा था, इसी वजह से उसे हमेशा के लिए हटाने की साजिश रची गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस के जरिए महज 12 घंटे में पूरे हत्याकांड का खुलासा कर दिया। पत्नी और प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया गया, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि रिश्तों में पनपा शक और अवैध संबंध किस हद तक इंसान को हैवान बना सकते हैं।

# निजी अस्पताल में युवक की मौत पर हंगामा

## हेपेटाइटिस सी से पीड़ित था युवक, परिजनों का हंगामा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** निजी अस्पताल में उपचार के दौरान 35 वर्षीय दिलीप कुमार की मौत हो गई। काफी समय से वह हेपेटाइटिस सी से पीड़ित था। मौत पर गुस्साए परिजनों ने चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। हालांकि, बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता होने के चलते पुलिस स्तर पर मामले में फिर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

जानकारी के मुताबिक दिलीप कुमार अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव बंबूगढ़ निवासी स्व.तिलक कुमार के बेटे थे। तिलक कुमार पेशे से राजमिस्त्री थे। उनके परिवार में पत्नी सुनीता के अलावा दो बेटे हैं। बताया जा रहा है कि दो साल पहले मकान का निर्माण करते समय दिलीप कुमार ऊपर से गिरकर घायल हो गया था। परिजनों ने निजी अस्पताल में इलाज कराया था लेकिन इसके बाद दिलीप कुमार को।हेपेटाइटिस सी की बीमारी ने घेर लिया। परिजन जोया स्थित एक निजी अस्पताल में उपचार करा रहे थे। गुरुवार दोपहर अस्पताल में भर्ती दिलीप की उपचार के दौरान मौत हो गई। गुस्साए परिजनों ने चिकित्सक व स्टाफ पर लाप. रवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, गुस्साए परिजनों को समझाकर शांत किया। इसके बाद दोनों पक्ष कोतवाली पहुंच गए, जहां समझौता हो गया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि परिजन चिकित्सक पर उपचार में लापरवाही बरतने का आरोप लगा रहे थे लेकिन बाद में दोनों पक्षों में समझौता हो गया। मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

### घायल नीलगाय का उपचार कर जंगल में छोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कुत्तों के हमले से घायल हुई नीलगाय को वन विभाग ने उपचार करने के बाद जंगल में छोड़ दिया। गुरुवार की सुबह करीब 10 बजे कोतवाली क्षेत्र के गांव शेखूपुर झकडी में बैंक के समीप एक नीलगाय घायल अवस्था में पहुंच गई। नीलगाय के पीछे कुत्तों का झुंड लगा हुआ था। उनसे बचने के लिए वह गांव की आबादी के बीच पहुंच गई। ग्रामीणों ने लाठी डंडों से हमलावर और कुत्तों को वहां से भगा दिया। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। वन विभाग की टीम ने नीलगाय का उपचार कर उसे जंगल में छोड़ दिया। इस दौरान हल्का दरोगा पलट राम सिंह व बीट प्रभारी ताहिर हुसैन मौजूद थे।

# शौच को जंगल गये किसान की संदिग्ध मौत

## जांच में जुटी पुलिस, क्षेत्र में दहशत, परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नौगावां सादात क्षेत्र के गांव अलीपुर कलां में गुरुवार सुबह शौच के लिए जंगल गए गांव निवासी 48 वर्षीय किसान कैलाश की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। तलाश के दौरान खून से लथपथ शव गन्ने के खेत में मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस व वन विभाग की टीम ने जांच-पड़ताल की तथा बाद में शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से सुबूत जुटाए। वहीं, तेंदुए के हमले में मौत की आशंका के बीच घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से आदमखोर तेंदुए को पकड़वाने की मांग की है।

मृतक कैलाश गांव अलीपुर कलां निवासी पेशे से किसान सतपाल सिंह के बड़े बेटे थे। उनके परिवार में पत्नी योग माया के अलावा एक बेटी स्वानी है। गुरुवार सुबह लगभग सात बजे कैलाश शौच के लिए जंगल जाने की बात कहकर घर से निकले थे लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटे। इसके बाद परिजनों ने उन्हें गांव में काफी तलाश किया लेकिन कुछ पता नहीं चला। दोपहर में लगभग 12 बजे परिजन जब ढूंढते हुए जंगल की तरफ पहुंचे तो वहां एक गन्ने के खेत में कैलाश का खून से लथपथ शव पड़ा मिला। खौफनाक दृश्य को देख परि. जनों के होश उड़ गए। देखते-देखते मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ लग गई। मृतक कैलाश के गर्दन पर पीछे की तरफ घाव के गहरे निशान थे, जिसे देखकर ये माना जा रहा है कि उनकी मौत तेंदुए के हमले में हुई है। उधर, जंगल में शव मिलने की सूचना पर सीओ अवधभान भदौरिया व इंस्पेक्टर सुनील कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, तेंदुए के हमले में किसान की मौत के शोर के बीच वन विभाग की टीम को भी बुला लिया। बताया जा रहा है कि शव के आस-पास जंगली जानवर के पंजे के निशान भी मिले। लिहाजा, फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। बाद में पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, किसान कैलाश की मौत से जहां पत्नी, बेटी व परिजनों का रोते बिलखते बुरा हाल है तो वहीं क्षेत्र में तेंदुए को लेकर दशहत का माहौल बना है। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में भी जंगल में तेंदुआ देखा जा चुका है, कई किसानों पर हमले भी हो चुके हैं लेकिन वन विभाग तेंदुए को पकड़ने को लेकर गंभीर नहीं है।



अमरोहा। खेत में किसान का शव मिलने के बाद जांच करती पुलिस, जमा ग्रामीणों की भीड़।

# थल सेना दिवस पर बीएसडी एकेडमी में उत्साह

## सैनिक स्कूल में चयनित बच्चों का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** 15 जनवरी थल सेना दिवस के पावन अवसर पर बीएसडी एकेडमी में देशभक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला सीओ अंजली कटारिया का एकेडमी में जोरदार स्वागत किए गया।

सीओ अंजली कटारिया ने आगामी 18 जनवरी को होने वाली ऑल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी प्रतिभागियों को अग्रिम शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बच्चों से कहा कि अनुशासन, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की कुंजी है। सेना में भर्ती होकर देश सेवा करने को उन्होंने सबसे बड़ा गौरव बताते हुए विद्यार्थियों को निडर होकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। सीओ ने बीएसडी एकेडमी के प्रबंधक नितिन धारीवाल एवं निर्देशिका सुशीला देवी सहित समस्त अकादमी स्टाफ की सराहना करते हुए कहा कि संस्था बच्चों में न केवल शैक्षणिक गुणवत्ता बल्कि अनुशासन और देशभक्ति की भावना भी विकसित कर रही है। कार्यक्रम के दौरान रौनक, रवि शर्मा, राहुल पाल, तेजपाल विश्वकर्मा, हर्षित महल, ललिता, प्रत्यूष कपिल, विपिन, अजय, डॉली, मुनाजिर, तुषार, परविंदर, दिशांत, सचित, हरिराम, नीतू, मोनिका, दिव्यांश, नितिन, पारुल, उमाशी, लविता सहित अनेक छात्र-छात्राएं व स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



# श्रद्धा व उल्लास से मना मकर सक्रान्ति पर्व

## मन्दिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** दान-पुण्य और सूर्य उपासना का पावन पर्व मकर संक्रांति गुरुवार को धनौरा में हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। कड़ाके की ठंड के बावजूद श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। सुबह से ही नगर के प्रमुख मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। विभिन्न धार्मिक व सामाजिक आयोजनों के चलते पूरे नगर का माहौल भक्तिमय बना रहा।

नगर के चौधरी चरण सिंह पार्क में विशेष यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां दीं। महिलाओं ने राष्ट्र कल्याण और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम की आयोजक अनीता भटनागर ने बताया कि मकर संक्रांति पर यज्ञ करने से वातावरण शुद्ध होता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। प्राचीन शिव मंदिर, श्रीराम मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। लोगों ने पवित्र स्नान कर तिल, गुड़ और खिचड़ी का दान किया। पर्व के अवसर पर कई स्थानों पर विशाल खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया, जहां राहगीरों और जरूरतमंदों को गर्म खिचड़ी प्रसाद स्वरूप वितरित की गई। श्रद्धालुओं का कहना है कि सूर्य के उत्तरायण होने का यह पर्व अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने का प्रतीक है। शाम तक नगर में उत्सव का माहौल बना रहा और लोगों ने एक-दूसरे को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर वैशाली गुप्ता, शांति शर्मा, मीना आर्य, भावना अग्रवाल, लक्ष्मी अग्रवाल, मनीषा लवकुश, पूजा शर्मा, चित्रा अग्रवाल, साक्षी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# चोरी की वारदात ने किसानों की उड़ाई नींद

## ट्यूबवैलों से स्टार्टर व कॉपर के तार चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** चोरों ने स्टार्टर व कॉपर के तारों को चोरी कर किसानों को भारी नुकसान पहुंचा है। पुलिस को चोरों के खिलाफ तहरीर दे दी है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव कालाखेड़ा में चोरों ने एक ही रात में किसानों के ट्यूवेलों से स्टार्टर व अन्य उपकरणों को चोरी कर उन्हें भारी क्षति पहुंचाई है। चोरों ने तौफीक पुत्र सददीक, शहजादा पुत्र इदवा, इश्तियाक पुत्र बादुल्ला, इमरान पुत्र कजाम अली, फिरोज आलम पुत्र अल्लाह मेहर, मुस्ताक कल्लन पुत्र अब्दुल रज्जाक, आमिर हुसैन पुत्र अल्लाह दिया, पीतम पुत्र चोखा, कलुवा सिंह पुत्र फकीरा, खलील पुत्र रमजानी, जुलकदर मेहंदी पुत्र ऑन मोहम्मद के ट्यूवेलों में लगे स्टार्टरो के अलावा कॉपर के तारों को भी चोरी कर लिया। सुबह होने पर जब किसान अपने खेतों पर पहुंचे और वहां का नजारा देखा तो उनके होश उड़ गये। अज्ञात चोरों के खिलाफ किसानों ने पुलिस को तहरीर दे दी है। इस समय घना को. हरा होने का फायदा उठाकर किसानों के खेतों पर धावा बोलकर उनके स्टार्टर उपकरणों को चोरी कर रहे हैं। किसान संगठनों द्वारा पुलिस से चोरों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई है।

# आनन्दा डेयरी पर आयकर विभाग का छापा

## दिन निकलते ही पहुंची टीम, टैक्स चोरी का शक, रिकार्ड लिया कब्जे में




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गजरौला।** हाईवे किनारे स्थित आनंदा डेयरी के प्लांट पर सुबह सात बजे आयकर विभाग ने टैक्स चोरी के संदेह में छापा मारा। टीम ने अंदर पहुंचते ही डेयरी का द्वार बंद करा दिया और कम्पनी के सभी रिकॉर्ड को अपने कब्जे में लिया। समाचार लिखे जाने तक टीम डेयरी के अंदर ही मौजूद थी।

गुरुवार की सुबह सात बजे भारत व उत्तर प्रदेश सरकार के आयकर विभाग के अधिकारियों की गाड़ियां नगर के भानपुर में स्थित आनंदा डेयरी के प्लांट पर पहुंचीं। गाड़ियां अंदर जाने के बाद अधिकारियों ने गेट बंद करा दिए, जबकि लेखा विभाग सहित सभी यूनिटों को अपने कब्जे में लिया। अधिकारियों के मोबाइल भी जब्त करके एक स्थान पर रखवा दिए गए। आयकर विभाग की टीम आने से डेयरी कर्मचारियों में भी खलबली मच गई। छापेमारी के दौरान कम्पनी परिसर में सुरक्षा बलों के जवान भी तैनात रहे। कम्पनी से जुड़े कर्मचरियों को ही ड्यूटी के समय ही आने जाने दिया। बताते हैं ये छापेमारी टैक्स चोरी के संदेह में हुई है। आनंदा डेयरी के अन्य प्लांटों पर भी गुरुवार को ही छापेमारी की गई है।

## एक नजर

### लायनेस क्लब ने वृद्धाश्रम में बांटी खुशियां



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** लायनेस क्लब धनौरा परिवर्तन की ओर से गुरुवार को मानवता और सेवा भावना से ओतप्रोत एक सराहनीय पहल की गई। क्लब की सदस्यों ने नगर के वृद्ध आश्रम और कुष्ठ आश्रम पहुंचकर वहां रह रहे बुजुर्गों व जरूरतमंदों के बीच सेवा कार्य किया। इस दौरान कड़ाके की ठंड को देखते हुए कंबल, शॉल, मौजे और टोपियां वितरित की गईं, वहीं खाने-पीने की सामग्री में खिचड़ी, दाल, चावल, आटा सहित अन्य आवश्यक सामान भी दिया गया। इस अवसर पर सुधा शर्मा, सिम्मी अग्रवाल, सीमा यादव, चित्रा गर्ग, अलका, बबीता सिंह सहित क्लब की अन्य सदस्याएं मौजूद रहीं।

# इल्म ही समाज की सबसे बड़ी दौलत: हैदर

## इजरत इमाम मूसा काजिम की शहादत पर मजलिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** हजरत इमाम मूसा काजिम की शहादत पर शहर के विभिन्न इमामबाड़ों में मजलिसों का आयोजन किया गया। जिसमें उलेमाओं ने इमामों की तालीमात पर जिंदगी गुजारने का पैगाम दिया।

शहर के मोहल्ला दरबार मीरा खान में आयोजित मजलिस में मौलाना शादाब हैदर ने बताया कि इमाम मूसा काजिम ने समाज को शिक्षा हासिल करने का संदेश दिया। आप अपने समय के सबसे बड़े इस्लामिक विद्वान थे। आप ने पैगंबर मोहम्मद साहब के संदेश और कुरान की शिक्षा को आसान भाषा में लोगों तक पहुंचाने में बेहद अहम योगदान दिया। मौलाना ने बताया कि इमाम काजिम आम लोगों को हमेशा शिक्षा के लिए प्रेरित करते रहे। आपने शिक्षा को मानवता और दूसरों की हमदर्दी का आधार बनाया। समाज के उच्च वर्ग को निम्न वर्ग की सहायता और दान करने के लिए प्रेरित किया। मजलिस में मौलाना ने शहादत का बयान पेश किया, जिसे सुनकर लोगों की आंखों से आंसू निकल आए। मजलिस में मोहम्मद असगर व हमनवां ने मर्सिया व सोज-सलाम पेश किया। इस दौरान हकीम बाकर मुंतजिर, डॉ. चंदन नकवी, तहव्वुर हुसैन नकवी, असकरी अमरोहवी, शजर अब्बास, शानदार अमरो. हवी, मुसर्रत अमरोहवी, इमदाद आबिदी, जहीर हैदर, अधिवक्ता सैय्यद मुज्तबा, हुसैन हैदर हुसैनी, रशशन नकवी, शेरी नकवी आदि मौजूद रहे। वहीं बुधवार रात मोहल्ला दानिशमंदान स्थित दरबार-ए-हुसैनी में आयोजित मजलिस में सैय्यद सिब्ते सज्जाद नकवी व हमनवां ने मर्सिया पेश किया। जिसके बाद मौलाना सैय्यद गुलजार हुसैन जाफरी ने मजलिस को खिताब किया। मजलिस के बाद ताबूत भी बरामद हुआ, जिसकी लोगों ने ज्यारत की।



# डायवर्ट से चालक ने होमगार्ड से की नोंकझोंक

## काफी देर तक बनी रही हंगामे की स्थिति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** डायवर्ट करने से खफा रोडवेज परिचालक ने इंदिरा चौक होमगार्ड के साथ नोंकझोंक की, और रोडवेज चालक भी स्थिति पर नियंत्रण करने की बजाए बस को सीधे ही ले गया।

बता दें कि इंदिरा चौक से भारी वाहनों का डायवर्जन किया जा रहा है। गुरुवार को चांदपुर डिपो की बस चांदपुर से दिल्ली जा रही थी। इंदिरा चौक पर पहुं. चने पर यहां यातायात व्यवस्था में तैनात एक होमगार्ड ने रोडवेज चालक व परिचालक को भानपुर फाटक की तरफ जाने के लिए जाने का इशारा किया, मगर रोडवेज चालक ने इंदिरा चौक से चौपला की जाने वाली दिशा में बस को मोड़ दिया। जिसके बाद होमगार्ड ने बस को रोक लिया। बस परिचलक ने बस से उतरकर होमगार्ड से नोंकझोंक की। काफी देर तक शोर शराबे की स्थिति बनी रही। होमगार्ड बस चालक को बार बार डायवर्जन के अनुसार बस ले जाने को कहता रहा, मगर रोडवेज चालक और परिचालक ने एक न सुनी और जबरदस्ती बस को इंदिरा चौक से चौपला दिशा की ओर ले गए।

### धनौरा में पीएम स्वनिधि योजना का पंजीकरण शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** रेहड़ी-पटरी पर रोजगार कर जीवनयापन करने वाले दुकानदारों को आर्थिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत नगर पालिका द्वारा आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। योजना के माध्यम से छोटे व्यापारियों को कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराकर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि पीएम स्वनिधि योजना का लाभ लेने के इच्छुक रेहड़ी-पटरी दुकानदार नगर पालिका कार्यालय में संपर्क कर आवेदन जमा कर सकते हैं। उन्होंने अधिक से अधिक दुकानदारों से योजना का लाभ उठाने की अपील की।

# आवास विकास कॉलोनी में सनसनी, कड़ी कार पर अज्ञात हमलावरों ने की फायरिंग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र अंतर्गत आवास विकास कॉलोनी में बीती रात उस समय हड़कंप मच गया, जब अज्ञात कार सवार बदमाशों ने एक मकान के बाहर खड़ी कार पर फायरिंग कर दी। घटना दिनांक 14 जनवरी 2026 की रात लगभग 11 बजे की बताई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आवास विकास कॉलोनी स्थित मकान संख्या ए-104 में मकान मालिक सुप्रिया पत्नी जगबीर सिंह के यहां पिछले करीब तीन वर्षों से अनिल कुशवाहा (उम्र लगभग 30 वर्ष), पुत्र रामसागर सिंह, निवासी अलीगढ़ किराए पर रह रहे हैं। अनिल




कुशवाहा इंडियन ऑयल में फील्ड ऑफिसर फर्स्ट के पद पर तैनात हैं। रात के अंधेरे में अज्ञात कार सवार व्यक्तियों ने मकान के बाहर खड़ी अनिल कुशवाहा की खाली कार (न्छ93 ठक 6068, हुंडई प20) को निशाना बनाते हुए फायरिंग कर दी और मौके से फरार हो गए। हैरानी की बात यह रही कि इस घटना की जानकारी वाहन स्वामी को अगली सुबह तब हुई, जब वे 15 जनवरी 2026 को करीब 10 बजे ड्यूटी पर जाने के लिए बाहर निकले और कार पर गोली के निशान देखे।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और कार को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना सिविल लाइन में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। सीओ सिटी जितेंद्र कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर घटना के खुलासे के लिए दो विशेष टीमों का गठन किया गया है। जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

घटना के बाद से आवास विकास कॉलोनी में दहशत का माहौल है और लोग सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और जल्द ही बदमाश पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# तालाब में डूबने से 7 वर्षीय दीपांशु की मौत, 15 घंटे बाद मिला शव

शाहवेज अली
शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद।** तहसील क्षेत्र के मित्तरपुर गांव में बुधवार को दर्दनाक हादसा हो गया। गांव के तालाब में डूबने से 7 वर्षीय बालक दीपांशु की मौत हो गई। करीब 15 घंटे चले रेस्क्यू अभियान के बाद गुरुवार सुबह उसका शव तालाब से बरामद किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मित्तरपुर निवासी हीरालाल का बेटा दीपांशु बुधवार दोपहर घर के पास स्थित तालाब किनारे खड़ी ट्राली पर खेल रहा था। खेलते-खेलते उसका संतुलन बिगड़ गया और वह तालाब में जा गिरा। आसपास मौजूद लोग जब तक कुछ समझ पाते, तब तक बच्चा गहरे पानी में समा गया। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम आशुतोष कुमार, क्षेत्राधिकारी देवकीनंदन और कोतवाल संजय कुमार राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू कराई गई। साथ ही जेसीबी मशीन से भी तालाब में रेस्क्यू अभियान चलाया गया।

बुधवार देर रात तक चले प्रयासों के बावजूद अंधेरा और



भीषण ठंड के कारण बच्चे का कोई सुराग नहीं मिल सका, जिसके चलते रेस्क्यू अभियान रोकना पड़ा। गुरुवार सुबह पुनः गोताखोरों ने तालाब में तलाश शुरू की।

कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार बच्चे का शव तालाब से बाहर निकाल लिया गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

इस हृदयविदारक घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है।

## बिलारी मार्ग पर ताजपुर में आरा मशीन का हुआ शुभारंभ



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सैफनी।** क्षेत्र के ताजपुर गांव में फईम अहमद की नई आरा मशीन का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर के शाही इमाम कारी अतीकुर्रहमान ने किया। उद्घाटन के मौके पर उन्होंने फईम अहमद को नए व्यवसाय की शुरुआत पर मुबारकबाद देते हुए दुआ की और कहा कि मेहनत और ईमानदारी से किया गया कार्य हमेशा तरक्की की राह दिखाता है।इस अवसर पर नगर चेयरमैन फैजान खान, दानिश खान, क्षेत्र के गणमान्य लोग और पत्रकार बंधु भी मौजूद रहे। अतिथियों ने आरा मशीन के शुभारंभ को क्षेत्र के विकास और रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने फईम अहमद के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उद्घाटन समारोह सौहार्दपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

# किसानों के धानों की तौल ना होने पर गुस्सा आए किसानों ने किया धरना प्रदर्शन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मिलक।** किसानों के धान की तौल ना होने बिचौलियों के माध्यम से तौल होने से गुस्सा है किसानों ने मंडी समिति के गेट पर धरना प्रदर्शन कर उप जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) से जुड़े किसानों ने आज एकत्र होकर नगर की मंडी समिति पर धरना प्रदर्शन किया और एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी मिलक के नाम से नायब तहसीलदार अंकित अवस्थी के माध्यम से दिया है। जिसमें मांग है कि मंडी समिति रठौंडा प्रथम धान क्रय केंद्र पर किसानों के धान की तौल ना होकर बिचौलियों का धान की तौल हो रही है।

मिलक तहसील की सभी धान क्रय केंद्र की जांच की जाए जिला स्तरीय एक समिति जिसमें भाकियू महात्मा टिकैत संगठन के एक प्रति. निधि भी समिति में रखा जाए। वार्ता के लिए जिला स्तरीय जिलाधिकारी अपर जिलाधिकारी मुख्य विकास अधिकारी तीनों अधिकारियों में से कोई सक्षम अधिकारी मिलक मंडी में चल रहे

धरने पर समिति का गठन करने का आश्वासन देते हैं तो धरना समाप्त कर दिया जाएगा अन्यथा कल 9:00 जिला कलेक्ट्रेट के लिए पैदल मार्च



करेंगे। जब तक समस्या का निस्तारण न होने तक अनिश्चितकाल धरना करेंगे ज्ञापन पर जिला अध्यक्ष ज्ञानपाल सिंह, जाकिर नेता, हरिशंकर, बीना, सीमा, जसपाल आदि के हस्ताक्षर थे।

## मकर संक्रांति पर खिचड़ी भोग का आयोजन, अम्बेडकर प्रतिमा के समक्ष हुआ कार्यक्रम



शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी।** गुरुवार को मकर संक्रांति के पावन पर्व पर सैफनी नगर में खिचड़ी भोग का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन नगर स्थित भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के सामने संपन्न हुआ, जिसमें समाजस. ेवी संजय रस्तोगी द्वारा श्रद्धा और भक्ति भाव से खिचड़ी भोग अर्पित कराया गया।

लोगो ने सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। खिचड़ी भोग के उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासियों ने सहभागिता की।इस अवसर पर संजय रस्तोगी ने कहा कि मकर संक्रांति आपसी भाईचारे, समरसता और सामाजिक एकता का संदेश देती है। ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। आयोजन में नगर के गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम का माहौल भक्तिमय और सौहार्दपूर्ण बना रहा।

# शाहबाद में सीओ देवकी नंदन का पत्रकार सम्मेलन, शांति व सहयोग पर दिया जोर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**शाहबाद।** क्षेत्राधिकारी (सीओ) शाहबाद देवकी नंदन द्वारा बुधवार को एक पत्रकार सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें नगर एवं क्षेत्र के अनेक पत्रकारों ने भाग लिया। सम्मेलन के दौरान सीओ ने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था और शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने को लेकर विस्तार से चर्चा की।सीओ देवकी नंदन ने कहा कि समाज में शांति और सौहार्द बनाए रखने में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने पत्रकारों से अपील की कि वे तथ्यपरक और जिम्मेदार पत्रका. रिता के माध्यम से सकारात्मक संदेश समाज तक पहुंचाएं, जिससे अफवाहों पर रोक लगे और आपसी भाईचारा बना रहे।



उन्होंने बताया कि पुलिस प्रशासन आमजन की सुरक्षा और शांति व्यवस्था के लिए पूरी तरह सतर्क है तथा किसी भी प्रकार की अराजकता या कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही पत्रकारों से सहयोग की अपेक्षा जताते हुए कहा कि पुलिस और मीडिया के आपसी समन्वय से क्षेत्र में शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखना और अधिक प्रभावी होगा।पत्रकार सम्मेलन के दौरान उपस्थित पत्रकारों ने भी अपने सुझाव रखे और क्षेत्र में शांति व सुरक्षा को लेकर प्रशासन के साथ सहयोग करने का भरोसा दिलाया। सम्मेलन सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## 18 जनवरी को विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप कुमार वर्मा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

इस क्रम में दिनांक 18 जनवरी 2026 को जनपद रामपुर की सभी 05 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों ख्र

34- स्वार, 35- चमरौआ, 36- बिलासपुर, 37- रामपुर एवं 38- मिलक (अनुसूचित जाति) में ग्राम सभाओं एवं वार्ड समितियों की बैठकें आयोजित की जाएंगी। इन बैठकों में संबंधित क्षेत्र के पार्षद, ग्राम प्रधान, वार्ड सदस्य, बूथ लेवल एजेंट (बीएलए), बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) एवं अन्य स्थानीय प्रतिनिधियों को मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया से अवगत कराते हुए उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस दौरान बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने बूथ पर उपस्थित रहकर आलेख्य निर्वाचक नामावली को पढ़कर सुनाएंगे तथा मतदाताओं से नामों का सत्यापन कराएंगे।

उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया के दौरान बीएलओ के पास फॉर्म-6, फॉर्म-7 एवं फॉर्म-8 उपलब्ध रहेंगे। ऐसे मतदाता, 01 जनवरी 2026 के अतिरिक्त 01 अप्रैल, 01 जुलाई अथवा 01 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं, या जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज होने से छूट गया है वे फॉर्म-6 (अनुलग्नक-प्ट सहित) भरकर संबंधित बूथ लेवल अधिकारी अथवा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

# दनियापुर गांव में सरकारी कोटे की दुकान का भव्य उद्घाटन

शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी।** नगर क्षेत्र के दनियापुर गांव में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ किया गया। दुकान का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. राजेन्द्र कुमार सक्सेना ने विधिवत रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह के दौरान गांव के गणमान्य लोग व ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर दुकान स्वामी दीपक ने मुख्य अतिथि सहित सभी आगंत. ुकों का गर्मजोशी से स्वागत किया तथा गले में फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि सरकारी कोटे की दुकान खुलने से ग्रामीणों को अब राशन सामग्री समय पर और सुचारू




रूप से उपलब्ध हो सकेगी, जिससे आम जनता को काफी सुविधा मिलेगी।समारोह का माहौल उत्साहपूर्ण रहा और ग्रामीणों ने दुकान के संचालन को लेकर संतोष व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने दुकान के सफल संचालन और पारदर्शिता की कामना की।

# शाहाबाद नगर में सांसद साक्षी महाराज का भव्य स्वागत, भाजपा कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

शाहबेज अली
शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहाबाद।** नगर में उन्नाव से सांसद साक्षी महाराज के आगमन पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री सुरेश बाबू गुप्ता ने सांसद साक्षी महाराज को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया, वहीं उपस्थित कार्यकर्ताओं ने फूलमालाएं पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया।

स्वागत कार्यक्रम में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर, वेद



प्रकाश चंद्रवंशी, ग्राम प्रधान राकेश लोधी, महामंत्री अमित चंद्रवंशी, मीडिया प्रभारी मनीष शर्मा, ग्राम प्रधान मनीष लोधी, अनु रावत, अजय गुप्ता, भगवान दास, संजीव ठाकुर, सियाराम लोधी, हरि सिंह लोधी, भीकम लोधी, तीर्थ लोधी, लेखराज लोधी, सत्य प्रकाश लोधी, दलवीर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।इस दौरान सांसद साक्षी महाराज ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं और संगठन की मजबूती के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए।

उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की चर्चा करते हुए उन्हें आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान पूरे नगर में उत्साह का माहौल देखने को मिला और भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकजुटता का परिचय देते हुए संगठन को और मजबूत करने का संकल्प लिया।

# वॉलीबॉल टूर्नामेंट का पूर्व अध्यक्ष हरिओम मौर्य ने फीता काटकर किया

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी।** क्षेत्र के ग्राम सेमरा लाडपुर में तीन दिवसीय धड़ा वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसका आदर्श नगर पंचायत मसवासी के निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष हरिओम मोर्य ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर खिलाड़ियों समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे ।

धड़ा टूर्नामेंट में वॉलीबॉल टूर्नामेंट की 8 क्लबो की टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें सुल्तानपुर पट्टी से हुसैन क्लब, मिलक नौखरीद से स्टार क्लब, सेमरा लाडपुर से मुस्कान क्लब, मानपुर उत्तरी से सुल्तान





क्लब, बिजारखाता से सनातनी क्लब, मंसूरपुर से शिव क्लब, सरकड़ा से रहमान क्लब तथा बाजपुर उत्तराखंड से सिकंदर क्लब की टीमों ने धड़ा वॉलीबॉल टूर्नामेंट में हिस्सा लिया तथा प्रथम विजेता टीम को पुरस्कार के रूप में 10786 रुपए का नगद इनाम तथा ट्रॉफी प्रदान की जाएगी तथा द्वितीय टीम को 5786 रुपए नगदी नाम तथा ट्रॉफी दी जाएगी ।

इस मौके पर संजीव कुमार वर्मा, मयंक मौर्य, बंटी मौर्य, शमशाद हुसैन, बासिद हुसैन, मोहम्मद नईम, अमीर अहमद, मोहम्मद शईद, इरशाद हुसैन, वसीम अहमद ,शहजान , राहत हुसैन, गुलाम मोहम्मद आदि शामिल रहे ।

## हत्या के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक खानम।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत व क्षेत्राधिकारी स्वार के निर्देश पर मिलक खानम प्रभारी निशा खटाना के आदेश अनुसार वादनी कृष्णा कोर पत्नी प्रीतम सिंह निवासी चंदेला थाना बिलासपुर ने 13 जनवरी को थाना मिलक खानम में तहरीर दी थीं कि 10 जनवरी को फूला सिंह आदि के द्वारा वादी के पुत्र परमजीत सिंह उर्फ पम्मा को फोन करके घर से बुलाया था जोकि 12 जनवरी को पीपली वन क्षेत्र बीट 11 में मृत अवस्था मे मिला था।

वादी की तहरीर के आधार पर मिलक खानम पुलिस 13 जनवरी को विधिवत अभियुक्त फूला सिंह आदि के विरुद्ध मुकदमा विभिन्न धाराओ में पंजीकृत किया गया था।नामित



अभियुक्त लगातार फरार चल रहे थे।मुखबिर की सूचना पर उ0नि0 सूरज सिंह चौहान अभियोग में वांछित अभियुक्त अमित उर्फ मीत को तीन पुलिया के पास से गिरफ्तार किया अभियुक्त से पूछताछ करने पर निशानदेही पर फायरिंग में प्रयुक्त 315 बोर का तमंचा व1 खाली खोखा व 1 जिंदा कारतूस बरामद किए। मुक. दमा उफरोक्त में आवश्यक व वैधानिक कार्यवाही पुण की गई।गिरफ्तार करने वाली टीम मेंउ0नि0 सूरज सिंह चौहान,सुरेश कुमार, है0का0संजीव कुमार, इंद्रप्रकाश, विपिन कुमार आदि मौजूद रहे।

## एसडीएम व सीओ ने कोतवाली में कम्बल वितरण किए



शाह टाइम्स संवाददाता

**स्वार।** कोतवाली में गरीबों को कम्बल बाटे कडाके की ठण्ड के चलते स्वार कोतवाली में कम्बल वितरण का आयोजन किया गया जिसमें लोगो कम्बल बाटे इस दौरान उपजिलाधिकारी अमन दयोल व सीओ अतुल कुमार पांडे ने जरुरत वन्द लोगो को ठंड के मौसम कम्बल बाटे कम्बल पा कर लोगो के चेहरे खिल उठे और लोगो ने पुलिस प्रशासन कम्बल पा कर शुक्रिया अदा किया इस दौरान कोतवाली प्रभारी सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## बिजारखाता में रास्तों में जल भराव को लेकर ग्रामीणों ने किया पंचायत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी।** क्षेत्र के बिजारखाता में रास्तों में कई स्थानों पर जल भराव की समस्या से क्षुब्ध होकर ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत के खिलाफ हंगामा कर नारेबाजी की और प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी से जांच कर कार्रवाई की मांग की है। बिजारखाता में कई स्थानों पर रास्तों में जल भराव की समस्या बनी हुई है जिससे ग्रामीणों का घरों से निकलना दुश्वार है आरोप है कि शिकायत के बाद भी ग्राम पंचायत में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की सुध नहीं ली है। जिसके कारण दूषित पानी सड़कों पर जमा रहता है और आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। गुरुवार को ग्रामीणों का सब्र जवाब दे गया उन्होंने पंचायत विभाग के खिलाफ हंगामा कर प्रदर्शन किया आरोप



बिजारखाता में गंदगी के खिलाफ प्रदर्शन करते ग्रामीण

लगाया कि शिकायत के बाद भी पंचायत विभाग ने जल भराव से मुक्ति नहीं दिलाई है जिससे उनके घरों से निकलना दुश्वार है और छोटे-छोटे बच्चे स्कूल जाने में असमर्थ है। शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से शिव मंदिर से सटे इस मार्ग के लिए गंदे पानी की जल निकासी पर आक्रोश जताते हुए व्यवस्था दुरुस्त बनाने की मांग की है। प्रदर्शन करने वालों में वीरेंद्र कुमार प्रदीप कुमार पवन कुमार जितेंद्र कुमार सतीश कुमार अर्जुन कुमार आदि शामिल रहे।

# ट्रक ने बाइक सवार महिला को कुचला, मौके पर मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** नेशनल हाईवे पर गुरुवार को अवंतिका पेट्रोल पंप के पास एक हृदयविदारक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार महिला को साइड मार दी, जिससे वह ट्रक के पहियों के नीचे आ गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही मीरगंज पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



थाना शेरगढ़ निवासी मृतका के पति सुंदरलाल ने बताया कि वह अपनी 40 वर्षीय पत्नी कौशल्या और बेटे अमर पाल के साथ मिलक थाना क्षेत्र के सिमरा लखीमपुर में कौशल्या की बहन के निधन पर अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक अवंतिका पेट्रोल पंप के पास पहुंची, पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने साइड मार दी। टक्कर लगते ही बाइक अनियंत्रित हो गई। बाइक से महिला नीचे गिर गई और महिला ट्रक के पहियों के नीचे आ गई, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर फरार हो गया, लेकिन एक कार सवार ने मानवता दिखाते हुए ट्रक का पीछा कर उसे लभारी चौकी पर पकड़ लिया। बाद में ट्रक चालक सहित वाहन को थाने लाया गया, जहां पुलिस ने आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

सूचना पर चौकी इंचार्ज पंकज कुमार गौतम व एसआई श्रीपाल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उधर, घटना की जानकारी मिलते ही शेरगढ़ से नगर पंचायत चेयरमैन बुद्ध सेन मौर्य सहित मृतका के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतका के चार पुत्र हैं, जिनमें एक अमर पाल अविवाहित है।

# रंजिश में मारपीट, युवक का हाथ टूटा, दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** थाना नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम सरदारनगर में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम सरदार नगर निवासी सचिन पुत्र श्री रामदास ने थाना नवाबगंज में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 12 जनवरी 2026 की शाम करीब चार बजे वह अपने खेत पर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में गांव के ही मुनेन्द्र कुमार पुत्र हरिराम और पंकज पुत्र संतोष ने उसे बेवजह गंदी-गंदी गालियां देनी शुरू कर दीं। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। मुनेन्द्र ने पीछे से पकड़ लिया, जबकि पंकज ने मोटे डंडे से हमला कर दिया। मारपीट में सचिन के सीधे हाथ में गंभीर चोट आई और हाथ की हड्डी टूट गई। जान बचाकर भागते समय उसकी मां बीच में आई, जिससे आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि उसके हाथ में काफी दर्द है और भविष्य में भी जान से मारने की धमकी दी गई है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 351(3), 352, 115(2) और 117(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक रोहित कुमार को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

# घायल गोवंश का उपचार के दौरान मौत

**रामगंगा किनारे हुआ अंतिम संस्कार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** नेशनल हाईवे पर हादसे में घायल हुई गोवंश को सूचना मिलते ही नगर पंचायत मीरगंज द्वारा सुरक्षित कान्हा गौशाला पहुंचाया गया, जहां पशु चिकित्सकों ने उसका उपचार शुरू किया। चिकित्सकों ने उसे बचाने के लिए हर संभव प्रयास किए, लेकिन इलाज के दौरान गुरुवार को गोवंश की मृत्यु हो गई।

गोवंश की मृत्यु के बाद पशु चिकित्साधिकारी द्वारा नियमानुसार पंचनामा की कार्रवाई कराई गई। इसके उपरांत नगर पंचायत की देखरेख में रामगंगा नदी के किनारे पूर्ण विधि-विधान के साथ गोवंश का अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार के दौरान नगर पंचायत मीरगंज के लिपिक राजीव गिरि, राजेश कुमार, जितेन्द्र कुमार, अंकित शर्मा, लोकेश कुमार, अनमोल कुमार, अरुण कुमार सहित अन्य कर्मचारीगण एवं पशुपालन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# मुंसिफ कोर्ट में आज पड़ेंगे अधिवक्ताओं के वोट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के होने वाले चुनाव में आज 16 जनवरी को क्षेत्र के 147 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे।

कस्बे की मुंसिफ कोर्ट में होने वाले मतदान के लिए जनपद न्यायाधीश ने एसीजेएम 2 श्री मिश्रा को मतदान अधिकारी बनाया गया है। एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष शिशुपाल सिंह गंगवार द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक 16 और 17 जनवरी को होने वाले बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के इस चुनाव में कुल 147 अधिवक्ता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा।

# मकर संक्रांति पर्व पर हुआ सामूहिक खिचड़ी सहभोज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** मकर संक्रांति पर्व पर गुरुवार को कस्बे में जगह जगह सामूहिक खिचड़ी सहभोज के आयोजन किए गए। इसके साथ ही क्षेत्र के कई ग्रामों में खिचड़ी सहभोज कार्यक्रम किए गए जिसमें नेताओं के साथ ही बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की।

कस्बे में टेलीफोन एक्सचेंज कार्यालय के सामने भूमि विकास बैंक की पूर्व चेयरमैन मोहन स्वरूप गंगवार, चेतराम गंगवार पार्क के सामने खजांची मुरारी लाल, रामलीला मैदान के निकट रामधुन गुप्ता, होली गेट (नीमगढ़) पर कैप्टन अजय गुप्ता, राधा कृष्ण मन्दिर, बाबू राम धर्मशाला के साथ ही क्षेत्र के ग्रामों विशनपुर, वीसी रमपुरा, ढिमरी, नरहरपुर गौरीखेड़ा, विशेषरपुर, सहोदरनगला, बाला की पुरम, रत्ना आदि में मकर संक्रांति पर सामूहिक खिचड़ी सहभोज के आयोजन किए गए, जिसमें सांसद छत्रपाल गंगवार, विधायक डॉक्टर एमपी आर्य, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर आशुतोष गंगवार, भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री डॉक्टर मीनाक्षी गंगवार, नगर पालि. का प्रतिनिधि नीरेंद्र सिंह राठौर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लेखराज गंगवार, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रवींद्र सिंह राठौर, बार अध्यक्ष शिशुपाल सिंह गंगवार, पूर्व ब्लॉक प्रमुख पुरुषोत्तम गंगवार, सैंथल चेयरमैन कंबर एजाज शानू, पूर्व मंडल अध्यक्ष शशि कपूर, नत्थू लाल आर्य सहित बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की।

# मकर संक्रांति पर हुआ खिचड़ी भोज का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर गुरुवार को क्षेत्र में श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक समरसता का माहौल देखने को मिला। स्थानीय चीनी मिल धामपुर बायो ऑर्गेनिक्स लिमिटेड में खिचड़ी भोज का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ इकाई प्रमुख सरबजीत सैनी, महाप्रबंधक गन्ना ओम प्रकाश वर्मा तथा कारखाना प्रबंधक अरविंद गंगवार ने किया।



इस अवसर पर मिल के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान बंधुओं ने सहभागिता की और हर्षोल्लास के साथ पर्व मनाया। खिचड़ी भोज में महेंद्र अग्रवाल, जय गोपाल चावला, अभिषेक शर्मा, संजय कुमार सिंह सहित शेषनाथ यादव, अनिल गुप्ता, रचित गौड़, संजय यादव, रतिराम सिंह, योगेंद्र सिंह, जय कुमार, शिवम सिन्हा, राजू प्रजापति, अरविंद सिंह, रविंद्र प्रसाद आदि मौजूद रहे। उधर स्टेशन रोड अंडरपास के पास भी सामाजिक स्तर पर खिचड़ी भोज का आयोजन हुआ, जिसमें शिव कुमार शर्मा, संजय गुप्ता, पंकज गंगवार, डॉ. जयवीर वर्मा, गोपाल शर्मा, मुनीश पाराशरी, कौशलेंद्र गौड़ एवं शीलू शर्मा ने सहभागिता की। इसके अलावा नगरिया कल्याणपुर स्थित बालाजी दरबार मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए खिचड़ी भोज कराया गया। वहीं चुरई दलपतपुर में शिव मंदिर एवं धर्मशाला के पास स्थित ओपी ज्वेलर्स पर भी खिचड़ी भोज का आयोजन हुआ, जिसमें ओमेंद्र पुरी गोस्वामी, हर्षपुरी गोस्वामी, हरिओम गुप्ता, बृजेश दिवाकर और मनोज प्रजापति ने व्यवस्था संभाली। मकर संक्रांति पर आयोजित इन भोज कार्यक्रमों से क्षेत्र में आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश देखने को मिला।

# नगर पालिका कर्मियों ने शोक सभा कर सभासद को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नवाबगंज।** नगर पालिका परिषद के वार्ड 12 की सभासद मंजू गुप्ता का आज गुरुवार को नगर की शमशान भूमि में अंतिम संस्कार कर दिया गया। सभासद के निधन पर शोक सभा कर जहां नगर पालिका कर्मियों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए वहीं शोक में कस्बे की सब्जी मंडी बन्द रही।

नगर के प्रमुख व्यापारी को आशीष गुप्ता की सभासद पत्नी मंजू गुप्ता का वुधवार को महानगर के अस्पताल से उपचार के दौरान निधन हो गया था। आज गुरुवार को उनका नगर की शमशान में अंतिम संस्कार कर दिया गया। नगर पालिका परिषद कर्मियों ने कार्यालय में शोक सभा का आयोजन कर दो मिनट का मौन धारण कर सभासद मंजू गुप्ता को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसमें वरिष्ठ लिपिक डी के, सफाई प्रभारी अमर सिंह, कैलाश यादव सहित अधिकांश कर्मी शामिल रहे। इसके साथ ही महिला सभासद मंजू गुप्ता के निधन पर गुरुवार को कस्बे की सब्जी मंडी बन्द रही।

# पागल कुत्ते ने कई बच्चों व बुजुर्ग को काटकर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र के गांव मनकरी में पागल कुत्ते के काटने से तीन बच्चों एक बुर्जुग समेत करीब आधा दर्जन घायल हो गए।जिनमें से एक बच्ची की हालत गंभीर है।परिजनों ने घायल बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया है।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार गांव मनकरी में मंदिर पर आयोजित खिचड़ी भोज से लौट रहे लक्ष्मी देवी प्रज्ञा, अभी, कपिल और बुजुर्ग भोले पर रस्ते में एक चौराहे पर एक पागल कुत्ते ने एक एक कर हमला कर दिया।कुत्ते ने सभी को एक एक करके अलग अलग समय निशाना बनाया।बच्ची लक्ष्मी को तो नीचे गिरा लिया।उसका सिर ,मुंह नोचकर गहरा घाव बना दिया।उसकी हालत नाजुक है।चीख पुकार सुनकर ग्रामीण डंडा लेकर दौड़े तब कुत्ता बच्ची को छोड़कर जंगल में भाग गया।परिजनों ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां लक्ष्मी की हालत नाजुक बताई जा रही है।प्रधान प्रतिनिधि रमेश कुमार ने कुत्ते को पकड़ने के लिए एसडीएम मीरगंज से फोन पर शिकायत करके पकड़वाने की मांग की है।

# लड़की को भगा के जाने वाले युवक को पुलिस ने पकड़ कर भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक को गिरफ्तार कर थाने लाने के बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया।

बीती 30.11.2025 को ग्राम मिन्तरपुर थाना बहेड़ी निवासी एक युवक की तहरीर पर पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज किया था। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई। गुरुवार को पुलिस ने लड़की को भगा ले जाने के आरोपी शंकर लाल पुत्र पोथीराम निवासी ग्राम मोहनपुर रिठौरा थाना हाफिजगंज जिला बरेली उम्र करीब 21 वर्ष को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# शब्बो खान पांचवीं बार बनीं सपा महिला सभा की भोजीपुरा विधानसभा अध्यक्ष

**लगातार पांचवीं ताजपोशी पर समर्थकों में उत्साह, विधायक शहजिल इस्लाम ने सिर पर हाथ रखकर दी बधाई**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** समाजवादी पार्टी महिला सभा की नई विधानसभा इकाई की घोषणा के साथ ही कस्बा देवरनियां निवासी शब्बो खान को एक बार फिर बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी नेतृत्व ने उन्हें भोजीपुरा विधानसभा से लगातार पांचवीं बार समाजवादी महिला सभा का विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त किया है।



यह नियुक्ति समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति तथा महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव के अनुमोदन से की गई है। सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष स्मिता यादव ने बरेली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शब्बो खान को नियुक्ति पत्र सौंपा।

लगातार पांचवीं बार ताजपोशी होने से देवरनियां कस्बे में समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर मिठाई बांटकर जश्न मनाया गया। भोजीपुरा विधानसभा से सपा विधायक शहजिल इस्लाम ने शब्बो खान के सिर पर हाथ रखकर उन्हें बधाई दी और उनके संगठनात्मक कार्यों की सराहना की। शब्बो खान की नियुक्ति पर उनके पिता बुन्दन खान, सपा महिला सभा जिलाध्यक्ष स्मिता यादव, नगर पंचायत देवरनियां के पूर्व चेयरमैन कैसर अंसारी, सीमा श्रीवास्तव, किरन आर्या, मैनाज, सीमा गौतम, कुशवाहा मौर्य, पुष्पा मौर्य, बीना गौतम, मनोहर यादव, आबिद हुसैन, जाबेद रजा, विध्यावती एवं शशिचन्द्रा सहित बड़ी संख्या में पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** थाना नवाबगंज क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने अपनी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ग्राम के एक ग्रामीण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 19 दिसंबर 2025 को उसकी करीब 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को प्रदीप नामक युवक निवासी बीजामऊ थाना हाफिजगंज जिला बरेली बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। आरोपी युवक किशोरी को अपने भाई लोकेश के कमरे पर बरेली ले गया। पीड़ित पिता के अनुसार उस समय किशोरी ने वापस लौटकर अपनी नानी के घर जाने की बात बताई थी, जिस कारण उन्होंने तत्काल कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई। बाद में किशोरी द्वारा सही जानकारी दिए जाने पर यह स्पष्ट हुआ कि उसे प्रदीप अपने साथ ले गया था। सही जानकारी मिलने के बाद पीड़ित अपनी पत्नी हीराकली के साथ बुधवार को थाना नवाबगंज पहुंचा और मामले की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली। साथ ही किशोरी की बरामदगी के लिए पुलिस जुट गई है।

# लोगों ने खूब चखा खिचड़ी का प्रसाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** सरस्वती शिशु मन्दिर भोजीपुरा बरेली में मकर संक्रांति के पर्व पर भगवान को भोग लगाने के बाद भोजन मंत्र के साथ प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं के साथ समाज के बड़ी संख्या में लोगों ने पहुँचकर प्रसाद ग्रहण किया।



मुख्य अतिथि के रूप में पधारे हरीश कुमार गंगवार पूर्व संभाग निरीक्षक व जिला कार्यसमिति सदस्य ने मकर संक्रांति के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में जिला निरीक्षक शान्ति पाल गंगवार, जिला मंत्री प्रेमशंकर, डॉ. भूपराम गंगवार, प्रधानाचार्य लाल बहादुर गंगवार, भूपेंद्र गंगवार, मनोज गंगवार आदि लोग रहे। वहीं सेंथल नगर पंचायत में भी समरसता का पर्व मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम से मनाया गया। सेंथल नगर में मोहल्ला चौधरी स्थित श्री शिव पार्वती मौर्य मन्दिर में खिचड़ी भोज का आयोजन समस्त मौर्य समाज के सौजन्य से किया गया। भगवान का भोग लगाकर भोजन मंत्र के साथ प्रारम्भ हुए प्रसाद वितरण में बच्चे, बूढ़े, युवाओं के साथ बड़ी संख्या में मातृशक्ति सहित कई सौ लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. लेखराज मौर्य, सेवाराम मौर्य, मुनीश मौर्य, जगदीश मौर्य, सर्वेश मौर्य, नेमचंद्र मौर्य, मोतीराम मौर्य, सुरेश मौर्य, धर्मेंद्र मौर्य, अशोक मौर्य, ललित मौर्य, हेतराम मौर्य, रामदास मौर्य, अखिलेश मौर्य, अतुल मौर्य, नितिन मौर्य, श्रीपाल मौर्य, राकेश चन्द्र गुप्ता, अविनाश मिश्रा, उमाकांत जोशी, आशीष देवल, नीतीश उपाध्याय आदि लोग उपस्थित रहे।

# केसर मिल प्रांगण में गन्ना किस्म पहचान प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** गन्ना आयुक्त के आदेश पर केसर इंटरप्राईजेज लिमिटेड में प्रांगड़ में गन्ना पर्यवेक्षक/सर्वे कार्मिकों को गन्ना किस्म पहचान प्रशिक्षण किया गया। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर अरविंद कुमार द्वारा गन्ना किस्मों की शारीरिक संरचना पत्ती आंख गांठ तना एवं वृद्धि अवस्था के आधार पर प्रजाति पहचान की विस्तृत जानकारी दी गई।



ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक बहेड़ी द्वारा प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए बताया गया कि गन्ना विकास एवं आपूर्ति व्यवस्था में गन्ना किस्मों की सही पहचान अति आवश्यक है। यदि किसानों को गन्ने की प्रजातियों की सही पहचान होगी तो उनको गन्ने की अच्छी उपज प्राप्त होगी।

उन्होंने सभी उपस्थित स्टाफ को 20 जनवरी से होने वाले खड़े गन्ने के सर्वेक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी, तथा बसंतकालीन बुवाई हेतु उत्तर प्रदेश के लिए स्वीकृत प्रजातियों का बीज सुरक्षित कर अधिक से अधिक क्षेत्रफल में बुवाई कराने की सलाह दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक बहेड़ी संजय कुमार राव उपाध्यक्ष रविंद्र सिंह, सहायक उपाध्यक्ष गन्ना सुभाष सिंह तोमर, बहेडी परिषद के गन्ना पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

# मकर संक्रांति पर व्यापारियों ने किया खिचड़ी व चाय का वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** कस्बे में मकर संक्रांति के अवसर पर खिचड़ी व चाय वितरण का आयोजन किया गया।



गुरुवार को साप्ताहिक बाजार व खिचड़ी भोज कार्यक्रम के कारण भीड़भाड़ रही। सुरक्षा के मद्देनजर चौकी प्रभारी अनूप सिंह दल बल के साथ मुस्तैद रहे।

कस्बे के मुख्य मार्गों और बाजार क्षेत्रों में राहगीरों को रोककर गरम खिचड़ी और चाय पिलाई गई। कार्यक्रम सुबह से ही शुरू हो गया था। जगह-जगह स्टॉल लगाकर सर्दी में राहगीरों को गरम-गरम खिचड़ी और चाय परोसी गई। इस आयोजन से राहगीरों और स्थानीय लोगों में उत्साह देखने को मिला और लोगों ने आयोजन से जुड़े लोगों का आभार जताया। मकर संक्रांति के पर्व पर दान-पुण्य का विशेष महत्व माना जाता है। इसी भावना के तहत कस्बे के व्यापारियों और समाजसेवियों ने यह आयोजन किया। घरों में भी लोगों ने खिचड़ी का भोज कर मकर संक्रांति का पर्व मनाया। खिचड़ी वितरण कार्यक्रम में व्यापारी मयंक सिंह, प्रेमपाल गंगवाल, सतीश अग्रवाल, प्रियंक अग्रवाल, असद अंसारी, तौहीद अंसारी, गौरव गंगवार, सोनू आदि लोगों ने सहयोग किया।

# विधायक ने माटीकला कारीगरों को किए विद्युत चालित चाक वितरित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित एक दिवसीय माटीकला जागरूकता कार्यक्रम एवं माटीकला टूल-किट्स वितरण योजना के अंतर्गत जनपद बरेली में माटीकला से जुड़े कारीगरों एवं शिल्पियों को निःशुल्क विद्युत चालित चाकों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने लाभार्थियों को चाक सौंपते हुए उन्हें आधुनिक तकनीक अपनाकर आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया।

विधायक संजीव अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि माटीकला भारत की प्राचीन एवं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अहम हिस्सा है, जिसे संरक्षित करने के साथ-साथ इसे आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम बनाया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि परंपरागत पत्थर के चाक की तुलना में विद्युत चालित चाक से कम समय और कम श्रम में अधिक संख्या में गुणवत्तापूर्ण उत्पाद तैयार किए जा सकते हैं। इससे न केवल उत्पादन क्षमता बढ़ेगी, बल्कि कारीगरों की आमदनी में भी उल्लेखनीय सुधार होगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार माटीकला कारीगरों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से कारीगरों को आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराकर उन्हें प्रतिस्पर्धी बाजार के अनुरूप तैयार किया जा रहा है। विधायक ने कारीगरों से आग्रह किया कि वे परंपरागत कला के साथ आधुनिक तकनीक का समन्वय कर अपने उत्पादों को नए आयाम दें। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कारीगरों एवं शिल्पियों के साथ-साथ आम जनमानस को भी मिट्टी से निर्मित घरेलू एवं सजावटी वस्तुओं के अधिकाधिक उपयोग के लिए प्रेरित किया गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ स्थानीय कारीगरों को भी प्रोत्साहन मिल सके।

इस अवसर पर जिला ग्रामोद्योग अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगारपरक योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा माटीकला कारीगरों को प्रशिक्षण, टूल-किट्स, वित्तीय सहायता, ऋण सुविधा एवं विपणन सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने पात्र कारीगरों से इन योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में माटीकला कारीगर, शिल्पी, स्थानीय नागरिक एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# बाबूराम गंगवार बने जिलाध्यक्ष विहिप, बधाईयों का लगा तांता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** विश्व हिन्दू परिषद,के पुन: जिलाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर बाबूराम गंगवार का निज निवास नबाबगंज पहुंचने पर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।



इस अवसर पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक एवं व्हाट्सएप पर उनके समर्थकों और शुभचिंतकों द्वारा बधाइयों का तांता लगा रहा।

विधायक डॉ. एमपी आर्य ने अंगवस्त्र व मिष्ठान खिलाकर, ब्लॉक प्रमुख एके गंगवार ने गर्म शाल उड़ाकर

नगर पालिका अध्यक्ष नीरेंद्र राठौर ने राम नाम का पटका व श्रीराम मन्दिर की प्रति भेंट कर शुभकामनायें बधाई दीं।

इनके अलावा भाजपा नगर अध्यक्ष केशव महाजन, सोनू राठौर, सचिन रस्तोगी, राजीव शुक्ला, मोहित मिश्रा, अरविन्द शुक्ला, अरविन्द गुप्ता, नंदकिशोर, उमाकांत जोशी, आशीष देवल, सेवाराम मौर्य आदि सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे। क्षेत्रवासियों ने विश्वास व्यक्त किया कि श्री गंगवार संगठन द्वारा सौंपे गए दायित्व का निर्वहन पूर्ण ईमानदारी, निष्ठा एवं समर्पण के साथ करेंगे।

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# ऑरेंज कैप-पर्पल कैप में हरमनप्रीत व नंदनी शीर्ष पर



● मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने तीन मैचों में 165 रन बनाते हुए तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया




● डीसी की तेज गेंदबाज नंदनी शर्मा तीन मैचों में आठ विकेट लेकर गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर है

**नवी मुंबई, वार्ता।** डब्ल्यूपीएल 2026 के शुरुआती चरण में व्यक्तिगत प्रदर्शनों ने सबका ध्यान खींचा है। आइए एक नजर डालते हैं दिल्ली कैपिटल्स और यूपी वॉरियर्ज के बीच बुधवार की रात खेले गए मैच के बाद ऑरेंज और पर्पल कैप की रेस कैसी चल रही है।

ऑरेंज कैप टेबल मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने तीन मैचों में165 रन बनाते हुए तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर रखा है। मंगलवार को गुजरात जॉयंट्स के खिलाफ उन्होंने 43 गेंदों में नाबाद 71 रनों की एक मैच जिताने वाली पारी खेली थी जिससे एमआई ने आसानी से 193 रनों का लक्ष्य हासिल किया था। इससे पहले हरमनप्रीत ने शनिवार को डीसी के खिलाफ भी 42 गेंदों में नाबाद 74 रन बनाए थे।

डीसी की ओपनर लिजेल ली 163 रन बनाकर दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने बुधवार को यूपीडब्ल्यू के खिलाफ 67 रनों की पारी खेली और इससे पहले जीजी के खिलाफ रविवार को 86 रन भी बनाए थे। सीजन के उनके दूसरे अर्द्धशतक ने डीसी को इस डब्ल्यूपीएल में पहली जीत दिलाई है। जीजी की ओपनर सोफी डिवाइन 141 रनों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। यूपीडब्ल्यू के खिलाफ अपनी टीम के पहले मैच में 38 रन बनाने के बाद न्यूजीलैंड की ओपनर ने डीसी के खिलाफ केवल 42 गेंदों में 95 रनों की विस्फोटक पारी खेली।

पर्पल कैप टेबल-डीसी की तेज गेंदबाज नंदनी शर्मा तीन मैचों में आठ विकेट लेकर गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं। इस दौरान उनकी इकॉनमी 8-80 की रही है। उन्होंने जीजी के खिलाफ फाइव विकेट हॉल लिया और साथ ही डब्ल्यूपीएल में हैट्रिक लेने वाली चौथी गेंदबाज भी बनीं। बुधवार को यूपीडब्ल्यू के खिलाफ उन्होंने 29 रन देकर एक विकेट लिया। छह विकेट के साथ तीन खिलाड़ी संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं जो एमआई की एमेलिया कर, आरसीबी की नडीन डी क्लर्क, और एमआई की निकोला कैरी हैं। केवल 6-41 की इकॉनमी के कारण सबसे ऊपर हैं क्योंकि डी क्लर्क (6.75) और कैरी (9.00) की इकॉनमी उनसे अधिक है।

## हरमनप्रीत कौर को पंसद हैं छोले भटूरे और बटन चिकन

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय महिला टीम और मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत को छोले भटूरे और बटर चिकन बेहद पंसद है। जियो हॉटस्टार पर बात करते हुए, मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने यह बात कही। जब उनसे पूछा गया कि मैच के बाद उनका पसंदीदा खाना कौन सा है।

उन्होंने कहा कि छोले भटूरे और बटर चिकन। इस बातचीत के दौरान उन्होंने उन खिलाड़ियों के नाम बताए जो सबसे बड़े शरारती हैं। उन्होंने कहा, ष्हेली मैथ्यूज और शबनीम इस्माइल को जब भी उन्हें मौका मिलता है, वे युवा लड़कियों की टांग खींचती रहती हैं। हरमनप्रीत कौर ने कहा कि उन्हें क्रिकेट के अलावा फुटबॉल बेहद पंसद है। जब उनसे पूछा गया कि अगर क्रिकेट नहीं तो वह कौन सा खेल खेलेंगी। उन्होंने कहा, ष्फुटबॉल, मुझे फुटबॉल बहुत पसंद है। ड्रेसिंग रूम में सबसे अधिक बजने वाले गाने और उनके पसंदीदा गाने को लेकर उन्होंने कहा कि पंजाबी बीट गाने। अभी मुझे पंजाबी गाना बैड बॉय बेहद पसंद है।

उन्होंने कहा कि शबनीम इस्माइल सबसे मुश्किल गेंदबाज है। उन्होंने कहा कि प्रैक्टिस नेट में मैं कह सकती हूं शबनीम इस्माइल का सामना करना बहुत मुश्किल है। अपनी कप्तानी के अंदाज में वह एक चीज जो कभी नहीं बदलना चाहेंगी। उन्होंने कहा कि मेरी कप्तानी के अंदाज में एक चीज जो मैं कभी नहीं बदलना चाहती, वह है मैदान पर आक्रामकता। क्योंकि मुझे लगता है कि यह मेरे अंदर से सबसे अच्छा निकालता है। मैदान के बाहर मुझे गुस्सा नहीं आता।

### खेल विशेष

## जय शाह ने अंडर-19 विश्व कप टीमों को दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने आज से जिम्बाब्वे और नामीबिया में शुरु हो रहे आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप से पहले सभी टीमों और खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा किए गए एक संदेश में, शाह ने क्रिकेट की अगली पीढ़ी के सितारों को बनाने में टूर्नामेंट की भूमिका पर बल देते हुए लिखा, ष15 जनवरी से मेजबान देशों जिम्बाब्वे और नामीबिया में शुरू हो रहे आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्वकप के लिए सभी टीमों और खिलाड़ियों को शुभकामनाएं। हमारी यूथ प्रतियोगिता लंबे समय से क्रिकेट के कुछ सबसे बड़े सितारों के लिए रास्ता रही है और मुझे यकीन है कि इस बार भी ऐसा ही होगा।

## बीसीबी ने नजमुल इस्लाम को कारण बताओ नोटिस दिया

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के क्रिकेटर्स को लेकर सार्वजनिक रूप से की गई 'आपत्तिजनक टिप्पणी' को लेकर बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने अपने निदेशक एम नजमुल इस्माल को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बीपीएल मैच के शुरू होने के कुछ घंटे पहले ही ए नोटिस आया है क्योंकि खिलाड़ियों की संस्था सीडब्ल्यूएबी ने इस्लाम के इस्तीफा नहीं देने पर पूरे देश में सभी तरह की क्रिकेट के बॉयकॉट की घोषणा की थी। गुरुवार की सुबह ढाका क्रिकेट लीग के निर्धारित चार फर्स्ट-डिवीजन मैच शुरू नहीं हुए जिससे बीसीबी की चिता गंभीर हो गई। ऐसी जानक. ारी है कि आज होने वाले मुकाबले का सीआर और नोखली एक्सप्रेस के खिलाड़ी बॉयकॉट के पक्ष में हैं। बीसीबी के बयान में कहा गया कि बोर्ड के जिन सदस्यों से समस्या है उनके खिलाफ बोर्ड ने औपचारिक अनुशासनात्मक कार्यवाई शुरू कर दी है।

## भारतीय सीनियर महिला टीम तुर्की में तीन मैत्री मैच खेलेगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने गुरुवार को बताया कि भारतीय सीनियर महिला टीम तुर्की में तीन फुटबॉल क्लबों के साथ मैत्री मैच खेलेंगी। एआईएफएफ के अनुसार भारतीय सीनियर महिला टीम 26 खिलाड़ियों के साथ तुर्की में ट्रेनिग कैंप के लिए रवाना हो गई है। एएफसी महिला एशियाई कप ऑस्ट्रेलिया 2026 की तैयारी कर रही भारतीय टीम ने 12 से 14 जनवरी तक हरियाणा के गुरुग्राम में तीन दिन का छोटा ट्रेनिग कैंप किया था। यहां भारतीय टीम 18 जनवरी को यूक्रेन के फुटबॉल क्लब मेटलस्ट 1925 खार्किव, 21 जनवरी को स्विट्जरलैंड के जड़ूरिख शहर के महिला फुटबॉल क्लब ज्यूरिख फाउएन और 24 जनवरी को आयरलैंड के फुटबॉल क्लब शिलएरेन के खिलाफ तीन मैत्री मैच खेलेगी।

भारतीय महिला फुटबॉल टीम इस प्रकार है:-

**गोलकीपर:** एलंगबाम पंथोई चानू, सौम्या नारायणसामी, श्रेया हुड्डा, अद्रिजा सरखेल।

**डिफेंडर:** स्वीटी देवी नगांग. बाम, शिल्की देवी हेमाम, जूली किशन, निर्मला देवी फांजोबाम, संजू, अस्तम ओरांव, सरिता युमनाम, सुष्मिता लेप्चा, मार्टिना थोकचोम।

**मिडफील्डर:** संगीता बासफोर, बबीना देवी लिशम, प्रियदर्शिनी सेलादुरई, अंजू तमांग, जसोदा मुंडा, सैनफिडा नोंग्रम।

**फॉरवर्ड:** ग्रेस डांगमेई, करिश्मा शिरवोइकर, रिम्पा हलदर, मालविका पी, प्यारी जाक्सा, लिडा कोम सेर्टो, काव्या पक्कीरिसामी।

## न्यूजीलैंड-भारत सीरीज से बाहर हुए सुंदर




● वाशिंगटन सुंदर की चोट बाई निचली पसली में अचानक हुई तकलीफ बताया है

**नई दिल्ली, वार्ता।** चोट के कारण ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर न्यूजीलैंड के विरु( होने वाली पांच मैचों की टी-20 सीरीज में नहीं खेल पाएंगे। सात फरवरी से शुरु होने वाले टी-20 विश्व से पहले होने वाली यह सीरीज महत्वपूर्ण मानी जा रही है। वॉशिंगटन वडोदरा में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले एकदिवसीय के दौरान वे साइड स्ट्रेन का शिकार हो गए थे और अभी तक इस चोट से पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं। यह एकदिवसीय सीरीज 21 से 31 जनवरी खेली जाएगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने वॉशिंगटन की चोट को बाई निचली पसली में अचानक हुई तकलीफ बताया है, हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि वे विश्व कप तक पूरी तरह फिट हो पाएंगे या नहीं। भारत को टी-20 विश्व कप के उद्घाटन मैच में मुंबई में अमेरिका से भिड़ना है। वनडे सीरीज के लिए चयनकर्ताओं ने वॉशिंगटन की जगह दिल्ली के ऑलराउंडर आयुष बदोनी को टीम में शामिल किया था, लेकिन टी-20 स्क्वॉड में उनकी एंट्री होगी या नहीं, इस पर अभी कोई पुष्टि नहीं है। न्यूजीलैंड के विरुद्ध टी-20 सीरीज में वॉशिंगटन की गैरमौजूदगी को लेकर भारतीय खेमा चिंतित नहीं है। अगले हफ्ते कई ऑलराउंडर टीम से जुड़ने वाले हैं, जिनमें हार्दिक पांड्या, अभिषेक शर्मा और शिवम दुबे शामिल हैं। इसके अलावा अक्षर पटेल की भी वापसी हो रही है, जो न्यूजीलैंड सीरीज और टी-20 विश्व कप दोनों में उपकप्तान की भूमिका निभाएंगे। हालांकि टीम को एक और झटका लगा है। वॉशिंगटन के अलावा तिलक वर्मा भी ग्रो. इन इंजरी की सर्जरी के बाद शुरुआती तीन टी-20 मैचों के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए भारत की टीम इस प्रकार है:-

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा (पहले तीन मैचों के लिए उपलब्ध नहीं), हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल (उपकप्तान), रिकू सिंह, जसप्रीत बुम. राह, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, वॉशिंगटन सुंदर और इशान किशन (विकेटकीपर)।

## वाइल्ड कार्ड प्रेस्टन ने टॉप सीड राडुकानू को हराकर तहलका मचाया

**होबार्ट, वार्ता।** वाइल्ड कार्ड टेलाह प्रेस्टन ने होबार्ट इंटरनेशनल में नंबर 1 सीड एम्मा राडुकानू को 6-2, 6-4 से हराकर अपने घरेलू फैंस को खुश किया और अपने करियर के पहले डब्ल्यूटीए टूर सेमीफाइनल में पहुंची। 20 साल की, नंबर 204 रैंक वाली खिलाड़ी ने इस हफ्ते से पहले सिर्फ एक टूर-लेवल मैच जीता था। सैन डिएगो 2024 में लेकिन नंबर 5 सीड जेसिका बोजास मानेइरो और रेबेका् ामकोवा को हराने के बाद, उन्होंने नंबर 29 रैंक वाली राडुकानू पर अपने करियर की पहली टॉप 30 जीत हासिल की।

प्रेस्टन ने अपना पहला मैच प्वाइंट पक्का करने के लिए फोरहैंड विनर लगाने के बाद कहा कि मुझे सच में नहीं पता कि क्या कहूं। मैं बस बहुत खुश हूं कि मैं अगले राउंड में पहुंच गई हूं और यहां सबके सामने फिर से खेलने का मौका मिलेगा। राडुकानू के खिलाफ, प्रेस्टन ने साफ, आक्रामक बॉल-स्ट्राइकिंग का टॉप-क्लास लेवल दिखाया, पूर्व यूएस ओपन चैंपियन के नौ विनर्स के मुकाबले 21 विनर्स लगाए।

## हेनिल पटेल के पंजे से भारत ने अमेरिका को 107 रन पर लुढ़काया




**बुलावाया, वार्ता।** हेनिल पटेल (पांच विकेट) की अगुवाई में गें. दबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारत ने गुरुवार को अंडर-19 विश्व कप के पहले मुकाबले में अमेरिका को 35.2 ओवरों में 107 रनों के स्कोर पर समेट दिया। यहां भारत की अंडर-19 टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी अमेरिका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में अमरिदर गिल (एक) का विकेट गंवा दिया। उन्हें हेनिल पटेल ने आउट किया। इसके बाद अर्जुन महेश और साहिल गर्ग ने पारी को संभालने का प्रयास किया, लेकिन भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे उसके बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सके। अर्जुन महेश और साहिल गर्ग (16-16) रन बनाकर आउट हुए। अदनित झांब (18) रन बनाकर आउट हुए। शेष सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। 36वां ओवर कर रहे वैभव सूर्यवंशी दूसरी गेंद पर नीतीश सुदिनी को आउटकर अमेरिका की पारी का 107 के स्कोर पर अंत कर दिया। नीतीश सुदिनी ने टीम के लिए सर्वाधिक 36 रनों की पारी खेली। भारत की ओर से हेनिल पटेल ने सात ओवर में 16 रन देकर पांच विकेट लिए। दीपेश देवेंद्रन, अमब्रिश, खिलन पटेल और वैभव ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## म्बोको ने मेडिसन कीज को चौंकाया

● म्बोको ने आखिरकार 1:53 मिनट में अपने छोटे से करियर की दूसरी टॉप 10 जीत हासिल की



एडिलेड, वार्ता। 19 साल की कनाडाई खिलाड़ी विक्टोरिया म्बोको ने गुरुवार को एडिलेड इंटरनेशनल में मैडिसन कीज के टाइटल डिफेंस को 6-4, 4-6, 6-2 से हराकर खत्म कर दिया। यह इस हफ्ते डब्ल्यूटीए 500 इवेंट में खेले गए उतने ही मैचों में उनकी तीसरी तीन-सेट वाली जीत थी। एक सेट और एक ब्रेक से आगे होने के बाद, कीज के खिलाफ म्बोको के लिए चीजें मुश्किल हो गई, जिन्होंने 2022 में एडिलेड से एक ट्रॉफी भी जीती थी। लेकिन मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन आखिरी सेट में थक गईं और म्बोको ने आखिरकार 1 घंटे और 53 मिनट में अपने छोटे से करियर की दूसरी टॉप 10 जीत हासिल की।

कृकनाडाई खिलाड़ी ने कीज के आखिरी सेट की शुरुआत में सर्व होल्ड करने के बाद लगातार पांच गेम जीते और जीत हासिल की। उन्हें डिफेंडिग चैंपियन के उतार-चढ़ाव वाले प्रदर्शन का फायदा मिला, जिन्होंने कुल 41 अनफोर्स्ड एरर किए और - नौ ऐस मारने के बावजूद - 12 ब्रेक पॉइंट का सामना किया और छह बार सर्व गंवाई। म्बोको ने बाद में कहा, ष्मुझे पता है कि उसने पिछले साल यह टूर्नामेंट जीता था, और बेशक, ऑस्ट्रेलियन ओपन भी, और मुझे इस मैच में आने से पहले पता था कि यह एक बड़ी लड़ाई होगी। आठवीं सीड अब सेमीफाइनल में पसंदीदा स्थिति में होंगी क्योंकि वह डब्ल्यूटीए टूर पर अपने तीसरे करियर फाइनल की तलाश में हैं, जो सभी पिछले अगस्त में मॉन्ट्रियल में अपने घरेलू मैदान पर डब्ल्यूटीए 1000 टाइटल जीतने के बाद से आए हैं। उस टूर्नामेंट के पहले राउंड में, उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की किम्बर्ली बिररेल को हराया था और यह जोड़ी इस बार फिर खेलेगी, जिसमें बिना सीड वाली बिररेल को अब घरेलू दर्शकों का फायदा मिलेगा। 27 साल की गोल्ड कोस्ट की रहने वाली खिलाड़ी ने अपने करियर में पहली बार डब्ल्यूटीए 500-लेवल के सेमीफाइनल में जगह बनाई, जिसमें उन्होंने तीन सेट में जीत हासिल की - रोमानिया की जैकलिन क्रिस्टियन के खिलाफ 5-7 6-1, 7-5 का एक शानदार मैच जो 3 घंटे और 4 मिनट तक चला।

## फीफी विश्व कप के लिए 50 करोड़ से ज्यादा टिकट रिक्वेस्ट

**लुसाने, वार्ता।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए दुनिया भर में उत्साह पहले कभी नहीं देखा गया, रैंडम सिलेक्शन ड्रॉ टिकट बिक्री फेज के दौरान आधे बिलियन से ज्यादा टिकट रिक्वेस्ट सबमिट की गईं, जो गुरुवार, 11 दिसम्बर 2025 से मंगलवार, 13 जनवरी 2026 तक चला। सिर्फ 33 दिनों में सभी 211 फीफा मेंबर एसोसिएशन के देशों/टेरिटरी में रहने वाले फैन्स से एप्लीकेशन मिलीं। मेजबान यूनाइटेड स्टेट्स, मेक्सिको और कनाडा टॉप एप्लीकेंट देशों में शामिल हैं, साथ ही जर्मनी, इंग्लैंड, ब्राजील, स्पेन, पुर्तगाल, अर्जेंटीना और कोलंबिया भी शामिल हैं। फैन्स को उनके टिकट एप्लीकेशन के नतीजे के बारे में 5 फरवरी से पहले ईमेल से बताया जाएगा।

हर एप्लीकेशन को यूनिक क्रेडिट कार्ड डेटा से वैलिडेट किया गया, फैन्स ने 33-दिन की एप्लीकेशन विंडो में हर दिन एवरेज 15 मिलियन टिकट रिक्वेस्ट कीं, जिसने दुनिया के खेल के इतिहास में डिमांड के लिए एक नया बेंचमार्क सेट किया। उन सभी देशों और इलाकों में रहने वाले फैंस से एप्लीकेशन मिले, जहां फीफा के 211 मेंबर एसोसिएशन खेल को कंट्रोल करते हैं। इससे पता चलता है कि पहली बार हुए 48 टीमों वाले फीफा वर्ल्ड कप की दुनिया भर में कितनी अपील है। होस्ट देशों - यूनाइटेड स्टेट्स, मेक्सिको और कनाडा - के अलावा, सबसे ज्यादा एप्लीकेशन जर्मनी, इंग्लैंड, ब्राजील, स्पेन, पुर्तगाल, अर्जेंटीना और कोलंबिया में रहने वाले फैंस से आए। इस सेल्स फेज में सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला मैच शनिवार, 27 जून को मियामी में कोलंबिया बनाम पुर्तगाल था। टॉप 5 में गुरुवार, 18 जून को ग्वाडलहारा में मेक्सिको बनाम कोरिया रिपब्लिक रविवार, 19 जुलाई को न्यूयॉर्क न्यू जर्सी में फाइनल( गुरुवार, 11 जून को मेक्सिको सिटी में मेक्सिको और दक्षिण अफ्रीका के बीच टूर्नामेंट का पहला मैच( और गुरुवार, 2 जुलाई को टोरंटो में राउंड-ऑफ-32 मैच शामिल हैं - जिससे तीनों होस्ट देशों में बड़े मैचों और नॉकआउट-स्टेज मुकाबलों की जबरदस्त अपील का पता चलता है। फीफा प्रेसिडेंट जियानी इन्फेंटिनो ने कहा कि सिर्फ एक महीने में आधा बिलियन टिकट रिक्वेस्ट, डिमांड से ज्यादा हैं , यह एक ग्लोबल स्टेटमेंट है।

## लॉस एंजेलिस ओलंपिक के लिए टिकट पंजीकरण शुरू

**जिनेवा, वार्ता।** आईओसी ने बुधवार को घोषणा की कि 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक खेलों के टिकट खरीदने के लिए रजिस्ट्रेशन की अवधि शुरू हो गई है। आईओसी ने कहा कि रजिस्ट्रेशन की अवधि 14 जनवरी से 18 मार्च तक चलेगी, जिसके दौरान जो भी टिकट खरीदना चाहता है, उसे एलए 28 वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करना होगा और एक प्रोफाइल बनानी होगी।

जो प्रशंसक सफलतापूर्वक रजिस्ट्रेशन करेंगे, वे टिकट ड्रॉ में शामिल होंगे, जिसमें टिकट खरी. दने के लिए एक रैंडम टाइम स्लॉट दिया जाएगा। ए टाइम स्लॉट अप्रैल 2026 में खुलेंगे, जिसमें पहली टिकट विंडो के दौरान 30 लाख से ज्यादा टिकट उपलब्ध होंगे।

आईओसी ने कहा कि टिकट की कीमतें 28 अमेरिकी डॉलर से शुरू होंगी और हर अकाउंट से ज्यादा से ज्यादा 12 टिकट खरीदे जा सकते हैं।

## प्रणय-श्रीकांत दूसरे दौर में हारे



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की उम्मीद एच एस प्रणय और किदांबी श्रीकांत इंडिया ओपन के दूसरे दौर में गुरुवार को तीन गेमों के संघर्षपूर्ण मुकाबले में हार कर बाहर हो गए। प्रणय को आठवीं सीड सिगापुर के लोह कीन यियू ने 18-21, 21-19, 21-14 से हराया। प्रणय पहला गेम जीतने का फायदा नहीं उठा पाए और अगले दो गेम हारकर मुकाबले से बाहर हो गए। श्रीकांत को पांचवीं सीड फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव ने 21-14, 17-21, 21-17 से हराया। पूर्व नंबर एक श्रीकांत ने पहला गेम हारने के बाद दूसरे गेम में संघर्ष दिखाते हुए जीत हासिल की, लेकिन निर्णायक गेम हारकर वह भी टूर्नामेंट से बाहर हो गए। इस बीच महिला एकल में मालविका बंसोड़ को भी हार का सामना करना पड़ा। बंसोड़ को पांचवीं सीड हान युई ने 21-18, 21-15 से हराया। महिला एकल में भारत की सबसे बड़ी उम्मीद पीवी सिधु बुधवार को पहले ही दौर में बाहर हो गई थी।

## जोकोविच-सिनर ऑस्टेलिया ओपन ड्रॉ के एक ही हाफ में

● जेनिक सिनर लेक्सस एटीपी हेड2हेड सीरीज में नोवाक जोकोविच से 6-4 से आगे हैं

**मेलबर्न, वार्ता।** नोवाक जो. कोविच और जानिक सिनर ऑस्ट्रेलियन ओपन ड्रॉ के एक ही हाफ में हैं, जिसका खुलासा गुरुवार को मेलबर्न में हुआ। रिकॉर्ड 10 बार के चैंपियन जोको. विच और दो बार के मौजूदा चैंपियन सिनर सीजन के पहले मेजर में एक ब्लॉकबस्टर सेमीफाइनल में भिड़ सकते हैं। सिनर लेक्सस एटीपी हेड2हेड सीरीज में जोकोविच से 6-4 से आगे हैं, जिसमें सर्बियाई खिलाड़ी एक समय 4-1 से आगे थे। 24 वर्षीय इतालवी खिलाड़ी ने 2024 के ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनल में जोकोविच को हराकर अपना पहला मेजर खिताब जीता था। इस पखवाड़े में एक रीमैच की संभावना है। कार्लोस अल्काराज, एटीपी रैंकिग में विश्व नंबर 1, अपना सातवां मेजर खिताब जीतने और करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने का लक्ष्य बना रहे हैं। स्पेनिश खिलाड़ी अपने प्रतिद्वंद्वी अलेक्जेंडर ज्वेरेव के साथ उसी हाफ में हैं। 22 वर्षीय खिलाड़ी घरेलू उम्मीद एडम वाल्टन के खिलाफ शुरुआत करेंगे। 38 वर्षीय जोकोविच अपने 25वें मेजर खिताब का लक्ष्य बना रहे हैं, जो टेनिस इतिहास में सबसे अधिक मेजर सिगल्स खिताब के लिए मार्गरेट कोर्ट के साथ उनकी बराबरी को तोड़ देगा। दूसरी वरीयता प्राप्त सिनर मेलबर्न पार्क में लगातार तीसरी जीत और कुल मिलाकर अपने पांचवें मेजर खिताब का पीछा कर रहे हैं। सर्बियाई खिलाड़ी अपने अभियान की शुरुआत पेड्रो मार्टिनेज के खिलाफ करेंगे, जबकि सिनर पहले दौर में फ्रांसीसी बाएं हाथ के खिलाड़ी ह्यूगो गैस्टन का सामना करेंगे। सिनर, जिनका टूर्नामेंट रिकॉर्ड 22-4 है, ड्रॉ समारोह से पहले उपस्थित हुए और टूर्नामेंट के लिए अपने दृष्टिकोण के बारे में बात की।उन्होंने कहा कि ड्रॉ बहुत मुश्किल है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप किसके साथ खेलते है। हम दुनिया के सबसे अच्छे खिलाड़ी हैं और रास्ता बहुत, बहुत लंबा और बहुत दूर है। हम दिन-ब-दिन आगे बढ़ेंगे। 24 साल के खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलियाई कोच डैरेन काहिल के साथ अपनी पार्टनरशिप के बारे में भी बात की। सिनर ने कहा, ष्साल के आखिर में हमारी अच्छी बातचीत हुई और उनके साथ कम से कम एक और सीजन शेयर करना बहुत अच्छा है। वह बहुत शांति देते हैं और मुझे उनके साथ कोने में बहुत सुरक्षित महसूस होता है, न सिर्फ मुझे, बल्कि बाकी टीम को भी। यह बहुत अच्छा है, खासकर यहां खेलना, एक ऑस्ट्रेलियाई टीम मेंबर के साथ ऑस्ट्रेलिया में खेलना। पहले राउंड के दो सबसे दिलचस्प मैच छठे सीड एलेक्स डी मिनौर बनाम पूर्व नंबर 6 माटेओ बेरेटिनी और ज्वेरेव का बघे सर्विस करने वाले गैब्रियल डियालो के साथ मुकाबला है। डी मिनौर और बेरेटिनी ने 2025 में हार्ड-कोर्ट पर अपनी मुलाकातें बांटीं, जिसमें इटैलियन खिलाड़ी लेक्सस हेड2हेड सीरीज में 3-2 से आगे हो गया। ज्वेरेव और डियालो पहली बार मिलेंगे। फैंस के पसंदीदा थानासी कोकिनाकिस ने ड्रॉ सेरेमनी से कुछ समय पहले अपना नाम वापस लेने की घोषणा

## कोकिनाकिस ऑस्ट्रेलियन ओपन सिगल्स से हटे

**मेलबर्न, वार्ता।** थानासी कोकिनाकिस ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन सिगल्स इवेंट से हटने की घोषणा की। कोकिनाकिस ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर लिखा कि दुर्भाग्य से अपनी टीम और डॉक्टरों से बात करने के बाद मैंने ऑस्ट्रेलियन ओपन सिगल्स से हटने का फैसला किया है।एक अविश्वसनीय रूप से कठिन साल के बाद यह वह इवेंट था जिसका मैं सबसे ज्यादा इंतजार कर रहा था, लेकिन मैं अभी तैयार नहीं हूं। मैं हर दिन 100प्रतिशत ठीक होने के लिए सब कुछ कर रहा हूं। कोकिनाकिस ने पिछले हफ्ते एडिलेड इंटरनेशनल में लगभग एक साल बाद अपना पहला सिगल्स मैच खेला, जहां उन्होंने फाइनल-सेट टाई-ब्रेक में सेबेस्टियन कोर्डा को हराया। लेकिन पूरे मैच के दौरान, पिछले फरवरी में पेक्टोरल सर्जरी के बाद ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को अपने दाहिने कंधे में परेशानी हो रही थी। वह बुधवार को एडिलेड से हट गए। 29 वर्षीय खिलाड़ी मेलबर्न पार्क में डबल्स में प्रतिस्पर्धा करने की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने 2022 में निक किर्गियोस के साथ खिताब जीता था। कोकिनाकिस ने लिखा कि हम अभी भी डबल्स के लिए कोर्ट पर उतरने और कुछ मजे करने की कोशिश करेंगे।मेरा समर्थन करने वाले सभी लोगों को धन्यवाद।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 16 जनवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# पीएम का संबोधन

गुरुवार को प्रधानमंत्री मोदी ने संसद परिसर में 28वें कॉमनवेल्थ स्पीकर्स और प्रेसाइडिंग ऑफिसर्स कान्फ्रेंस (सीएसपीओसी) का उद्घाटन किया। इसमें 42 देशों के 61 स्पीकर शामिल हुए हैं। यह सम्मेलन 14 से 16 जनवरी तीन दिन तक चलेगा। सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने भारत के सामने चुनौतियां और उससे निपटने के तौर-तरीकों को लोगों के सामने रखा। उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियों को बताते हुए कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और पिछले कुछ सालों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। इतना ही नहीं भारत में यूपीआई दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल पेमेंट सिस्टम है। उनके अनुसार भारत दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीन प्रोड्यूसर भी है। दुनिया का नंबर 2 स्टील प्रोड्यूसर है और सबसे बड़ी बात पीएम मोदी ने बेबाक अंदाज में कहा कि भारत में लोकतंत्र की पहचान है कि आखिरी व्यक्ति तक फायदे पहुंचें और लोक कल्याण की भावना से हर व्यक्ति के बिना भेदभाव के काम कर रहे हैं। उन्होंने लोगों को याद दिलाया कि जब भारत आजाद हुआ तब आशंका व्यक्त की गई थी कि इतनी विविधता में भारत में लोकतंत्र टिक नहीं पाएगा, लेकिन आगे चलकर भारत ने यह साबित किया कि उसकी यही विविधता सबसे बड़ी ताकत है। दुनिया ने देखा कि भारत ने अपनी विविधता को अपनी लोकतंत्र की ताकत में बदल दिया। कोविड 19 का भी जिक्र किया। जब महामारी के दौरान पूरी दुनिया संकट में थी और भारत भी इस चुनौती से जूझ रहा था तब भारत ने उन कठिन परिस्थितियों में भी 150 से अधिक देशों को दवाइयां और वैक्सीन उपलब्ध कराई। यह भारत के सिद्धांत को दर्शाता है कि पहले लोग पहले मानवता। वह पुरानी संसद का भी जिक्र करने से नहीं चूके, जिसमें यह सम्मेलन हो रहा है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के अंतिम सालों में इसी सेंट्रल हॉल में संविधान सभा की बैठक हुई थी। स्वतंत्रता के बाद 75 साल तक यह भारत की संसद रही। उन्होंने याद दिलाया कि यह भारत की लोकतांत्रिक सफलता है। देश के भविष्य से जुड़े कई निर्णय इसी में लिए गए और अब इसी जगह संविधान सदन रखा गया है। उन्होने लोकतंत्र में महिलाओं के प्रतिनिधित्व पर भी बात की और कहा कि हमारे देश की प्रथम राष्ट्रपति महिला हैं, दिल्ली की सीएम महिला हैं और ग्रामीण व स्थानीय निकायों में लगभग 15 लाख महिलाएं निर्वाचित प्रतिनिधि हैं। ये सारे आंकड़े अपनी जगह पर सही हैं और उसमें कोई दोराय नहीं कि भारत बराबर विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है, लेकिन यहां यह कहना भी जरूरी है कि यह विकास जमीनी स्तर पर उस तरह दिखाई नहीं देता, जिस तरह सरकारी आंकड़ों में दिखाई देता है। विपक्ष भी भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर सरकार की आलोचना करता रहता है।

## पांचवीं बार बसपा की सरकार बनानी है



बसपा आगामी चुनाव किसी से गठबंधन नहीं करेगी और अकेले दम पर मैदान में उतरेगी, गठबंधन से पार्टी को नुकसान होता है, क्योंकि अपर कास्ट का वोट दूसरे दलों में चला जाता है, जब अपर कास्ट का भरोसा पूरी तरह बसपा पर हो जाएगा, तब गठबंधन पर विचार होगा, लेकिन इसमें अभी समय लगेगा, प्रदेश की मौजूदा और पूर्व की सरकारें बसपा सरकार की योजनाओं का नाम बदलकर चला रही हैं, लेकिन उससे आमजन को कोई वास्तविक लाभ नहीं हो रहा, बसपा को रो.कने के लिए भाजपा, कांग्रेस और अन्य जातिवादी दल लगातार भ्रम फैलाकर पार्टी को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं,कांग्रेस, बीजेपी सहित अन्य जातिवादी पार्टियां अलग-अलग हथकंडे अपना रही हैं, इनको मुंहतोड़ जवाब देकर यूपी में पांचवीं बार बसपा की सरकार बनानी है। **-सुश्री मायावती, राष्ट्रीय अध्यक्ष, बसपा**

# बीच चुनाव में बिखर गई नेपाली कांग्रेस





यशोदा श्रीवास्तव

नेपाल की सबसे पुरानी और सबसे लंबे समय तक सरकार में रही नेपाली कांग्रेस अंतत: दो फाड़ हो गई। पार्टी में व्याप्त असंतोष और अंतर्विरोध का यह परिणाम है। पार्टी के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा पर कमजोर नेतृत्व का आरोप लग रहा था। युवाओं की उपेक्षा और दिशा हीन होने का भी आरोप था। उन पर इन सब मसलों के हल और विचार विमर्श के लिए विशेष राष्ट्रीय अधिवेशन की मांग जोर पकड़ रही थी। देउबा इसके लिए तैयार नहीं थे। उनका कहना था कि राष्ट्रीय अधिवेशन सहित अन्य मुद्दों पर चुनाव बाद विचार और मंत्रणा होगी।

पार्टी के दो महामंत्री गगन थापा और विश्व प्रकाश शर्मा इसके लिए तैयार नहीं थे। इन दोनों ने पिछले रविवार को ही दो दिवसीय विशेष राष्ट्रीय अधिवेशन आमंत्रित किया था। अधिवेशन की वैधता के सवाल पर गगन थापा का कहना था कि पार्टी विधान की धारा 17/2 के तहत यदि राष्ट्रीय परिषद के 54 प्रतिशत सदस्य और पदाधिकारी सहमत हैं तो विशेष राष्ट्रीय अधिवेशन कभी भी बुलाया जा सकता है। पार्टी में प्रदत्त इसी विधान के तहत अधिवेशन बुलाया गया। इस अधिवेशन में शेर बहादुर देउबा सहित उनके निकटवर्ती अन्य पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया था लेकिन वे लोग अधिवेशन में नहीं आए।

पूर्व में आयोजित दो दिवसीय यह अधिवेशन चार दिवसीय हो गया जो काठमांडू के भृकुटी मंडप में आयोजित था। शेर बहादुर देउबा की सहमति के बिना आयोजित इस राष्ट्रीय अधिवेशन में पार्टी के विभाजन की आशंका न केवल पार्टी के अन्य तमाम वरिष्ठ नेताओं को थी दूसरे राजनी.तिक दलों को भी ऐसा ही अंदेशा था। देउबा और उनके गुट के वरिष्ठ सदस्यों ने पार्टी को विभाजन से बचाने की पूरी कोशिश की लेकिन वे असफल रहे। अधिवेशन के चौथे दिन मामला तब बिगड़ गया जब देउबा गुट के कार्यवाहक सभापति पूर्ण बहादुर खड़का ने पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में में बैठक कर दोनों महामंत्री गगन थापा और विश्व प्रकाश शर्मा सहित उप महामंत्री फरकुल्लाह मंसूर को पार्टी से निष्कासित कर दिया। इस निष्कासन के बाद ही पार्टी में विभाजन की रूपरेखा तैयार हुई। बुधवार को देर रात अधिवेशन में ही गगन थापा को राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया। विश्व प्रकाश शर्मा और कमला भुसाल को उपसभापति और फरकुल्लाह मंसूर को महामंत्री चुना गया। पार्टी के अन्य सदस्यों का चुनाव भी बहुत सोच समझकर किया गया। सभी क्षेत्र,जाति और धर्म का ख्याल रखा गया। पार्टी में विभाजन के बाद देउबा का अपने नेतृत्व वाली पार्टी का असली नेपाली कांग्रेस का दावा है तो गगन थापा का कहना है कि पार्टी विभाजित नहीं हुई,यह और मजबूत और संगठित हुई है। बहरहाल नेपाली कांग्रेस के विभाजन का मामला चुनाव आयोग में जाना तय है और वहीं असली नकली का फैसला भी होगा। हां यह एक मामला जरूर पेचीदा हो गया कि चुनाव में देउबा के चयनित उम्मीदवार मैदान में होंगे या गगन थापा के? उच्च सदन के नामांकन की तिथि समाप्त हो गई है और उसके उम्मीदवार भी तय हो गए हैं जबकि निचले सदन के उम्मीदवारी के नामांकन की तिथि अभी शेष है। चुनाव पांच मार्च को है। इसके पहले यदि देउबा और गगन थापा के नेतृत्व वाली कांग्रेस में फैसला नहीं आया तो देउबा द्वारा चयनित उम्मीदवार और रूख चुनाव चिन्ह पर ही उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। लेकिन पार्टी के विभाजन का दंश उम्मीदवारों को झेलना तय है। नेपाली कांग्रेस में मतभेद और असंतोष नया नहीं है लेकिन पार्टी कभी विभाजन के कगार पर नहीं पहुंची। स्वर्गीय गिरिजा प्रसाद कोइराला और केपी भट्टराई के बीच का विवाद किसे नहीं याद होगा। गिरिजा प्रसाद कोइराला ने तब अपने समर्थक पार्टी के 32 सांसदों के समर्थन से कम्युनिस्ट नेता मनमोहन अधिकारी को प्रधानमंत्री बनवा दिया लेकिन पार्टी नहीं टूटी। आज वैसी विकट स्थिति भी नहीं थी फिर भी पार्टी टूट गई। नेपाली कांग्रेस नेपाल की राजनीति में केवल एक पार्टी भर नहीं है। इसके साथ स्वर्गीय वीपी कोइराला, गिरिजा प्रसाद कोइराला, केपी भट्टराई, सुशील कोइराला आदि का नाम जुड़ा होने के नाते इसकी एक विचारधारा है जो समावेशी विकास और जनसरोकार की बात करती है। स्वर्गीय वीपी कोइराला ने राजशाही के वक्त 1960 में ही लोकतंत्र का बिगुल बजा दिया था। इसके लिए उन्हें तत्कालीन राजा महेन्द्र के षड्यंत्रों का शिकार होना पड़ा था। लंबे समय तक जेल में रहना पड़ा और निर्वसन तक का जीवन जीने को मजबूर होना पड़ा था। हालांकि वीपी कोइराला लो.कतंत्र की जंग जीत नहीं पाए थे। राजा महेन्द्र अपनी कुटिल चालों से नेपाली कांग्रेस में फूट डालकर राजशाही बचाने में सफल रहे थे जो लंबे समय तक चला। राजशाही विरोधी कई दलों के एक जुट विरोध और लंबे आंदोलन के बाद 2008 में नेपाल राजशाही से मुक्त हो पाया और यहां गणतंत्र का उदय हुआ। लोकतंत्र बहाली आंदोलन में नेपाली कांग्रेस के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता जिसका नेतृत्व वीपी कोइराला के बाद स्वर्गीय गिरिजा प्रसाद कोइराला ने किया था। गिरिजा प्रसाद कोइराला को नेपाल में गांधी के नाम से जाना जाता है। राजशाही के खिलाफ चले लंबे आंदोलन में जहां कम्युनिस्ट धड़ा हिंसा का रास्ता अख्तियार कर लिया था वहीं नेपाली कांग्रेस शांति पूर्वक आंदोलन का पक्षधर रहा है। इस आंदोलन को जनयुद्ध भी कहा गया क्योंकि इसमें हजारों लोगों की जानें भी गई थी। नेपाल में प्रतिनिधि सभा चुनाव की सरगर्मी भी है। पार्टियां चुनाव की तैयारी में व्यस्त हैं। प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया भी तेज है ऐसे में नेपाली कांग्रेस का यह हाल इस पुरानी और भारत समर्थक राजनीतिक दल को कमजोर कर गई। पिछले दिनों नेपाल को जेन जी के हिंसात्मक आंदोलन से गुजरना पड़ा। तब एमाले नेता केपी शर्मा ओली प्रधानमंत्री थे जो नेपाली कांग्रेस के गठबंधन के साथ सरकार में थे। इस हिंसक आंदोलन में सारी दुनिया ने देखा कि आंदोलन कारियों ने किस तरह देउबा और उनकी पत्नी आरजू राणा को दौड़ा दौड़ा कर पीटा था। आंदोलन कारियों के निशाने पर यूं तो लगभग सभी पार्टियों के नेता थे, लेकिन सर्वाधिक नुकसान देउबा और उनकी पत्नी को पहुंचाया गया। पार्टी के भीतर इसे कमजोर नेतृत्व माना गया और तभी से पार्टी के भीतर नेतृत्व परिवर्तन की बात भी उठनी शुरू हुई थी। नेपाली कांग्रेस संघर्ष, त्याग और लोकतांत्रिक आंदोलनों की जीवंत विरासत है। जिस पार्टी ने नेपाल में लोकतंत्र की नींव रखी, राजतंत्र को चुनौती दी और गणतंत्र की स्थापना में ऐतिहासिक भूमिका निभाई, उस पार्टी का आज यह हाल चिंता जनक है। पार्टी के युवा नेताओं की अपेक्षा पर खरा नहीं उतर पाने वाले देउबा यदि स्वेच्छा से हट जाते तो पार्टी को विभाजन से बचाया जा सकता था। देउबा के नेतृत्व में नेपाली कांग्रेस देश में तेजी से बदलते राजनीतिक हालात के बीच पीछे छूट जा रही था जो एक सच्चाई है। फिलहाल संख्या बल और स्वीकार्यता के लिहाज से गगन थापा के नेतृत्व वाली कांग्रेस का पलड़ा भारी है। आसन्न संसदीय चुनाव में देउबा अथवा थापा के नेतृत्व वाली कांग्रेस में कितना दम है यह देखना होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

**काली गाजर में एंथोसायनिन होता है, एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट जो उम्र बढ़ने और कैंसर के लिए जिम्मेदार मुक्त कणों से लड़ता है। ये फाइटोन्यूट्रिएंट्स कैंसर कोशिकाओं के विकास को रोकने में मदद करते हैं। फाइबर से भरपूर, काली गाजर स्वस्थ पाचन को बढ़ावा देती है और कब्ज और पेट की अन्य समस्याओं को कम करने में मदद करती है। काली गाजर रक्तचाप को नियंत्रित करने और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद कर सकती है, जिससे हृदय रोगों का खतरा कम हो जाता है। काली गाजर का हलवा भी आपके दिल को फायदा पहुंचा सकता है।**

# रामबाण है सर्दियों में काली गाजर का सेवन



सर्दियों के दौरान बाजारों में हरी सब्जियों से भरे हुए है। ठंड के मौसम में मेथी, बथुआ, सरसों का साग और चने के साग खाने का एक अलग ही स्वाद मिलता है और शरीर को भी गर्म रखता है। इसके साथ ही बाजारों में गाजर और मूली भी मिल रही है, इसे कच्ची खाओ या फिर पकाकर खाएं, यह अलग स्वाद ही देती है। कम लोग ही जानते हैं काली गाजर, जिसे अक्सर श्देसी गाजरश कहा जाता है। जबकि लाल गाजर आम हैं। काली गाजर में फाइबर, पोटेशियम, विटामिन ए और विटामिन जैसे आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं, काली गाजर पाचन, हृदय स्वास्थ्य और समग्र कल्याण के लिए अत्यधिक फायदेमंद बनाता है।

**काली गाजर के खाने के फायदे**

**कैंसर से बचाव**

काली गाजर में एंथोसायनिन होता है, एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट जो उम्र बढ़ने और कैंसर के लिए जिम्मेदार मुक्त कणों से लड़ता है। ए फाइटोन्यूट्रिएंट्स कैंसर कोशिकाओं के विकास को रोकने में मदद करते हैं।

**बेहतर पाचन**

फाइबर से भरपूर, काली गाजर स्वस्थ पाचन को बढ़ावा देती है और कब्ज और पेट की अन्य समस्याओं को कम करने में मदद करती है।

**हृदय स्वस्थ रहता**

काली गाजर रक्तचाप को नियंत्रित करने और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद कर सकती है, जिससे हृदय रोगों का खतरा कम हो जाता है। काली गाजर का हलवा भी आपके दिल को फायदा पहुंचा सकता है।

**बेहतर दृष्टि होती है**

लाल गाजर की तरह, काली गाजर में विटामिन ए और बीटा-कैरोटीन उच्च मात्रा में होता है, जो आंखों के स्वास्थ्य में सहायता करता है और रेटिना को अच्छी स्थिति में रखकर .ष्टि में सुधार करता है।

**ब्लड शुगर लेवल नियंत्रित करता**

कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स के साथ, काली गाजर ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करती है, जिससे यह मधुमेह के रोगियों के लिए उपयुक्त हो जाती है।

**ग्लोइंग स्किन**

काली गाजर के सेवन से झुर्रियां कम होती और सूजन-रोधी लाभ प्रदान करके त्वचा के स्वास्थ्य को बढ़ाती है, जो त्वचा की समस्याओं को हल करने में मदद कर सकती है।

**इम्यूनिटी मजबूत होती है**

विटामिन सी और अन्य पोषक तत्वों से भरपूर, काली गाजर प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देती है, सर्दी और संक्रमण से बचाती है।

# आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती: क्या हो समाधान





रजनीश कपूर

भारत में आवारा कुत्तों की समस्या एक गंभीर सामाजिक और स्वास्थ्य संकट बन चुकी है, जो न केवल नागरिकों के जीवन को प्रभावित कर रही है बल्कि पशु कल्याण के सवाल भी उठा रही है। दुनिया के किसी अन्य देश में यह समस्या इतनी विकराल रूप नहीं लेती जितनी भारत में। अनुमानों के अनुसार, भारत में आवारा कुत्तों की संख्या 3 से 6 करोड़ तक है, जो विश्व में सबसे अधिक है। जबकि अमेरिका, ब्रा.जील और चीन जैसे देशों में कुत्तों की कुल संख्या अधिक है, लेकिन आवारा कुत्तों का अनुपात भारत जितना नहीं। रेबीज से होने वाली मौतों का 36 प्रतिशत हिस्सा भारत में है और हर साल लाखों लोग कुत्तों के काटने से प्रभावित होते हैं। यह समस्या क्यों इतनी गंभीर है? इसका कारण हमारी सांस्कृतिक परंपराएं, अपर्याप्त स्वच्छता व्यवस्था और कानूनी ढांचे की कमी है। लोग धार्मिक भावनाओं से कुत्तों को भोजन देते हैं, लेकिन इससे उनकी संख्या अनियंत्रित रूप से बढ़ती जाती है। अन्य देशों जैसे नीदरलैंड्स में 'कलेक्ट, न्यूटर, वैक्सीनेट एंड रिटर्न' नीति से आवारा कुत्तों को समाप्त कर दिया गया है, बिना किसी हत्या के। भारत में भी ऐसी नीतियां हैं, लेकिन क्रियान्वयन की कमी है।

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर सख्त रुख अपनाया है। जनवरी 2026 में सुनवाई के दौरान कोर्ट ने राज्य सरकारों को चेतावनी दी कि हर कुत्ते के काटने, मौत या चोट के लिए भारी मुआवजा तय किया जाएगा, खासकर बच्चों और बुजुर्गों के मामलों में। कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकारें कुछ नहीं कर रही हैं और पिछले पांच सालों में पशु जन्म नियंत्रण नियमों का पालन नहीं हुआ। इसके अलावा, कुत्तों को भोजन देने वालों को भी जिम्मेदार ठहराया जाएगा। कोर्ट ने सुझाव दिया कि अगर कोई कुत्तों की देखभाल करना चाहता है, तो उन्हें अपने घर ले जाएं, न कि सड़कों पर छोड़कर लोगों को डराएं। कोर्ट ने स्कूलों, अस्पतालों और रेलवे स्टेशनों जैसे सार्वजनिक स्थलों से आवारा कुत्तों को हटाने और शेल्टर में रखने का आदेश दिया है, लेकिन उन्हें वापस उसी जगह न छोड़ने की हिदायत दी। यह सख्ती आवश्यक है क्योंकि कुत्तों के हमलों से हर साल हजारों लोग प्रभावित होते हैं और रेबीज जैसी घातक बीमारी फैलती है। कोर्ट का यह कदम मानव सुरक्षा और पशु कल्याण के बीच संतुलन बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है। लेकिन सवाल यह है कि क्या केवल अदालती हस्तक्षेप से समस्या हल हो जाएगी? नहीं, इसके लिए समाज, पशु प्रेमियों और कॉर्पोरेट जगत की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। पशु प्रेमी इस समस्या के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। वे आवारा कुत्तों की समस्या को खत्म करने के लिए शांतिपूर्ण वातावरण बनाने में मदद कर सकते हैं। सबसे पहले, जिम्मेदार फीडिंग अपनाएं। सड़कों पर भोजन फेंकने के बजाय, निर्धारित जगहों पर या अपने घरों में कुत्तों को रखकर ही खिलाएं। इससे कुत्ते आक्रामक नहीं बनेंगे और लोगों को डर नहीं लगेगा। दूसरा, एडॉप्शन को बढ़ावा दें। पशु प्रेमी आवारा कुत्तों को गोद लें, उन्हें घर दें और उनकी देखभाल करें। भारत में कई एनजीओ जैसे वीओएसडी और स्ट्रे एनिमल फाउंडेशन इंडिया इस काम में लगे हैं। पशु प्रेमी समुदाय बनाकर स्थानीय स्तर पर कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण अभियान चला सकते हैं। तीसरा, शिक्षा और जागरूकता फैलाएं। लोगों को बताएं कि आवारा कुत्तों को नियंत्रित करने से सभी का लाभ है। पशु प्रेमी सोशल मीडिया और कम्युनिटी ग्रुप्स के माध्यम से यह संदेश फैला सकते हैं कि पशु कल्याण मानव सुरक्षा से अलग नहीं है। यदि पशु प्रेमी इन कदमों को अपनाएं, तो आवारा कुत्तों की समस्या कम हो सकती है और यह सभी के लिए शांतिपूर्ण वातावरण बन सकता है। अब सवाल है कि कॉर्पोरेट कंपनियां और पशु प्रेमी मिलकर आवारा कुत्तों का प्रबंधन कैसे करें ताकि नागरिकों को नुकसान न हो? कॉर्पोरेट सामा.जिक दायित्व द्धसीएसआरत्र के तहत कंपनियां बड़ा योगदान दे सकती हैं। वे एनजीओ के साथ साझेदारी करके शेल्टर बना सकती हैं, जो सरकारी डॉग शेल्टर से बेहतर बने, जहां आवारा कुत्तों को रखा जाए, उनकी नसबंदी और वैक्सीनेशन किया जाए। मसलन, दिल्ली जैसे शहर में 10 लाख आवारा कुत्तों को शेल्टर में रखने का खर्च करीब 700-800 करोड़ रुपए सालाना हो सकता है, लेकिन कॉर्पोरेट फंडिंग से यह संभव हो सकता है। पशु प्रेमी इन शेल्टर में वॉलंटियर के रूप में काम कर सकते हैं, कुत्तों की देखभाल कर सकते हैं और एडॉप्शन इवेंट आयोजित कर सकते हैं। कंपनियां स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित कर सकती हैं जो कुत्तों के लिए फूड डिलीवरी या हेल्थ सर्विसेस प्रदान करें। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों के साथ मिलकर शिक्षा कार्यक्रम चला सकते हैं, जहां कुत्तों को वैक्सीनेट किया जाए और अनावश्यक कुत्तों को शेल्टर में भेजा जाए। शहरों में, पशु प्रेमी और कंपनियां मिलकर 'ट्रैप, न्यूटर, रिलीज' प्रोग्राम चला सकते हैं, जो कानूनी रूप से अनुमत है। इससे कुत्तों की संख्या नियंत्रित होगी और वे आक्रामक नहीं बनेंगे। कंपनियां अपने कर्मचारियों को एडॉप्शन के लिए प्रोत्साहित कर सकती हैं और पशु प्रेमी क्लब बना सकती हैं जहां अनुभव साझा किए जाएं। इस संयुक्त प्रयास से न केवल आवारा कुत्तों की समस्या हल होगी बल्कि पशु कल्याण भी सुनिश्चित होगा। सरकार को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी, लेकिन समाज की भागीदारी के बिना कोई बदलाव संभव नहीं। भारत में यह समस्या इसलिए गंभीर है क्योंकि हम पशु प्रेम और मानव सुरक्षा को अलग-अलग देखते हैं, जबकि दोनों एक सिक्के के दो पहलू हैं। सुप्रीम कोर्ट की सख्ती एक अवसर है कि हम सभी मिलकर एक ऐसा भारत बनाएं जहां कुत्ते और इंसान शांतिपूर्वक सह-अस्तित्व में रहें। पशु प्रेमी आगे आएं, कॉर्पोरेट सहयोग दें और सरकार क्रियान्वयन करे। तभी हम इस समस्या से मुक्ति पा सकेंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भारत से संघर्ष के बाद हमारे फाइटर-जेट्स डिमांड में

## पाकिस्तान पीएम शहबाज का दावाः बांग्लादेश समेत 6 मुस्लिम देशों को जेएफ-17 बेचने की बात चल रही

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ का दावा है कि भारत के साथ पिछले साल मई में हुए संघर्ष के बाद पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों की डिमांड बढ़ गई है। रेडियो पाकिस्तान के मुताबिक, उन्होंने कहा किया कि कई देश पाकिस्तानी फाइटर जेट्स खरीदने के लिए बातचीत कर रहे हैं। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि किन फाइटर जेट्स की डिमांड बढ़ी है।

हालांकि कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि कई देश पाकिस्तान जेएफ-17 थंडर फाइटर जेट्स खरीदने में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। इनमें बांग्लादेश, सूडान, लीबिया, सऊदी अरब, इराक और इंडोनेशिया जैसे देश शामिल हैं। रायटर्स के मुताबिक, इंडोनेशिया के रक्षा मंत्री ने 12 जनवरी को पाकिस्तान के वायु सेना प्रमुख जहीर अहमद बाबर सिद्धू से मुलाकात की और करीब 40 जेएफ-17 खरीदने पर बात की। वहीं बांग्लादेश के अखबार डेली स्टार के मुताबिक, पाकिस्तान, बांग्लादेश को भी जेएफ-17 फाइटर जेट बेचेगा। इसको लेकर दोनों देशों के वायुसेना प्रमुखों के बीच बात. चीत हो चुकी है। इसी तरह रायटर्स की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पाकिस्तान ने 7 जनवरी को सऊदी अरब को जेएफ-17 बेचने को लेकर बात की है। पाकिस्तान सऊदी अरब से मिले 2 अरब डालर के लोन के बदले यह सौदा कर रहा है। हालांकि, रिपोर्ट में ये भी कहा गया कि पाकिस्तानी सेना ने अभी तक लीबिया या सऊदी अरब के साथ इस समझौतों को लेकर कोई औपचारिक बयान नहीं दिया है। बांग्लादेश ने भी अभी तक पाकिस्तान के साथ किसी कान्ट्रैक्ट पर साइन नहीं किए हैं। पिछले 10 सालों में कई देशों ने पाकिस्तान का जेएफ-17 थंडर फाइटर जेट खरीदने की इच्छा जताई है। नाइजीरिया, म्यांमार और अजरबैजान के मिलिट्री बेड़े में पहले से ही यह जेट शामिल है। अल-जजीरा के मुता. बिक, इसके पहले पाकिस्तान ने दिसम्बर 2025 में लीबिया के विद्रोही गुट, लीबियाई नेशनल आर्मी (एलएनए) को 4 अरब डालर में एक दर्जन से ज्यादा जेएफ-17 फाइटर जेट बेचने का सौदा किया था। ये पाकिस्तान के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी हथियारों की डील कही जा रही है। रायटर्स की रिपोर्ट में ये भी दावा किया गया है कि पाकिस्तान सूडान के साथ भी 12500 करोड़ रुपए की डिफेंस डील करने वाला है, जिसमें जेएफ-17 फाइटर जेट भी शामिल हैं। पाकिस्तान सरकार के मुताबिक, जेएफ-17 थंडर एक मल्टी-रोल कॉम्बैट एयरक्राफ्ट है, जिसे पाकिस्तान ने चीन के साथ मिलकर जून 2007 में तैयार किया था।



■ पाक सेना ने अभी तक लीबिया या सऊदी अरब के साथ इस समझौतों को लेकर कोई औपचारिक बयान नहीं दिया

### इसके अलावा भी जेएफ-17 फाइटर जेट में कुछ खामियां हैं

**कम पावर वाला इंजनः** विमान में एक ही आरडी-93 इंजन होने की वजह से इसका थ्रस्ट कम है, जिससे भारी हथियार ले जाते समय स्पीड कम हो जाती है।

**ज्यादा हथियार नहीं ले जा सकताः** जेएफ-17 लगभग 3.6 टन हथियार ही ले जा सकता है। यानी ज्यादा हथियार ले जाना हो, तो फ्यूल कम करना पड़ता है।

**एवियोनिक्स सिस्टम कमजोरः** एवियोनिक्स विमान के वह इलेक्ट्रानिक सिस्टम होते हैं जो उसे उड़ाने, रास्ता तय करने और युद्ध लड़ने में मदद करते हैं।

**इलेक्ट्रानिक वारफेयर सिस्टम सामान्यः** इसका जैमिंग और सेंसर सिस्टम की खतरे को पहचानने और विमान की सुरक्षा करने में क्षमता सीमित है।



ईरान। सरकार विरोधी प्रदर्शनों के समर्थन में बर्लिन में एक रैली में भाग लेते लोग।

## रोड्रिग्ज, ट्रम्प ने द्विपक्षीय 'अनसुलझे मुद्दों' पर पहली बार बात की

**मेक्सिको सिटी।** वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से तेल, खनिज, व्यापार और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों पर टेलीफोनिक संवाद करके अपनी सरकारों के बीच 'अनसुलझे मुद्दों' पर चर्चा की। रोड्रिग्ज ने कहा कि उनकी ट्रम्प के साथ लम्बी और सौहार्दपूर्ण माहौल में बात. चीत हुई। उन्होंने कहा कि बातचीत में दोनों देशों के लिए एक सहयोगी एजेंडा के साथ-साथ बकाया द्विपक्षीय मामलों पर ध्यान केंद्रित किया गया। गौरतलब है कि रोड्रिग्ज के 5 जनवरी को वेनेजुएला के राष्ट्रपति का पद संभालने के बाद दोनों नेताओं का यह पहला संवाद है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूक्रेन ने ऊर्जा क्षेत्र में आपातकाल लागू किया

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमिर जेलेंस्की ने रूसी हमलों और खराब मौसम की वजह से देश के ऊर्जा क्षेत्र सेक्टर में आपातकाल लागू करने की घोषणा की है। श्री जेलेंस्की ने बुधवार को टेलीग्राम पर कहा कि इस कदम का मकसद 'बैकअप पावर इक्विपमेंट' को बिजली नेटवर्क से जोड़ने से जुड़ी औपचारिक प्रक्रियाओं को आसान बनाना है। उन्होंने कहा कि उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बिजली आयात बढ़ाने का निर्देश दिया है। इसके अलावा सरकार बहुत ज्यादा ठंड के मौसम में निषेधज्ञा नियमों की समीक्षा करेगी और शिक्षा प्रक्रिया के तरीकों पर विचार करेगी। जेलेंस्की ने बताया कि यूक्रेन की राजधानी कीव, ओडेसा और मध्य यूक्रेन के निप्रोपेट्रोव्स्क क्षेत्र में ऊर्जा की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है।

### उत्तरी कैलिफोर्निया में सड़क हादसे में छह की मौत, एक घायल

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका के उत्तरी कैलिफोर्निया में सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। कैलिफोर्निया की पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना बुधवार को स्थानीय समय के अनुसार सुबह करीब 10 बजे उत्तरी सैक्रामेंटो घाटी के तेहामा काउंटी में घटित हुई, जहां एक पिकअप ट्रक सेंटर लाइन पार करके सामने से आ रही एक बस को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि बस में पांच यात्री और एक चालक सवार थे। टक्कर के बाद बस में आग लग गई और दोनों चालक और चार यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई।

### जापान के होक्काइडो में 5.5 तीव्रता का भूकंप

**बीजिंग।** जापान के होक्काइडो में बुधवार को 5.5 तीव्रता का भूकंप आया। इसमें जान-माल के नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं है। जर्मन भूविज्ञानशोध केंद्र (जीएफजेड) ने यह जानकारी दी है। शोध केन्द्र ने बताया कि शुरू में भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई पर 42.81 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 145.36 डिग्री पूर्व अक्षांश पर था।

# ईरान की ओर बढ़ रहा अमेरिकी वॉरशिप

## रिपोर्टः एयरक्राफ्ट कैरियर यूएस अब्राहम लिंकन भी शामिल, अमेरिका ने वेनेजुएला में हमले से पहले ऐसे ही घेराबंदी की थी

वाशिंगटन। ईरान में जारी सरकार विरोधी प्रदर्शन के बीच अमेरिका ईरान के आस-पास अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ाने की तैयारी में है। अमेरिकी नौसेना का यूएस अब्राहम लिंकन कैरियर स्ट्राइक ग्रुप के साथ साउथ चाइना सी से मिडिल ईस्ट की ओर रवाना हो गया है। यूएस अब्राहम लिंकन अमेरिकी नौसेना का एक न्यूक्लियर-पावर्ड एयरक्राफ्ट कैरियर है। यह दुनिया के सबसे बड़े और सबसे ताकतवर वारशिप में से एक माना जाता है।

अमेरिकी न्यूज वेबसाइट न्यूज नेशन की रिपोर्ट के मुताबिक, ये फैसला ईरानी एयरस्पेस के बंद होने के ठीक एक घंटे बाद लिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, स्ट्राइक ग्रुप को चीन की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए साउथ चाइना सी में तैनात किया था, लेकिन अब इसकी मूवमेंट देखी गई है। इसे मिडिल ईस्ट पहुंचने में करीब एक हफ्ता लग सकता है। हालांकि, अभी तक अमेरिकी अधिकारियों की ओर से इसकी पुष्टि नहीं की गई है। अमेरिका ने वेनेजुएला में भी हमले से पहले इसी तरह तैनाती बढ़ाई थी। यूएस अब्राहम लिंकन ने साउथ चाइना सी में 12 जनवरी को लाइव फायरिंग अभ्यास किया न्यूज नेशन की व्हाइट हाउस संवाददाता केली मेयर ने सूत्रों के हवाले से बताया कि यह ग्रुप अब साउथ चाइना सी से सेंट्रल कमांड क्षेत्र की ओर जा रहा है। जो मिडिल ईस्ट, उत्तर-पूर्वी अफ्रीका, सेंट्रल एशिया और साउथ एशिया के 21 देशों को कवर करता है। फिलहाल मिडिल ईस्ट में कोई अमेरिकी कैरियर स्ट्राइक ग्रुप मौजूद नहीं है। इससे पहले यूएस अब्राहम लिंकन साउथ चाइना सी में रूटीन ऑपरेशन कर रहा था। इसमें एक सुपरकैरियर, 3-6 डिस्ट्रायर्स, 1-2 पनडुब्बियां, 7000-8000 सैनिक और 65-70 विमान (एफ-35, एफ/ए-18 आदि) शामिल हैं। यूएस अब्राहम लिंकन अमेरिका के कैरियर स्ट्राइक ग्रुप-3 (सीएसजी-3) का हिस्सा है, जिसमें एक न्यूक्लियर-पावर्ड एयरक्राफ्ट कैरियर के साथ कई युद्धपोत और पनडुब्बियां शामिल होती हैं। अमेरिकी नेवी की आधिक. ारिक वेबसाइट एपरपैक नेवी के मुताबिक, इस ग्रुप में 1 एयरक्राफ्ट कैरियर यूएस अब्राहम लिंकन के साथ आम तौर पर 3 से 4 गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रायर्स होते हैं, जो एयर डिफेंस, एंटी-सबमरीन और लैंड-अटैक ऑपरेशन कर सकते हैं। इस ग्रुप में 1 क्रूजर भी शामिल किया जाता है, जो आपरेशंस के दौरान कमांड और कंट्रोल का काम करता है। हालांकि पिछले कुछ सालों में क्रूजर की जगह डिस्ट्रायर्स शामिल किए जाने लगे हैं। इसके अलावा इस ग्रुप में 1 से 2 न्यूक्लियर अटैक सबमरीन तैनात रहती हैं, जो दुश्मन के जहाजों और पनडुब्बियों को ट्रैक करने के साथ-साथ 'टोमाहाक' मिसा. इलें दाग सकती हैं। लाजिस्टिक सपोर्ट के लिए सपोर्ट जहाज (जैसे आयलर और सप्लाई शिप) भी साथ चलते हैं। कुल मिलाकर, कैरियर स्ट्राइक ग्रुप-3 1 कैरियर, 3-6 सर्फेस वारशिप, 1-2 पनडुब्बियां और सपोर्ट शिप्स के साथ चलता है। ट्रम्प ने कहा कि ईरान की धार्मिक सरकार गिर सकती है, लेकिन ईरान के आखिरी शाह कहे जाने वाले रेजा पहलवी नई सरकार बनाने जितना समर्थन जुटा पाएंगे, इस पर कुछ कहा नहीं जा सकता।

ट्रम्प ने कहा कि ईरान की मौजूदा सरकार गिरे चाहे न गिरे, ये समय बहुत दिलचस्प होने वाला है। ट्रम्प ने कहा कि उन्हें भरोसा दिलाया गया है कि ईरान की सरकार ने तेजी से मुकदमे चलाने और फांसी देने की योजनाओं को फिलहाल रोक दिया है। ट्रम्प ने कहा कि रेजा पहलवी अच्छे इंसान हैं, लेकिन मुझे नहीं पता कि वह अपने देश में कैसे लौट पाएंगे। मुझे नहीं पता कि उनका अपने देश के लोगों के साथ रिश्ता कैसा है। यह भी नहीं पता कि देश के लोग उनके नेतृत्व को स्वीकार करेंगे या नहीं। अगर वे स्वीकार कर लेते हैं तो मुझे इससे कोई आपत्ति नहीं होगी। अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में अपने कुछ सैन्य अड्डों से कर्मचारियों को निकालना शुरू कर दिया है। रायटर्स के अनुसार, कतर में स्थित अल उदैद एयर बेस (जो मिडिल ईस्ट का सबसे बड़ा अमेरिकी बेस है और करीब 10,000 सैनिक तैनात है) से कुछ कर्मचारियों को बुधवार शाम तक निकालने को कहा गया है।



■ दुनिया के सबसे बड़े और सबसे ताकतवर वारशिप में से एक माना जाता है, अब्राहम लिंकन अमेरिकी न्यूक्लियर-पावर्ड एयरक्राफ्ट

### ईरान ने अपने हवाई क्षेत्र को उड़ानों के लिए बंद किया

**तेहरान।** ईरान ने बुधवार रात को हवाई सफर को लेकर अलर्ट जारी किया, जिसमें देश की पहले से अनुमति वाली अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों को छोड़कर सभी उड़ानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया गया है। नोटिस में कहा गया है कि यह रोक स्थानीय समय अनुसार सुबह 4:00 बजे तक दो घंटे से ज्यादा समय तक लागू रहेगी, लेकिन इसे बढ़ाया भी जा सकता है। ईरान में अमेरिकी वर्चुअल दूतावास ने मंगलवार को अमेरिकी नागरिकों से देश छोड़ने का आग्रह किया था।

# जून में जो गलती की, उसे दोबारा न करे अमेरिका

**तेहरान।** ईरान में जारी विरोध प्रदर्शन के बीच तनाव बना हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हाल ही में एक बयान में प्रदर्शनकारियों का समर्थन करते हुए उनसे विरोध प्रदर्शन जारी रखने की अपील की थी। उन्होंने ये भी कहा मदद आ रही है। इस पोस्ट के बाद कयास लगने लगे कि शायद अमेरिका, ईरान पर हमला कर सकता है। अब इन कयासों के बीच ईरान की सरकार ने चेतावनी दी है कि पिछली गलती न दोहराएं।

माना जा रहा है कि ईरान ने जून 2025 में ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमले से जोड़ते हुए ये बात कही। अमेरिकी मीडिया चैनल फाक्स न्यूज के साथ बातचीत में ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर तीखा हमला बोला। फाक्स न्यूज के होस्ट ब्रेट बेयर ने जब ये सवाल किया कि क्या उनके पास राष्ट्रपति ट्रम्प के लिए कोई संदेश है, जो प्रदर्शनकारियों की मदद के लिए किसी तरह की कार्रवाई पर विचार कर रहे हैं? इस पर ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि मेरा संदेश है कि जून में आपने जो गलती की थी, उसे दोबारा न दोहराएं। आप जानते हैं, अगर आप एक असफल अनुभव को दोहराते हैं, तो आपको वही परिणाम मिलेगा। अब्बास अराघची ने कहा कि आपने जून में हमारे परमाणु केंद्रों पर हमला किया, मशीनों को नष्ट कर दिया, लेकिन तकनीक पर बमबारी नहीं की जा सकती और दृढ़ संकल्पों पर भी बमबारी नहीं की जा सकती। विदेश मंत्री अराघची ने आगे कहा कि ईरान हमेशा बात. चीत और कूटनीति के लिए तैयार रहा है, लेकिन उन्होंने अमेरिका पर इससे बचने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ईरान बातचीत और कूटनीति के लिए तैयार है। हमने पिछले 20 वर्षों में यह साबित किया है, लेकिन यह अमेरिका है जो हमेशा कूटनीति से बचता रहा, जिसने कूटनीति को खत्म किया और युद्ध को चुना। मेरा संदेश है कि युद्ध और कूटनीति के बीच, कूटनीति एक बेहतर तरीका है।



■ अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की धमकी के बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची की चेतावनी

# कनाडा की मांगः भारत गोल्ड चोरी के आरोपी को सौंपे

**ओटावा।** कनाडा ने भारत सरकार से अनुरोध किया है कि 2023 में हुई 400 किलो सोने की चोरी के मामले में मुख्य आरोपी सिमरन प्रीत पनेसर को भारत से कनाडा भेजा जाए। पनेसर पर 2023 में टोरंटो पियर्सन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हुई सोने के चोरी की साजिश रचने का आरोप है।

कनाडाई अधिकारियों का कहना है कि अपराध करने के बाद वह भारत भाग गया। इसके बाद पनेसर के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। 33 साल का पनेसर, पहले एयर कनाडा का कर्मचारी था। पुलिस के मुताबिक, उसने फ्लाइट से शुद्ध सोने की 6600 ईंटें और लगभग 2.5 मिलियन डालर (21 करोड़ रुपये से ज्यादा) की फारेन करेंसी चुराई। सोने का कुल वजन करीब 400 किलो था, जिसकी कीमत 180 करोड़ रुपये थी। अधिकारियों ने कहा कि पनेसर ने एयरलाइन सिस्टम से छेड़छाड़ करके चोरी को संभव बनाया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारतीय अधिकारी इस अनुरोध पर विचार करेंगे और फिर पनेसर को सौंपने का फैसला लेंगे। इस मामले में अर्सलान चौधरी नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने एक आरोपी के भारत में होने का दावा किया था।

■ दो साल पहले 180 करोड़ का 400 किलो सोना चुराया था
■ अपराध करने के बाद वह भारत भाग गयाः कनाडाई अधिकारी

# ब्रिटेन ने अपने नागरिकों को इजरायल की यात्रा नहीं करने की दी हिदायत

**लंदन।** ब्रिटेन ने अपने नागरिकों को इजरायल की यात्रा नहीं करने की सलाह दी है। ब्रिटिश सरकार बुधवार को 'बहुत जरूरी यात्रा' को छोड़कर सभी यात्राओं को लेकर चेतावनी जारी की। सरकार ने इसके पीछे क्षेत्र में बढ़ते तनाव का हवाला दिया है, जिससे यात्रा में रुकावट और दूसरे अप्रत्याशित असर हो सकते हैं। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी यात्रा दिशानिर्देश में कहा गया है कि बिगड़ता सुरक्षा माहौल यात्रियों के लिए जोखिम बढ़ा रहा है और देश के अधिकांश हिस्सों में सावधानी बरतने का आग्रह किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह दिशानिर्देश इजरायल और फिलिस्तीनी क्षेत्रों दोनों पर लागू होगी और इसकी लगातार समीक्षा की जा रही है।

# गोल्डन डोम प्रोजेक्ट के लिए ग्रीनलैंड की जरूरतः अमेरिका

## कुछ न कुछ हल निकालेंगे, ग्रीनलैंड की विदेश मंत्री बोलीः अमेरिका का गुलाम नहीं बनना

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फिर से ग्रीनलैंड को अमेरिका में शामिल करने की अपनी इच्छा दोहराई है। उन्होंने कहा कि कुछ न कुछ हल निकल आएगा। ट्रम्प ने ग्रीनलैंड को गोल्डन डोम नामक बड़े रक्षा प्रोजेक्ट के लिए बहुत महत्वपूर्ण बताया है। गोल्डन डोम अमेरिका का मिसाइल रक्षा प्रोजेक्ट है। यह प्रोजेक्ट इजरायल के आयरन डोम से प्रेरित है।

गोल्डन डोम का मकसद चीन, रूस जैसे देशों से आने वाले खतरे से अमेरिका को बचाना है। ट्रम्प का यह बयान व्हाइट हाउस में अमे. रिका, डेनमार्क और ग्रीनलैंड के अधिकारियों के बीच हुई हाई कमेटी बैठक के बाद आया है। इस बैठक में कोई बड़ा समझौता नहीं हुआ। बैठक के बाद ग्रीनलैंड की विदेश मंत्री विवियन मोट्जफेल्ड ने कहा कि उन्हें अमेरिका के साथ संबंधों को मजबूत करने की उम्मीद है। लेकिन ग्रीनलैंड पर अमेरिका का राज स्वीकार नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ अपने सहयोग को मजबूत करना हमारे लिए ठीक है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम अमेरिका के गुलाम होना चाहते हैं। डेनमार्क और ग्रीनलैंड के विदेश मंत्री व्हाइट हाउस में चल रही बातचीत के निर्धारित समय से डेढ़ घंटे पहले ही छोड़कर निकल गए। उन्होंने आगे कहा कि अगर अमेरिका ने ग्रीनलैंड नहीं लिया, तो रूस या चीन इसे ले लेंगे और वे ऐसा कभी नहीं होने देंगे। ट्रम्प का कहना है कि नाटो को इस मामले में आगे आना चाहिए और अमेरिका को ग्रीनलैंड दिलाने में मदद करनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि ग्रीनलैंड अमेरिका के हाथ में होने से नाटो और ज्यादा मजबूत और प्रभावी हो जाएगा। व्हाइट हाउस में हुई बातचीत में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ डेनमार्क के विद. ेश मंत्री लार्स लोक्के रासमुसेन और ग्रीनलैंड की विदेश मंत्री विवियन मोट्जफेल्ट शामिल हुईं। इस बैठक में कोई बड़ा समझौता नहीं हुआ है। हालांकि, बैठक के बाद तीनों पक्षों ने ग्रीनलैंड से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए एक संयुक्त वर्किंग ग्रुप बनाने पर सहमति जताई, जिसकी बैठकें आने वाले हफ्तों में होंगी। रासमुसेन ने साफ कहा कि अमेरिका के साथ असहमति बनी हुई है। हमारा रुख काफी अलग है। उन्होंने ट्रम्प के ग्रीनलैंड को खरीदने या कब्जा करने के विचार को पूरी तरह अस्वीकार्य बताया। उन्होंने कहा कि हमने बहुत स्पष्ट रूप से कहा है कि यह डेनमार्क के हित में नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देश आर्कटिक में सुरक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए तैयार हैं, जिसमें ग्रीनलैंड में और ज्यादा अमेरिकी सैन्य अड्डे बनाने की संभावना भी शामिल है।



■ गोल्डन डोम अमेरिका का मिसाइल रक्षा प्रोजेक्ट है, यह प्रोजेक्ट इजरायल के आयरन डोम से प्रेरित है

# ट्रम्प पाक सहित 75 देशों के लिए वीजा सर्विस रोकेंगे

## लिस्ट में बांग्लादेश समेत भारत के 6 पड़ोसी, मकसद-अमेरिका आने वाले विदेशियों की संख्या घटे

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने 75 देशों के लिए 21 जनवरी से वीजा जारी करने की पूरी प्रोसेस रोकने का फैसला किया है। इसमें पाकिस्तान और बांग्लादेश समेत भारत के 6 पड़ोसी देश हैं। फाक्स न्यूज के मुता. बिक, यह फैसला अमेरिकी विदेश मंत्रालय के एक मेमो के आधार पर लिया गया है।

इस फैसले का मकसद अमेरिका आने वाले विदेशियों की संख्या कम करना है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने बताया कि अब वह अपनी उस कानूनी शक्ति का इस्तेमाल करेगा, जिसके तहत ऐसे लोगों को वीजा देने से रोका जा सकता है, जिनके बारे में आशंका हो कि वे अमेरिका आकर सरकारी मदद या वेलफेयर योजनाओं पर निर्भर हो सकते हैं। अमेरिकी दूतावासों और कांसुलर अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे वीजा आवेदनों को तब तक खारिज करें, जब तक जांच और सत्यापन की प्रक्रिया की दोबारा समीक्षा नहीं हो जाती। इस रोक को कितने समय तक लागू रखा जाएगा, इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता टामी पिगाट ने कहा कि ट्रम्प प्रशासन अमेरिका की इमिग्रेशन व्यवस्था के गलत इस्तेमाल को खत्म करना चाहता है और उन लोगों को रोकना चाहता है जो अमे. रिकी जनता के पैसे का फायदा उठाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इन 75 देशों के लिए इमिग्रेंट वीजा की प्रक्रिया तब तक रोकी जाएगी, जब तक विदेश मंत्रालय यह दोबारा जांच नहीं कर लेता कि ऐसे लोगों की एंट्री कैसे रोकी जाए जो सरकारी मदद और सार्वजनिक लाभ ले सकते हैं। इस नए फैसले का असर टूरिस्ट, बिजनेस या अन्य अस्थायी वीजा पर नहीं पड़ेगा। इसमें इस साल होने वाले फुटबाल वर्ल्ड कप को देखने आने वाले लोग भी शामिल हैं, हालांकि ट्रम्प प्रशासन ने सभी वीजा आवे. दकों के सोशल मीडिया अकाउंट्स की जांच करने की बात कही है। दुनिया के कई देशों को शामिल करते हुए एक पूरी लिस्ट जारी की गई है। इस लिस्ट में एशिया, अफ्रीका, यूरोप, कैरिबियन और नार्थ-साउथ अमेरिका के देश शामिल हैं। एशिया महाद्वीप के देश- अफगानिस्तान, आर्मेनिया, अजरबैजान, बांग्लादेश, भूटान, बर्मा (म्यांमार), कंबोडिया, ईरान, इराक, जार्डन, कजाकिस्तान, कुवैत, किर्गिस्तान, लाओस, लेबनान, मंगोलिया, नेपाल, पाकिस्तान, सीरिया, थाईलैंड, उज्बेकिस्तान और यमन। अफ्रीका महाद्वीप के देश। अल्जीरिया, कैमरून, केप वर्डे, कोटे डी आइवर, कांगो, मिस्र, इरिट्रिया, इथियोपिया, गैम्बिया, घाना, गिनी, हैती, लाइबेरिया, लीबिया, मोरक्को, नाइजीरिया, कांगो गणराज्य, रवांडा, सेनेगल, सिएरा लियोन, सोमालिया, दक्षिण सूडान, सूडान, तंजानिया, टोगो, ट्यूनीशिया और युगांडा। यूरोप महाद्वीप के देश-रूस, अल्बानिया, बेलारूस, बोस्निया, जार्जिया, कोसोवो, मैसेडोनिया (नार्थ मैसेडोनिया), मोल्दोवा और मोंटेनेग्रो। उत्तर अमेरिका (कैरिबियन सहित) एंटीगुआ और बारबुडा, बहामास, बारबाडोस, बेलीज, क्यूबा, डोमिनिका, ग्रेनाडा, हैती, जमैका, सेंट किट्स और नेविस, सेंट लुसिया, सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइन्स। दक्षिण और सेंट्रल अमेरिकी देश-ब्राजील, कोलंबिया, उरुग्वे, ग्वाटेमाला और निकारागुआ। ट्रम्प गैर यूरोपीय देशों का इमिग्रेशन कम करना चाहते हैं- मास्को

■ जब तक विदेश मंत्रालय यह दोबारा जांच नहीं कर लेता कि ऐसे लोगों की एंट्री कैसे रोकी जाए जो सरकारी मदद और सार्वजनिक लाभ ले सकते हैं

